राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 136 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## थरूर विवाद से केरल कांग्रेस ने बनाई दूरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केरल में कांग्रेस ने रविवार को शशि थरूर द्वारा केंद्र सरकार के आमंत्रण पर बहु-दलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के फैसले के बाद पैदा हुए विवाद से खुद को अलग कर लिया। पार्टी ने स्पष्ट किया कि इस मुद्दे पर टिप्पणी करना पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व का विषय है।

**कांग्रेस सांसद के रूप में अपनी "मुख्य जिम्मेदारी" निभाने की अपील:** विपक्ष के नेता वीडी सतीसन ने एक पत्रकार के सवाल के जवाब में कहा कि शशि थरूर कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य हैं और उनके जैसे नेता पार्टी अनुक्रम में उनसे ऊपर हैं। एक सीडब्ल्यूसी सदस्य का पद काफी अहम होता है। इस विषय पर पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व अपनी राय देगा, और हम वही राय साझा करेंगे। हालांकि, वरिष्ठ कांग्रेस नेता तिरुवंचूर राधाकृष्णन ने थरूर से कांग्रेस सांसद के रूप में अपनी "मुख्य जिम्मेदारी" निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पूर्व संयुक्त राष्ट्र राजनयिक अंतरराष्ट्रीय अवसरों की तलाश कर सकते हैं, लेकिन ऐसा पार्टी नेतृत्व की अनुमति से ही होना चाहिए।

# हैदराबाद में चारमीनार के पास भीषण आग, 8 बच्चों समेत 17 लोगों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**हैदराबाद:** हैदराबाद में रविवार सुबह गुलजार हाउस नामक इमारत भीषण आग की चपेट में आ गयी। ये हादसा इतना गंभीर था कि इसने 17 लोग की जान ले ली, इसमें 8 बच्चों की भी जान चली गई। एक चश्मदीद ने बताया कि आग मुख्य रूप से इमारत के पिछले हिस्से में लगी थी। इस हादसे के चश्मदीद जाहिद ने इमारत में फंसे लोगों को बचाने के लिए स्थानीय लोगों के प्रयासों के बारे में बताया। उन्होंने कहा, "हम मेन गेट से इमारत में दाखिल नहीं हो सकते थे



क्योंकि यह हिस्सा आग की लपटों से घिरी हुई थी, इसलिए हमने अंदर जाने के लिए शटर तोड़ दिया। फिर हम में से पांच से छह लोग दीवार तोड़कर पहली मंजिल में घुसे। लेकिन पूरी जगह आग की लपटों में घिर चुकी थी। पुलिस और दमकलकर्मियों ने अच्छा काम किया और पूरा सहयोग किया। लेकिन भीषण आग के कारण हम लोगों को नहीं बचा सके।"

**'आग इतनी भीषण थी की...'**
उन्होंने कहा, "आग मुख्य रूप से घर के पीछे लगी थी और वहां तक पहुंचने के लिए कोई पिछला दरवाजा नहीं था... सभी मृतक एक ही परिवार के सदस्य थे... हां, दमकल गाड़ियां थोड़ी देर से पहुंचीं, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि वह (दमकल कर्मी) पहली मंजिल तक नहीं पहुंच सके।"

### मृतकों की लिस्ट में कई बच्चों का भी नाम

**तेलंगाना** अग्नि आपदा प्रतिक्रिया आपातकालीन और नागरिक सुरक्षा द्वारा जारी 17 मृतकों की लिस्ट में 10 वर्ष से कम उम्र के आठ बच्चों के नाम शामिल हैं। सूची में सबसे कम उम्र के बच्चे की पहचान प्रथन (1.5 वर्ष) के रूप में हुई है। सात अन्य बच्चों की पहचान हमी (7), प्रियांश (4), इराज (2), आरुषि (3), ऋषभ (4), अनुयान (3) और इद्दू (4) के तौर पर हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह आग में हुई जानमाल की हानि से "बहुत दुखी" हैं और उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

### दर्दनाक हादसा

- नागरिक सुरक्षा द्वारा जारी 17 मृतकों की लिस्ट में 10 वर्ष से कम उम्र के आठ बच्चों के नाम शामिल

## फास्ट न्यूज

### पुंछ में आतंकी नेटवर्क पर शिकंजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पुंछ:** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को सीमावर्ती जिले पुंछ में आतंकी नेटवर्क को खत्म करने के इरादे से कई जगहों पर छापा मारे। करीब डेढ़ दर्जन जगहों पर छापे मारे गए, जिनमें ज्यादातर पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से सक्रिय आतंकवादियों के ओवरग्राउंड वर्करों और रिश्तेदारों के घरों को निशाना बनाया गया। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी के दौरान कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए, जो कुछ जगहों पर अभी भी जारी हैं। हालांकि, वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व वाली टीमों द्वारा किए गए ऑपरेशन के दौरान किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया।

### मणिपुर में 350 से अधिक उग्रवादी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने 350 से अधिक उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। ये उग्रवादी वैवाहिक विवादों को सुलझाने के लिए जबरन वसूली कर रहे थे। एक अधिकारी ने बताया कि इन उग्रवादियों को फरवरी में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद पकड़ा गया था। प्रशासन ने लोगों को से कहा है कि जबरन वसूली के किसी भी मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उग्रवादियों की सहायता करने वालों को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। ये गिरोह पारिवारिक झगड़े और वैवाहिक विवाद सुलझाते हैं और इसके बदले एक कीमत चुकानी पड़ती है।

**टेक्नोलॉजी का कर रहे दुरुपयोग**
हाल ही में पुलिस ने इंफाल ईस्ट से टाइगर नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। बाद में उसकी पहचान यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट से जुड़े लैशराम रमेश सिंह के रूप में हुई। उस पर सरकारी अधिकारियों को डरा-धमका कर वसूली करने का आरोप है। पूछताछ में उसने अपना गुनाह कबूल किया है। वसूली के लिए वह तकनीक का दुरुपयोग करते थे। उग्रवादी दूसरे राज्यों से फर्जी दस्तावेज के आधार पर सिम हासिल कर लेते थे। इसके बाद उनके व्हाट्सएप और टेलीग्राम बनाया जाता था। इसके जरिए पीड़ितों को कॉल कर कोड बताया जाता था और कहा जाता था कि ऐसा ही कोड दिखाने वाले व्यक्ति को पैसे दे दिए जाएं। बता दें कि इस साल फरवरी में एन. बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया गया था।

- ऑपरेशन सिंदूर और विकास को एक साथ शोकेस करेगी मोदी सरकार, विपक्ष को जवाब देने की रणनीति तैयार, जनता के बीच सीजफायर को लेकर कोई भ्रम पैदा न कर सके विपक्ष, सरकार विपक्ष को लेकर तैयार

# पीओके वापस लेना मोदी सरकार के एजेंडे में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** जातिवार जनगणना पर महीनों से चल रही सियासी कबड्डी के बीच ऑपरेशन सिंदूर ने फिलहाल तो देश और राजनीति का मूड-मिजाज पूरी तरह बदल दिया है। यही कारण है कि भाजपा देशभर में तिरंगा यात्रा निकाल रही है तो कांग्रेस जय हिंद सभा करने जा रही है। इस बीच मोदी सरकार भी पूरी तरह तैयार है। वह विकसित भारत के संकल्प को लेकर अपनी सभी राज्यों के साथ एकजुट प्रतिबद्धता जताते हुए तमाम योजनाओं की प्रगति के सहारे विकास का शोकेस दिखाना चाहती है तो साथ ही ऑपरेशन सिंदूर के सार्थक परिणामों को विमर्श में लाकर राष्ट्रवाद की झांकी दिखाने का भी प्रयास है।

**'पीओके को वापस लेना बाकी'**
सरकार का मानना है कि , 'कश्मीर पर भारत की नीति बहुत ही स्पष्ट है। कश्मीर को लेकर सिर्फ एक ही मुद्दा लंबित है और वह है पीओके को वापस लेना। अगर पाक को अनधिकृत तरीके से कब्जे में रखे गये कश्मीर को लौटाना है तो वह सीधे हमें कर सकते हैं। इसके लिए किसी और से बात करने की जरूरत नहीं है।'

**विपक्ष इन मुद्दों को दे रहा तूल**
ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का राजनीतिक प्रभाव क्या होगा, यह भविष्य तय करेगा। मगर, इसमें संभवतः किसी भी दल को संदेह नहीं है कि पाकिस्तान और उसके संरक्षण में पल रहे आतंकियों पर प्रहार कर भारतीय सेनाओं ने जोश-जुनून और भावनाओं का ऐसा ज्वार उठा दिया है, जिसमें सारा देश डूबा दिखाई दे रहा है। इसके सहारे राष्ट्रवाद की लहर उठी है तो लहरकाट के प्रयासों में लगा विपक्ष सीजफायर में अमेरिकी हस्तक्षेप जैसे मुद्दों को तूल देना चाहता है।



### 'ऑपरेशन सिंदूर पार्ट-2' के लिए तैयार था भारत

*टीम एक्शन इंडिया*
***नई दिल्ली।*** *भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान और पीओके में आतंकियों के 9 ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत कार्रवाई कर उन्हें ध्वस्त कर दिया। इससे बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन्स और मिसाइल से हमला करने की कोशिश की थी, लेकिन भारतीय डिफेंस सिस्टम ने सभी ड्रोन्स और मिसाइल को नष्ट कर दिया।*



*भारत और पाकिस्तान के बीच करीब चार दिनों तक चले सैन्य टकराव के बाद दोनों देशों ने सीजफायर पर सहमति जताई। लेकिन, तब तक पाकिस्तान को बड़ा नुकसान पहुंच चुका था। भारत ने अपने ड्रोन्स और मिसाइलों से पाकिस्तान के 11 एयरबेसों को बुरी तरह से तबाह कर दिया, जिसके सबूत पब्लिक डोमेन पर उपलब्ध हैं। भारत ने नूर खान एअरबेस पर मिसाइलों से हमला किया।*

### जनता के बीच सीजफायर को लेकर कोई भ्रम पैदा न हो

*सरकार चाहती है कि जनता के बीच सीजफायर को लेकर कोई भ्रम पैदा न किया जा सके। यह संदेश देने का प्रयास भी किया जा सकता है कि भारत की लड़ाई आतंकवाद के विरुद्ध है और उसका निरंतर मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। साथ ही पीओके वापस लेना भी सरकार के एजेंडे में है, लेकिन युद्ध को लेकर अतिरेक की जिस भावना को कुछ विपक्षी दल उकसाना चाहते हैं, वह किसी भी राष्ट्र के विकास के लक्ष्यों को प्रभावित कर सकती है। ध्यान रहे कि पीएम की इस प्रस्तावित बैठक को लेकर सरकार की ओर से कोई अधिकृत जानकारी अभी नहीं दी गई है, लेकिन कांग्रेस महासचिव रमेश ने ही ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एनडीए के मुख्यमंत्रियों के साथ पीएम की प्रस्तावित बैठक का दावा कर इस पर आपत्ति जताई है।*

### पाकिस्तान ने किया आत्मसमर्पण

**पाकिस्तान** *के आत्मसमर्पण का पता तब चला जब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और ठरअ अजीत डोभाल से बात कर सीजफायर के लिए प्रयास किए। 10 मई की सुबह ही भारतीय मिसाइलों ने नूर खान एअरबेस पर भारी तबाही मचाई थी। इसके बाद पाकिस्तान के डीजीएमओ ने सुबह 10.38 बजे फोन कर कराची नौसैनिक बंदरगाह पर ब्रह्मोस मिसाइल हमले की खुफिया जानकारी होने का दावा किया था। हालांकि, इस दौरान पाकिस्तानी डीजीएमओ ने जवाबी कार्रवाई की धमकी देने की कोशिश की, लेकिन भारतीय पक्ष बेफिक्र रहा और पूरी तरह से टकराव के लिए तैयार रहा।*



हरियाणा के सोनीपत में गुरु गोरखनाथ जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

## 'सुप्रीम' फैसले पर राष्ट्रपति के सवालों से स्टालिन नाराज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चेन्नई:** तमिलनाडु बनाम राज्यपाल मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सवाल उठाए हैं। इसे लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने नाराजगी जताई है। अब सीएम स्टालिन ने गैर भाजपा शासित राज्यों के सीएम को पत्र लिखा है। सीएम स्टालिन ने पत्र में लिखा है कि राष्ट्रपति ने केंद्र सरकार की सलाह पर संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट के सलाहकार अधिकार का उपयोग करते हुए 13 मई 2025 को 14 प्रश्न उठाए हैं। इसमे किसी राज्य या फैसले का जिक्र नहीं है, लेकिन यह साफ है कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट द्वारा तमिलनाडु राज्य बनाम राज्यपाल के मामले में की टिप्पणियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने लिखा कि तमिलनाडु के संबंध में आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला केवल मेरे ही नहीं बल्कि सभी राज्यों के लिए अहम है।

## पाक को ऐसा सबक सिखाएंगे कि इनकी पीढ़ियां याद रखेंगी: सेना



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की तबाही को 8 दिन बीत चुके हैं, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर का खौफ आज भी पाकिस्तान के जहन में देखने को मिलता है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री से लेकर सेना के अधिकारी अक्सर ऑपरेशन सिंदूर की बात करते नजर आते हैं। वहीं अब भारतीय सेना ने भी साफ कर दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी हमले का बदला नहीं बल्कि न्याय था। भारतीय सेना की पश्चिमी कमांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में पाकिस्तान पर सेना की कार्रवाई की झलक साफ देखी जा सकती है। इस 54 सेकेंड के वीडियो की शुरूआत पश्चिमी कमांड के लोगो से होती है। जिसके बाद कुछ सैनिक अटैक मोड में नजर आते हैं।

### पाक में खौफ

- भारतीय सेना ने जारी किया ऑपरेशन सिंदूर का नया वीडियो, वीडियो में ऑपरेशन सिंदूर की दिखी झलक

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने किए आदि कैलाश के दर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून:** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने दोपहर आदि कैलाश और पार्वती कुंड के दर्शन के बाद कैलाशवासी भगवान शिव के मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता विद्यमान है। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा ने आदि कैलाश की आध्यात्मिक महत्ता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया है। अपने दो दिवसीय प्रवास पर उत्तराखंड पहुंचे नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदि कैलाश के पवित्र क्षेत्र के भ्रमण के पश्चात, इस क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की आवाजाही में वृद्धि हुई है।

## जनगणना के साथ पहली बार होने जा रही जातिवार गणना की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जनगणना के साथ देश में पहली बार होने जा रही जातिवार गणना को लेकर सरकार ने तैयारी तेज की है। माना जा रहा है कि यह सितंबर से शुरू हो जाएगी।

**जातियों से जुड़ी जानकारी जुटाई जा रही**
इस बीच सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के साथ मिलकर इसके लिए नियम-कायदों की तैयारी शुरू हो गई है। जिसमें एससी व एसटी के साथ ही ओबीसी के आरक्षण से जुड़े नियमों और उनमें शामिल जातियों से जुड़ी जानकारी जुटाई जा रही है।



**जातिवार गणना का मुद्दा बेहद ही संवेदनशील**
मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक जातिवार गणना का मुद्दा बेहद ही संवेदनशील है, इसलिए सरकार इसे लेकर पूरी सतर्क है। इससे लिए वह एक दिशा-निर्देश भी तैयार करने की तैयारी में है, ताकि गणना से जुड़े अमले को इसे जुटाने में किसी स्तर पर कोई दिक्कत न हो। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान उन जातियों पर ज्यादा फोकस किया गया है जिन्हें लेकर पहले से कुछ विवाद चल रहे है। जैसे नाई, दर्जी जैसी जातियां है। यह दोनों ही जातियां मौजूदा समय में हिंदू और मुस्लिम दोनों में पाई जाती है। लेकिन मौजूदा आरक्षण की सूची में सिर्फ नाई या दर्जी ही दर्ज है। ऐसे में इनकी पहचान करने में काफी मुश्किल देखने को मिलती है। केंद्रीय सूची में ही ओबीसी की करीब 26 सौ जातियां है।

### संवेदनशील

- नियम-कायदे तैयार करने में जुटी सरकार, मंत्रालय के साथ मिलकर नियम-कायदे तैयार करने में जुटी

## कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए नाथूला में तैयारी अंतिम चरण में



**टीम एक्शन इंडिया**
**नाथुला पास:** कोविड-19 महामारी के चलते 2019 में बंद हुई कैलाश-मानसरोवर यात्रा अगले महीने से नाथुला के रास्ते फिर होने जा रही है। यात्रा को लेकर खास उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं यात्रा को लेकर तैयारियां भी जोरों पर हैं। इस बाबत सिक्किम में भारत-चीन सीमा पर यात्रा का मार्ग दुरुस्त किया जा रहा है। यहां तैयारियां अंतिम चरणों में है। इसमें बुनियादी ढांचे का विकास भी शामिल है। नाथुला में जारी निर्माण कार्यों के श्रम प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि मार्ग के किनारे दो अनुकूलन केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

**विकासात्मक कार्य** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 152 करोड़ 87 लाख रुपये लागत की 30 परियोजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

# महेंद्रगढ़वासियों को मिली करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**
महेंद्रगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महेंद्रगढ़वासियों को विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए 152 करोड़ 87 लाख 92 हजार रुपये लागत की 30 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 81 करोड़ 49 लाख 30 हजार रुपये की लागत की 15 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 71 करोड़ 38 लाख 62 हजार रुपये लागत की 15 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। महेंद्रगढ़ विधानसभा में आयोजित जनसभा के दौरान



मुख्यमंत्री ने घोषणाओं का पिटारा खोलते हुए कहा कि जिन किसानों ने ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए पैसे जमा करवा रखे हैं, ऐसे 1450 नलकूप कनेक?शनों को अगले 3 महीने में जारी किया जाएगा। इसके अलावा, 2023 तक जिन किसानों ने ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए आवेदन किया है, वे भी जल्द पैसे जमा करवा दें, उनके कनेक्शन भी जल्द जारी कर दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने महेंद्रगढ़ विधानसभा में एक नई अनाज मंडी बनाने की भी घोषणा की।

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि किसी भी गांव में जमीन उपलब्ध होने पर गौ-अभ्यारण्य बनाया जाएगा। साथ ही, गांव उस्मापुर, बारड़ा, खातौद या जड़वा में जमीन उपलब्ध करवाने पर पशु औषधालय और पशु चिकित्सालय बनाया जाएगा, इसके लिए उन्होंने 1 करोड़ 51 लाख रुपये की घोषणा की। इसके अलावा, गांव डीगरोता के पशु औषधालय को 40 लाख रुपये की लागत से पशु चिकित्सालय में अपग्रेड किया जाएगा। साथ ही, वीएलडीए कॉलेज की फिजिबिलिटी चैक करवाकर इस कार्य को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव आकोदा में बिजली का सब-डिविजन स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा, मकानों के ऊपर से गुजरने वाली हाईटेंशन लाइनों को हटाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने 3 करोड़ रुपये की राशि देने की घोषणा की।

### खोला पिटारा

- मुख्यमंत्री ने रैली में खोला घोषणाओं का पिटारा, 1450 किसानों के ट्यूबवेल कनेक्शन 3 महीने में होंगे जारी

# भारत का संविधान सर्वोच्च है: सीजेआई

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई:** प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने संविधान के सम्मान पर जोर दिया। बार काउंसिल महाराष्ट्र और गोवा की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह और अधिवक्ता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि न तो न्यायपालिका और न ही कार्यपालिका, बल्कि भारत का संविधान सर्वोच्च है और इसके स्तंभों को मिलकर काम करना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मुझे खुशी है कि देश न केवल मजबूत हुआ है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक मोर्चों पर भी विकसित हुआ है और ऐसा करना जारी है। भारत का संविधान सर्वोच्च है और तीनों अंगों को संविधान के अनुसार काम करना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश का बुनियादी ढांचा मजबूत है और संविधान के तीनों स्तंभ समान हैं। संविधान के सभी अंगों को एक-दूसरे के प्रति उचित सम्मान प्रदर्शित करना चाहिए। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति गवई द्वारा सुनाए गए 50 उल्लेखनीय निर्णयों पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन किया गया।



**14 मई को संभाला कार्यभार**
जस्टिस बीआर गवई 14 मई को भारत के प्रधान न्यायाधीश बने हैं। जस्टिस गवई का कार्यकाल छह महीने का होगा। वह 23 दिसंबर को सेवानिवृत्त होंगे। जस्टिस बीआर गवई साल 2016 में नोटबंदी को लेकर दिए गए फैसले का हिस्सा रहे। जिसमें कहा गया था कि सरकार को करेंसी को अवैध घोषित करने का अधिकार है। इसके अलावा जस्टिस गवई बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ दिए आदेश का भी हिस्सा रहे और इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर फैसला देने वाली पीठ का भी हिस्सा रहे। जस्टिस गवई का जन्म 24 नवंबर 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में हुआ था।

# बाइकर्स को जीरो प्वाइंट पर बैरिकेड लगाकर रोकने के बाद लौटाया

टीम एक्शन इंडिया
**ग्रेटर नोएडा :** दिल्ली-एनसकआर के विभिन्न इलाकों से चलकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे होकर यमुना एक्सप्रेसवे पर रेसिंग करने जा रहे बाइकर्स को पुलिस ने रविवार सुबह करीब छह बजे जीरो प्वाइंट पर रोक दिया। सभी 40 बाइकर्स को वापस भेजा गया। हालांकि, बाइकर्स ने इसका विरोध किया, लेकिन पुलिस ने इजाजत नहीं दी। बाइकर्स के कारण एक्सप्रेसवे पर हादसा होने का खतरा रहता है। हर सप्ताह सुबह के समय कई युवा रफ्तार का रोमांच लेने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे पर पहुंचते हैं। महंगी सुपरबाइक्स और तेज



गति से दौड़ते इन बाइकर्स की वजह से हाईवे पर गंभीर हादसे की आशंका बनी रहती है। पूर्व भी ट्रैफिक पुलिस को इस प्रवृत्ति की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। जिसके बाद प्रत्येक रविवार को पुलिस चेकिंग कर कार्रवाई करती है। इसी के मद्देनजर रविवार सुबह जीरो प्वाइंट पर

**शिकायत**

**40 बाइकर्स को वापस भेजा गया। बाइकर्स ने इसका विरोध किया, लेकिन पुलिस ने इजाजत नहीं दी।**

ट्रैफिक इंस्पेक्टर प्रफुल्ल श्रीवास्तव ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। बैरिकेडिंग कर सभी संदिग्ध बाइकर्स को रोका गया और आवश्यक पूछताछ की गई। जिन बाइकर्स के पास वाहन के कागजात या ड्राइविंग लाइसेंस नहीं मिले, उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। 40 से अधिक बाइकर्स जानकारी होने पर ही पहले ही सर्विस लेन से वापस दिल्ली की ओर लौट गए। पुलिस अधिकारियों ने बाइकर्स से अपील की है कि वह सार्वजनिक सड़कों को रेस ट्रैक न समझें। तेज रफ्तार का शौक न केवल उनकी जान के लिए बल्कि अन्य यात्रियों के लिए खतरा बनता है। ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि एक्सप्रेसवे पर बाइक चलाने पर कोई अपराध नहीं है। जो वाहन तेज गति से चलते हैं उनका कैमरे के जरिये चालान किया जाता है। जो लोग हाई स्पीड बाइक से आते हैं उन्हें कई लोग प्रशासनिक अधिकारी और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता होते हैं।

# काला आम मंडल द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन



टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**भारतीय** सेना द्वारा हाल ही में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के बाद पूरे देश में देशभक्ति की लहर दौड़ पड़ी है। इस ऐतिहासिक सैन्य कार्रवाई में भारतीय सेना ने पहलगाम में धर्म पूछ कर निर्दोष भारतीयों की हत्या का बदला लेते हुए पाकिस्तान में आतंकवाद के अड्डों को ध्वस्त कर दिया। इसी उपलक्ष्य में आज पानीपत ग्रामीण विधानसभा के काला आम मंडल की ओर से सनोली रोड, पानीपत में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम् और भारतीय सेना अमर रहे के नारों के साथ देशभक्ति का अद्भुत नजारा पेश किया। इस अवसर पर हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के बड़े भाई व समाजसेवी श्री हरपाल ढांडा विशेष रूप से उपस्थित रहे। हरपाल ढांडा ने सनौली रोड पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से एक बार फिर सिद्ध कर

**देशभक्ति**

**सेना ने पहलगाम में धर्म पूछ कर निर्दोष भारतीयों की हत्या का बदला लेते हुए आतंकवाद के अड्डों को ध्वस्त किया**

दिया है कि भारत की ओर उठी हर नापाक नजर का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पहलगाम में आतंकवादियों ने धर्म पूछकर निर्दोष नागरिकों की हत्या की थी, उसका बदला भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर लिया। 100 किलोमीटर अंदर तक जाकर आतंकवाद की उन फैक्ट्रियों को नष्ट कर दिया गया, जहां हर दिन भारत विरोधी आतंकवादी तैयार किए जा रहे थे। हरपाल ढांडा ने कहा कि पूरे देश में इस अभूतपूर्व सैन्य कार्रवाई की सफलता पर गर्व की लहर है और जगह-जगह तिरंगा यात्राओं के माध्यम से भारतीय सेना के वीर जवानों को नमन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा में लगे हर सैनिक को भारतवासी सिर झुका कर प्रणाम करते हैं।

# टोल टैक्स बचाने के लिए पुलिस का फर्जी पहचान पत्र लेकर घूम रहा था युवक, पुलिस ने किया गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
**ग्रेटर नोएडा :** सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने टोल टैक्स बचाने के लिए फर्जी पुलिस पहचान पत्र के साथ घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पक्षी विहार गांव देवला निवासी राहुल सिंह (26) के रूप में हुई है। आरोपी ने खुद को उत्तर प्रदेश पुलिस का उपनिरीक्षक बताकर टोल टैक्स से बचने का प्रयास किया था। आरोपी के पास से फर्जी पुलिस आईडी कार्ड, आधार कार्ड तथा एक वैगनार कार बरामद हुआ है। एसीपी सेंट्रल नोएडा बीएस वीर का कहना है कि रविवार को सूरजपुर पुलिस ने कलेक्ट्रेट सूरजपुर के सामने परी चौक की ओर जाने वाले सर्विस रोड से राहुल सिंह सिसौदिया नामक युवक को पकड़ा। पूछताछ में सामने आया कि राहुल सिंह ने




राहुल राना नाम से एक फर्जी पुलिस पहचान पत्र बनवाया था। इसका इस्तेमाल 17 मई को जेवर टोल प्लाजा पर बिना टोल शुल्क दिए निकलने के लिए किया था। टोल प्लाजा कर्मचारियों से जानकारी लेने पर पुष्टि हुई कि आरोपी ने खुद को पुलिस विभाग का अधिकारी बताते हुए टोल टैक्स नहीं दिया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के पास से वह फर्जी पहचान पत्र, एक कूटरचित आधार कार्ड और टोल टैक्स से बचने में प्रयुक्त वैग्नार कार बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा-318 (धोखाधड़ी), धारा-338 जानबूझकर नकली दस्तावेज

**काबू**

**इसका इस्तेमाल 17 मई को जेवर टोल प्लाजा पर बिना टोल शुल्क दिए निकलने के लिए किया था**

बनाना व उसका इस्तेमाल करना, धारा-336 (4) धारा-340 (2) जालसाजी, बेईमानी से किसी जाली दस्तावेज या इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को असली के रूप में उपयोग करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज न्यायिक हिरासत में भेजा है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कहीं इस फर्जी पहचान पत्र का इस्तेमाल किसी अन्य आपराधिक गतिविधि में तो नहीं किया गया।

## सड़क हादसे में दो ट्रक चालकों की दर्दनाक मौत

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा।** कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे पर मंडोरा गांव के पास हुए सड़क हादसे में दो ट्रक चालकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा शनिवार देर रात हुआ, जब एक अज्ञात वाहन ने पीछे से ट्रक को टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान अभिषेक और प्रिंस के रूप में हुई है, जो कुंडली ट्रांसपोर्ट कंपनी के ट्रक चालक थे। उनके साथी मनीष पांडे ने बताया कि वे तीनों धारूहेड़ा के लिए सामान लेकर निकले थे। अभिषेक और प्रिंस पहले निकल गए थे।

# बुजुर्ग को फ्लैट दिलाने के नाम पर 7.5 लाख की ठगी

टीम एक्शन इंडिया
**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट निवासी एक बुजुर्ग ने इन्वेस्टर्स क्लिनिक इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के एसोसिएट डायरेक्टर पर फ्लैट दिलाने के नाम पर 7.5 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाया है। बिसरख कोतवाली पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। सुपरटेक ईको विलेज निवासी 77 वर्षीय रमेश कुमार कक्कड़ का कहना है कि जुलाई 2024 में ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-4 स्थित बुलेवार्ड वॉक में एक रियल एस्टेट इवेंट में अपने बेटे और भाई के साथ पहुंचे थे। जहां उनकी मुलाकात रितुल शर्मा नामक व्यक्ति से हुई थी। रितुल ने खुद को इन्वेस्टर्स क्लिनिक का

**मुकदमा**

**ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-4 स्थित बुलेवार्ड वॉक में एक रियल एस्टेट इवेंट में अपने बेटे और भाई के साथ पहुंचे थे**

वरिष्ठ अधिकारी बताया और एक फ्लैट दिलाने का भरोसा दिया। शुरूआत में कक्कड़ से 1 लाख रुपये टू एक्मे प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर ट्रांसफर करवाए गए। जिसे रितुल ने इन्वेस्टर्स क्लिनिक की सिस्टर कंसर्न बताया। इसके बाद 26 अगस्त को 6.5 लाख रुपये और ट्रांसफर कराए गए। पीड़ित का आरोप है कि रितुल ने फ्लैट की जगह उन्हें किराये के मकान में शिफ्ट करने की कोशिश की। जिससे उन्हें शक हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। बाद में पता चला कि टू एक्मे प्राइवेट लिमिटेड रितुल शर्मा और उसकी पत्नी ज्योति शर्मा की निजी कंपनी है। पीड़ित के भाई द्वारा इन्वेस्टर्स क्लिनिक के हेड ऑफिस में शिकायत करने पर 25 नवंबर को एक मीटिंग बुलाई गई थी। जिसमें रितुल ने अपनी गलती स्वीकार की और 7.5 लाख रुपये का चेक अगले दिन देने का वादा किया, लेकिन वह वादा आज तक पूरा नहीं हुआ। सात महीने बीत जाने के बाद भी न फ्लैट मिला, न ही पैसे वापस हुए।

# स्वर्गधाम में निर्माण सामग्री गुणवत्ता ठीक नहीं होने का मामला पहुँचा चेयरमैन के पास

**आपत्ति**

**स्वर्गधाम की देखरेख करने वाली समिति के सदस्यों ने निर्माण सामग्री के गुणवत्ता ठीक नहीं होने की बात कहते हुए आपत्ति जताई**

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा** शहर के स्वर्गधाम में इन दिनों नगरपालिका की तरफ से शेड़ का निर्माण किया जा रहा है। जिस पर
मामला नपा अध्यक्ष हीरा लाल इंदौरा के पास पहुंचा तो उन्होंने मामले की जांच कराने की बात कही है। आपको बतादे कि खरखौदा के शमशान घाट में जहां पर अंतिम संस्कार किया जाता है, उनके ऊपर बने कंक्रीट के शेड़ जर्जर हो चुके थे।जिस पर



नगरपालिका की तरफ से उन्हें हटाकर लोहे का शेड़ बनाय जा रहा है। शमशान घाट की देखरेख करने वाली समिति की तरफ से इस निर्माण कार्य पर अपनी आपत्ति दर्ज करते हुए नपा अध्यक्ष हीरा लाल इंदौरान को शिकायत की गई है। समिति सदस्यों का कहना है कि शेड़ की एक तरफ ऊंचाई कम है वहीं जो पाइप शेड़ खड़ा करने में प्रयोग किए जा रहे हैं वह भी उन्हें गुणवत्ता के हिसाब से ठीक नहीं लग रहे हैं। ऐसे में इसकी जांच की जानी चाहिए। मामले में नपा अध्यक्ष हीरा लाल इंदौरा का कहना है कि शिकायत पर वह शमशान घाट जाकर आए हैं, वहीं नपा अधिकारियों को भी कहा गया है कि वह ठेकेदार को भी बुलाए और निर्माण कार्य को लेकर रिपोर्ट उन्हें प्रस्तुत करे, वह मामले की जांच करवाएंगे।

## न्यूज फ्लैश

### स्वास्थ्य विभाग में तैनात कर्मचारी के घर से हजारों रुपये की राशि व जेवरात चोरी

**सोनीपत:** सदर थाना क्षेत्र के कलावती विहार स्थित मकान से हजारों रुपये की राशि व आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। स्वास्थ्य विभाग में तैनात महिला कर्मचारी ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। कलावती विहार निवासी चटिया ने बताया कि वह स्वास्थ्य विभाग में कार्य करती है। वह सुबह ड्यूटी पर चली गई थी। बाद में उनके पति और बेटा भी बाहर चले गए। दोपहर को उनके पति प्रदीप घर लौटे तो कमरों के ताले टूटे हुए थे। अंदर जाकर जांच की तो अलमारी में रखे 55 हजार रुपये, गले का चांदी का सेट, नोज पीन, नाक की बाली, सोने की कानों की दो बाली भी गायब थी। जांच की तो पता चला कि चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुआ था। शिकायत पर थाना सदर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी सुभाष चंद ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द से चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### बस में सफर कर रही महिला के गले से सोने की चेन व रुपये चोरी

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में बस में सफर कर रही महिला की सोने की चेन व रुपये चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। सरस्वती विहार निवासी रोहित ने बताया कि उसकी पत्नी अपनी बहन और बच्चे के साथ बस में दिल्ली जा रही। उनके पास ट्रेवल बैग था। बस में भीड़ होने के चलते एक व्यक्ति ने मदद के बहाने से उनका ट्रेवल बैग लेकर पीछे रख दिया। थोड़ी देर बाद जब उनकी पत्नी ने बैग वापस मांगा तो व्यक्ति बहालगढ़ पुल के पास जल्दी से उतर गया। उनकी पत्नी ने बैग चेक किया तो उसके अंदर रखा पर्स गायब मिला। पर्स में दो तोले सोने की चेन और चार हजार रुपये थे। शक है कि व्यक्ति के मदद के बहाने बैग पीछे रखवा कर पर्स चोरी किया है। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। जांच अधिकारी जयभगवान ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### कार की चपेट में आने से युवक की मौत

**सोनीपत:** कुंडली थाना क्षेत्र में फैक्ट्री से वापस लौट रहे युवक को तेज रफ्तार कार ने चपेट में ले लिया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उत्तर प्रदेश के जिला कासगंज निवासी ओमकर मौर्या ने बताया कि व परिवार के साथ छह साल से कुंडली कॉलोनी में रहता है। वह निजी कंपनी में नौकरी करता है। उसका लड़का सौरभ व गौरव कंपनी से काम खत्म करके वापस आ रहे थे। वापस आते समय सौरभ ड्रेन नंबर आठ के पास सड़क पार करने लगा। एक तेज रफ्तार कार ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में तेज रफ्तार कार ने सौरव को सीधी टक्कर मार दी।
सौरव के भाई गौरव ने उसे संभाला। हादसे में सौरव की मौके पर ही मौत हो गई। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी एसआई महेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः 1. **हबीब, पुत्रः श्री मुनीर, निवासीः ई/3179, जेजे कॉलोनी, बवाना, दिल्ली** और 2. **कृष्ण, पुत्रः श्री राधे श्याम, निवासीः ई/3179, जेजे कॉलोनी, बवाना, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.308/2019 Dt.14.10.2019 U/S 25/54/59 शस्त्र अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना क्राइम ब्रांच, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **हबीब और कृष्ण** नहीं मिले या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **हबीब और कृष्ण** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.308/2019 Dt.14.10.2019 U/S 25/54/59 शस्त्र अधिनियम, थाना क्राइम ब्रांच, दिल्ली** के अभियुक्त **हबीब और कृष्ण** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **26.06.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार सुश्री रूबी नीरज कुमार
एलडी. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, उत्तरी जिला,
कमरा नं. 115, रोहिणी न्यायालय, नई दिल्ली

DP/6169/Crime/2025
(अदालती मामला)

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हू व संबंध विच्छेद करता हू।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**

# मंत्री ने लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए

हम अस्पतालों की सूची भी उपलब्ध करा रहे हैं ताकि वे उन अस्पतालों में जाकर इसका लाभ उठा सकेंः आशीष सूद

**लाभ उठाएं**

**आयुष्मान कार्ड का वितरण मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किया गया था। हमने अब तक हजारों लोगों के कार्ड बनाए हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में मंत्री आशीष सूद ने रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र जनकपुरी में आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड का वितरण मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किया गया था। हमने अब तक हजारों लोगों के कार्ड बनाए हैं। इसके साथ ही हम अस्पतालों की सूची भी उपलब्ध करा रहे हैं ताकि वे उन अस्पतालों में जाकर इसका लाभ उठा सकें। हम उन्हें इसके बारे में जागरूक भी कर रहे हैं। मंत्री ने बताया कि हम एक छोटा सा आयुष्मान भारत कार्ड दे रहे हैं, जो ड्राइविंग लाइसेंस जैसा दिखता है। साथ ही अस्पतालों की सूची भी दी जा रही है। यह कार्ड सुविधाजनक है और इसे जेब में रखा जा सकता है। इसे आप कहीं भी ले जा सकते हैं। दुर्भाग्य से अगर कोई बाहर यात्रा करते समय बीमार पड़ जाता है, तो इस कार्ड से उसे 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल सकता है। उल्लेखनीय है कि दस अप्रैल को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा तथा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की शुरूआत के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुआ।

### हर जिले में क्लीनिक खोला जाएगाः स्वास्थ्य मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** *दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने द्वारका स्थित इंदिरा गांधी अस्पताल में पहले ब्रेन हेल्थ क्लीनिक का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस विभाग का उद्देश्य मानसिक और न्यूरोलॉजिकल स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का समय पर निदान और उपचार प्रदान करना है। इस क्लीनिक को नीति आयोग और इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहेवियर एंड अलाइड साइंसेज (आईएचबीएएस) के तकनीकी सहयोग से शुरू किया गया है। इस क्लीनिक में स्ट्रोक, मिर्गी, पार्किंसंस, डिमेंशिया और सिरदर्द जैसी न्यूरोलॉजिकल बीमारियों की प्रिवेंशन, जल्दी पहचान, इलाज और कम्युनिटी रिहैबिलिटेशन की सुविधा एक ही जगह पर उपलब्ध है। स्वास्थ्य मंत्री ने लोगों से ब्रेन से जुड़ी समस्याओं के इलाज की अपील की। उन्होंने राजधानी का पहला क्लीनिक अब शुरू हो गया है और जल्द ही हर जिले में एक क्लिनिक खोला जाएगा। मानसिक या ब्रेन हेल्थ से जुड़ी परेशानियों को छिपाएं नहीं, थेरेपी को प्राथमिकता दें। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह क्लीनिक सिर्फ एक सुविधा नहीं बल्कि एक मिशन है। शरीर के स्वास्थ्य में ब्रेन हेल्थ की बहुत बड़ी भूमिका होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में हम दिल्ली के हेल्थ सिस्टम को वर्ल्ड क्लास बना रहे हैं।*

# 44 रूटों पर उतरीं 400 छोटी बसें, सफर होगा आसान



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** लोगों को आरामदायक सफर और बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली सरकार ने 44 रूटों पर दिल्ली इलेक्ट्रिक वीकल इंटरकनेक्टर (देवी) योजना के तहत 400 बसें उतारी हैं। अब इन सभी बसों के रूट ट्रायल के तौर पर निर्धारित कर दिए गए हैं। परिवहन मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने चार दिन पहले इस योजना की समीक्षा की है। उन्होंने निर्देश दिया है कि अधिकारी रूटों पर आ रहीं सवारियों की स्थिति पर नजर रखें, हर सप्ताह सवारियों की स्थिति का आकलन किया जाए। जिन रूटों पर सवारियां अधिक हैं उन रूटों पर इन बसों की संख्या अधिक बढ़ाई जाए।

**कैसे अपने रूट की बस पहचान सकेंगे यात्री?**
पर्यावरण अनुकूल ये बसें दिल्लीवासियों को छोटी गलियों में सुगम सफर मुहैया करा रही हैं। रूटों को इस तरह तैयार किया गया है कि बसें दिल्ली भर में अलग अलग क्षेत्रों में आ जा रही हैं। यात्रियों की सहूलियत के लिए इन बसों के रूट व अन्य जानकारी अब वन दिल्ली एप पर भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे यात्री आसानी से अपने रूट की जानकारी प्राप्त कर सकें। इन बसों की पहचान के लिए हर रूट को एक विशेष नंबर दिया गया है, जो बस स्टाप पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाएंगे हैं।

**सुविधा**

**परिवहन मंत्री ने की योजना की समीक्षा, कहा- जिन रूटों पर सवारियां अधिक हैं उन पर बढ़ाई जाएं ये बसें**

**दिल्ली में चलेंगी 2080 देवी बसें**
ये 9 मीटर की मिनी इलेक्ट्रिक बसें उन इलाकों को जोड़ती हैं, जहां पहले से सार्वजनिक परिवहन की सीमित सुविधा थी। साथ ही इन बसों का किराया भी बेहद किफायती रखा गया है। दिल्ली में फिलहाल 400 देवी बसें चल रही हैं। दो मई को इन बसों के उदघाटन के समय दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा था कि इस साल के अंत तक दिल्ली में 2080 देवी बसें चलाई जाएंगी।
इन बसों का रूट 12 किलोमीटर का है, ऐसे में ये बसें दिन में ज्यादा से ज्यादा चक्कर लगाती हैं।

# लूटपाट के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**काबू**

**पकड़े गए आरोपित की पहचान खरखौदा, सोनीपत, हरियाणा निवासी निशांत (25) के रूप में हुई है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मंगोलपुरी इलाके में गोली चलाकर कारोबारी से लूटपाट करने के मामले में लक्ष्य उर्फ जंगली गैंग का एक शूटर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान रामपुर कुंडल, खरखौदा, सोनीपत, हरियाणा निवासी निशांत (25) के रूप में हुई है। आरोपित के पास से वारदात में इस्तेमाल पिस्टल व दो कारतूस बरामद हुए हैं। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने रविवार को बताया कि 8 मई को मंगोलपुरी इलाके में बदमाशों ने एक कारोबारी पर गोली चलाकर उससे बाइक लूट ली थी। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। मंगोलपुरी थाना पुलिस ने 9 मई को मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू की , लेकिन बदमाशों का कुछ पता नहीं चला। लोकल पुलिस के अलावा क्राइम ब्रांच की टीम भी जांच में जुटी रही। इस बीच हवलदार राज आर्यन को 15 मई को खबर मिली कि वारदात में शामिल बदमाश अपने किसी साथी से मिलने आदेश चौक, रोहिणी सेक्टर-37-38 के पास आने वाले हैं। सूचना के बाद टीम ने आरोपित को पिस्टल व दो कारतूस के साथ दबोच लिया।
पुलिस की पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह शादी और पार्टी में डीजे का काम करता था। काम के दौरान उसकी मुलाकात लक्ष्य से हुई और वह अपराध की दुनिया में आ गया।

# हत्या के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार



**गिरफ्त में**

**आरोपित की पहचान धिल्लू के रूप में हुई है। आरोपित पिछले छह महीनों से पुलिस को चकमा दे रहा था**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान परवेश कुमार उर्फ धिल्लू के रूप में हुई है। आरोपित पिछले छह महीनों से पुलिस को चकमा दे रहा था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने रविवार को बताया कि 13 सितंबर 2024 को नरेला थाने में एक हत्या का मामला दर्ज हुआ था। इसमें परवेश कुमार, दीपांशु उर्फ गोलू और राहुल हुड्डा पर सुमित नामक युवक की हत्या का आरोप था। मृतक सुमित हरियाणा के सोनीपत जिले के मांडोरा गांव का रहने वाला था और नरेला में खाद-बीज की दुकान चलाता था। पूछताछ में परवेश ने बताया कि सुमित द्वारा उसकी बहन के साथ की गई छेड़खानी का बदला लेने के लिए उसने अपने दोनों रिश्तेदारों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची।वारदात के बाद से आरोपित फरार चल रहा था।
डीसीपी के अनुसार क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूचना मिली कि परवेश कुमार दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में कहीं छिपा हुआ है। सूचना को तकनीकी सहायता से पुख्ता कर पुलिस टीम ने नजफगढ़ के पास जाल बिछाया और आरोपित को दबोचा। जांच में पता चला है कि पकड़ा गया परवेश ने 9वीं कक्षा में फेल होने के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी और बुरी संगत में पड़कर पहले भी अपराध कर चुका है।

# बृजभूषण शरण सिंह मामले में शिकायतकर्ता महिला पहलवान को नोटिस

**आदेश**

**डिशनल सेशंस जज गोमती मनोचा ने शिकायतकर्ता महिला पहलवान को 26 मई को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर दर्ज पॉक्सो मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल क्लोजर रिपोर्ट पर सुनवाई करते हुए इस मामले की शिकायतकर्ता महिला पहलवान को नोटिस जारी किया है। एडिशनल सेशंस जज गोमती मनोचा ने शिकायतकर्ता महिला पहलवान को 26 मई को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। इस मामले की शिकायतकर्ता ने जब शिकायत की थी तब वो नाबालिग थी। एक अगस्त 2023 को नाबालिग महिला पहलवान ने कोर्ट में इन कैमरा सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की जांच पर संतोष जताते हुए दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट का विरोध नहीं किया था। उसके बाद कोर्ट ने एक अगस्त 2023 को ही फैसला सुरक्षित रख लिया था। लेकिन जज का तबादला होने की वजह से क्लोजर रिपोर्ट पर दोबारा सुनवाई हो रही है। 15 जून 2023 को दिल्ली पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर बृजभूषण शरण सिंह को क्लीन चिट दे दी थी। दिल्ली पुलिस ने नाबालिग पहलवान की शिकायत पर पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में बृजभूषण शरण सिंह को क्लीन चिट देते हुए आरोप निरस्त करने की मांग की है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि पॉक्सो के मामले में बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिले हैं। बृजभूषण के खिलाफ दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में भी महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों के संबंध में एक मामला चल रहा है।

## विवाद को लेकर युवक की चाकू मारकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी जिले के महेन्द्रा पार्क थाना क्षेत्र में डीजे को लेकर हुए विवाद में आरोपितों ने एक युवक को चाकू मार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। घायल युवक को उसके दोस्तों ने नजदीकी अस्पताल में भर्तीकराया और मामले की सूचना पुलिस को दी। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में मृतक की पहचान बाढ़ोला गांव निवासी पंडित भीम सेन के रूप में हुई है। महेन्द्रा पार्क थाना पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर चार नाबालिग को हिरासत में लिया है। जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। उत्तर पश्चिमी जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि शनिवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक को आरोपितों ने चाकू मार दिया है।

# अब फिर से लुटियंस दिल्ली की पहचान बनेगा घंटाघर

**प्रक्रिया जारी**

**जल्द जारी होगा कायार्देश, साल के अंत तक निर्माण पूरा करने का रखा है लक्ष्य**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** लुटियंस दिल्ली में एक बार घंटाघर उसकी पहचान बनेगा। उपराज्यपाल वीके सक्सेना के दिशा-निर्देश पर घंटाघर बनाने की प्रक्रिया अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। घंटाघर के डिजाइन को दिल्ली अर्बन आर्ट कमीशन की मंजूरी मिल गई है। इसके बाद नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने इसे वर्ष के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। घंटाघर का काम पूरा होते ही यह लुटियंस दिल्ली प्रवेश की पहचान भी बन जाएगा। चूंकि एनडीएमसी इस घंटाघर को शंकर रोड पर तालकटोरा स्टेडियम के पास के गोलचक्कर पर बनाने जा रही है। यह वहीं इलाका है जहां से कुछ कदम पहले ही राजेंद्र नगर और करोल बाग से आते हुए लोग एमसीडी की सीमा से एनडीएमसी की सीमा में प्रवेश करते हैं।

**कब तक पूरा होगा घंटाघट का काम?**
एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि घंटाघर के डिजाइन को डीयूएसी की मंजूरी मिल गई है। ऐसे में अब हम इसके निर्माण की प्रक्रिया की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम लोग लुटियंस दिल्ली में अलग-अलग तरह की वास्तुकला लगाने की ओर भी कार्य कर रहे हैं।

# कांग्रेस ने दिल्ली में पानी की कमी, बर्बादी और गंदे पानी की आपूर्ति को लेकर सरकार को घेरा



**साधा निशाना**

**जल बोर्ड दिल्ली में पीने योग्य पानी का उत्पादन और वितरण करने की जिम्मेदारी को निभाने में नाकाम**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने राजधानी में पानी की कमी, बर्बादी, चोरी और गंदे पानी की आपूर्ति को लेकर दिल्ली सरकार को घेरा है। उन्होंने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि दिल्ली की बढ़ती आबादी के लिए प्रतिदिन लगभग 1290 एमजीडी पानी की जरूरत है परंतु दिल्ली जल बोर्ड 990 एमजीडी पानी प्रतिदिन ट्रीट ही कर पाता है जबकि दिल्ली जल बोर्ड के अनुसार 52 प्रतिशत पानी चोरी या बर्बाद हो जाता है। जल बोर्ड दिल्ली में पीने योग्य पानी का उत्पादन और वितरण करने की अपनी जिम्मेदारी को निभाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। दिल्ली कांग्रेस आरटीआई सेल द्वारा मांगी जानकारी अनुसार यमुना का प्रदूषित और गंदा पानी लोगों को मिल रहा है, जिसे भाजपा की दिल्ली सरकार ने खुद स्वीकार किया है कि 2025 में 30 अप्रैल तक 811 शिकायते गंदे पानी की मिली और इसी दौरान 1835 शिकायतें पानी न मिलने की मिली। देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड भीषण गर्मी में दिल्लीवालों को पानी की आपूर्ति देने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है क्योंकि कुल सीवेज ट्रीटेड वाटर 604 एमजीडी में से महज 11.6 प्रतिशत 94 एमजीडी इस्तेमाल होता है बाकी सीवेज के ट्रीटेट पानी को नालों में बहा दिया जाता है, जो यमुना में चला जाता है। सरकार के पास 2484 एमएलडी पानी को संरक्षित रखने की क्षमता नहीं है। ट्रीटेट 94 एमजीडी पानी में 81 एमजीडी पानी हॉर्टिकल्चर के इस्तेमाल में और 10 एमजीडी पानी पावर प्लांट की यूनिटों को ठंडा करने में इस्तेमाल हो जाता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली 90 प्रतिशत जलापूर्ति के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर है। दिल्ली में पानी की भारी किल्लत है जिसका हल निकालने में भाजपा सरकार के पास कोई साधन नही है। देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली के जल मंत्री लगातार सीवेज ट्रीटमेंट बढ़ाने और सीवेज ट्रीटमेंट जल की क्षमता बढ़ाने के बयान दे रहे है, जबकि मौजूदा 37 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में से 25 प्लांट मानको के अनुसार खरे नहीं उतरे और अपनी क्षमता अनुसार काम नहीं कर पा रहे है। उन्होंने कहा कि जल मंत्री मौजूदा व्यवस्था में सुधार लाने की बजाय नई घोषणा कर रहे हैं।




# संतों की शिक्षाएं मानव समाज की धरोहर: सीएम

संत-महापुरुष सम्मान विचार एवं प्रसार योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय गुरु गोरखनाथ प्रकटोत्सव का आयोजन ▫ संतों और महापुरुषों के द्वारा दिखाये गये रास्ते पर चलते हुए सरकार हर वर्ग के कल्याण व उत्थान के लिए समर्पित - मुख्यमंत्री

**प्रकटोत्सव**

संतों और महापुरुषों के द्वारा दिखाये गये रास्ते पर चलते हुए सरकार हर वर्ग के कल्याण व उत्थान के लिए समर्पित- सीएम





**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत/संजीव कौशिक**

हरियाणा सरकार द्वारा संतों और महापुरुषों के विचारों व आदर्शों को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही संत-महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना के तहत आज सोनीपत में गुरु गोरखनाथ प्रकटोत्सव राज्य स्तरीय समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर नायब सिंह सैनी ने गुरु गोरखनाथ जी को नमन करते हुए कहा कि यह उनका परम सौभाग्य है कि इस प्रकटोत्सव समारोह में वे शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि संतों और महापुरुषों के द्वारा दिखाये गये रास्ते पर चलते हुए हरियाणा सरकार हर वर्ग के कल्याण व उत्थान के लिए समर्पित है। सबसे पहले सबसे गरीब के जीवन स्तर को ऊपर उठाना ही राज्य सरकार का ध्येय है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सोनीपत में एक चौक का नाम गुरु गोरखनाथ जी के नाम पर रखने तथा प्रदेश में जोगी समाज की धर्मशालाओं के लिए 31 लाख रुपये देने की घोषणा की। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने लगभग 104 करोड़ 5 लाख रुपये की लागत वाली 4 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 84 करोड़ 82 लाख रुपये की 3 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 19 करोड़ 23 लाख रुपये की परियोजना का उद्घाटन शामिल है।

**आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा भारत, ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय आत्मा की गरिमा का प्रतीक**

नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज का यह समारोह ऐसे समय में हो रहा है, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे बहादुर सैनिकों ने जिस साहस, निष्ठा और अनुशासन के साथ ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया, वह केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय आत्मा की गरिमा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने टारगेट करके हमारे देश के मासूम नागरिकों को मारने का काम किया। पूरे देश की भावना को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद की बची खुची जमीन को भी अब मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है।

## सभी को समाज में बराबर के हक मिले

नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरु गोरखनाथ जी ने सम्प्रदाय, जाति, मत, पंथ आदि किसी भी आधार पर भेदभाव न करने की शिक्षा दी थी। इसी के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास की नीति पर हम आगे बढ़ रहे हैं। हमारा प्रयास है कि सभी बिरादरी के लोग, सभी जातियों के लोग आगे बढ़ें, सभी का उत्थान हो और सभी को समाज में बराबर के हक मिलें।

## समाज में बढ़ रहा भाईचारा: डॉ. अरविंद

विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि संतों महापुरुषों की जयंती सरकार द्वारा मनाने की परम्परा हमारी सरकार ने शुरू की है। इसी कड़ी में आज का यह कार्यक्रम आयोजित हुआ है। उन्होंने कहा कि गुरु गोरखनाथ जी भगवान शिव के रूप थे। उन्होंने योग को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच है कि हर व्यक्ति को उसका हिस्सा मिलना चाहिए और इसी सोच के साथ इन्होंने समाज के हर वर्ग को बराबरी का हक दिया है।

## 'सीएम लोगों की बात सुनने के लिए तैयार रहते हैं'

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक ने कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आज हरियाणा ऐसा प्रदेश बना है, जहाँ गरीब आदमी महसूस करता है कि ये राज्य मेरा है, ये मुख्यमंत्री मेरा है। मुख्यमंत्री 24 घंटे लोगों की बात सुनने के लिए तैयार रहते हैं। सरकार की प्रत्येक योजना गरीब के घर तक पहुंचे, इसी ध्येय के साथ हरियाणा सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में हरियाणा कई मामलों में नंबर

## 'गुरु गोरखनाथ जी तप, त्याग के प्रतीक'

समारोह में विधायक निखिल मदान ने गुरु गोरखनाथ जी को नमन किया और उन्हें तप, त्याग, योग और साधना का प्रतीक बताते हुए कहा कि गुरु गोरखनाथ जी ने पूरे भारत का भ्रमण किया, सनातन संस्कृति का प्रचार करते हुए ग्रंथों की रचना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा हर समाज, हर जाति के महापुरुषों का सम्मान किया जा रहा है। हरियाणा के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि सरकार महापुरुषों के जन्म जयंती उत्सवों को राज्य स्तर पर मना रही है।

# पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले कैथल के देवेंद्र से एनआईए ने की पूछताछ

**जांच जारी**

हरियाणा पुलिस ने डीएसपी गुरविंदर सिंह के नेतृत्व में एसआईटी का किया गठन, पुष्टि की



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा पुलिस की गिरफ्त में आए कैथल वासी पाकिस्तानी जासूस देवेंद्र सिंह के मामले की जांच में अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) भी शामिल हो गई है। रविवार को एनआईए की एक टीम कैथल पहुंची और देवेंद्र सिंह से पूछताछ की। कैथल पुलिस ने इस पूछताछ की पुष्टि की है।

पुलिस के अनुसार मस्तगढ़ निवासी देवेंद्र सिंह सिख धार्मिक स्थलों के दर्शन करने पाकिस्तान गया था। इस दौरान उसे वहां की एक लड़की ने हनीट्रैप में फंसा लिया और सात दिन तक उसे अपने साथ रखा। लड़की ने उसे पाकिस्तान में जासूसी की ट्रेनिंग दी। फिर उस लड़की ने उसका संपर्क पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के पांच एजेंटों से करवाया। पुलिस जांच में सामने आया कि लड़की ने देवेंद्र को लालच दिया कि अगर वह गुप्त सूचना देगा तो वह उसकी दोस्ती खूबसूरत लड़कियों से करवा देगी और उसे पैसे भी मिलेंगे। एनआईए की टीम ने आरोपित से मामले से जुड़े कई पहलुओं पर पूछताछ की, जैसे कि वह आईएसआई के संपर्क में कैसे आया और उसने क्या-क्या सूचनाएं साझा कीं। एनआईए के दो अधिकारी अभी कैथल में ही हैं। आशंका जताई जा रही है कि बहुत जल्द देवेंद्र सिंह को एनआईए अपनी हिरासत में ले सकती है। कैथल पुलिस ने भी इस मामले की जांच के लिए अलग से एसआईटी का गठन कर दिया है। इस संबंध में कैथल एसपी आस्था मोदी ने बताया कि मामले की जांच के लिए आईएनए की टीम कैथल आई थी। आरोपित से मामले के बारे में पूछताछ की गई और तथ्य जुटाए गए। उन्होंने बताया कि मामले को लेकर एसआईटी का गठन किया गया है। इसकी अध्यक्षता डीएसपी गुरविंदर सिंह को दी गई है। एसआईटी में साइबर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभांशु, सिविल लाइन थाना के इंस्पेक्टर साहिल कुमार और स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार शामिल हैं। टीम आरोपित के बैंक खातों की भी जांच कर रही है।

## निगमायुक्त ने देखी जलभराव से निपटने की तैयारी

**गुरुग्राम।** बरसात से पहले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम ने तैयारी तेज कर दी है। निगमायुक्त प्रदीप दहिया के आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए रविवार को संयुक्त आयुक्त स्वयं फील्ड में उतरे और जलभराव संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। संयुक्त आयुक्त विशाल कुमार ने जोन-2, डॉ. जयवीर यादव ने जोन-3 और सुमित कुमार ने जोन-4 में मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

# आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर गिरफ्तार



**काबू किया**

प्रो. खान ने बीती 7 मई को कर्नल सोफिया तथा विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर भी टिप्पणी की थी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** सेना के ऑपरेशन सिंदूर को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले सोनीपत की अशोका यूनिवर्सिटी के कार्यरत प्रो. अली खान महमूदाबाद को स्थानीय पुलिस ने रविवार को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। प्रो. खान ने बीती 7 मई को कर्नल सोफिया तथा विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर भी टिप्पणी की थी। पुलिस ने सोनीपत के गांव जठेड़ी के सरपंच की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया था। हरियाणा में पिछले कई दिनों से प्रो. खान तथा अशोका विवि को लेकर विवाद छिड़ा है। हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने भी प्रोफेसर को समन जारी करते हुए 14 मई 2025 को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया था। समन के बावजूद जब प्रोफेसर पेश नहीं हुआ, तो रेणु भाटिया ने एफआईआर दर्ज करवाने की बात कही। आयोग अध्यक्ष रेणु भाटिया 15 मई को पुलिस के साथ अशोका यूनिवर्सिटी में पूछताछ के लिए गईं तो कई घंटे के इंतजार के बाद प्रो.खान पेश नहीं हुए और उन्हें वापस लौटना पड़ा। रेणु भाटिया का यहां पुलिस के साथ विवाद भी हुआ था। भाटिया के अशोका विवि में विजिट के दौरान न तो महिला थाना प्रभारी को साथ भेजा गया और न ही एसीपी को वहां भेजा गया। भाटिया ने प्रोटोकॉल उल्लंघन की शिकायत दी तो सरकार ने सोनीपत पुलिस को फटकार लगाते हुए 17 मई को पुलिस आयुक्त नाज़नीन भसीन का तबादला करके आईपीएस ममता सिंह को अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया। नवनियुक्त पुलिस आयुक्त ममता सिंह के निर्देश पर पुलिस प्रो. खान के विरूद्ध मामला दर्ज किया और रातभर प्रो. खान की तलाश में छापेमारी की। पुलिस ने रविवार को प्रो. खान को दिल्ली के एक इलाके से गिरफ्तार कर लिया। सोनीपत पुलिस ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि इस बारे में वरिष्ठ अधिकारी जल्द ही अधिकारिक बयान देंगे।

# हमारे देश में बहुत से जयचंद: डॉ कृष्ण मिड्ढा

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतक।** कांग्रेस पार्टी द्वारा सीजफायर को लेकर उठाए जा रहे सवालों के मामले में हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण मिड्ढा कांग्रेस पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि अभी भी देश में बहुत से जयचंद है। उन जयचंदों की वजह से देश को नुकसान हो रहा है। जो खाते अपने देश का है और गुणगान पाकिस्तान के लिए करते हैं। क्या कोई बता सकता है कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पाकिस्तान के किसी नागरिक ने भारत के पक्ष में कोई बयान बाजी की हो। यूरोप जा रहे डेलिगेशन में उन्हीं नेताओं को भेजा गया है जो देश हित में है। साथ ही उन्होंने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़े गए हरियाणा के युवाओं को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। हरियाणा के युवाओं में तो देश के लिए प्राण न्योछावर करने का जज्बा है। रविवार को डॉ कृष्ण मिड्ढा ने एक निजी कार्यक्रम में शिरकत की और उन्होंने अपने वायरल वीडियो को लेकर सफाई देते हुए कहा कि गरीब व्यक्तियों का नुकसान वे बर्दाश्त नहीं कर सकते और अधिकारी ने बिना नोटिस के यह कार्रवाई की थी। हरियाणा की सरकार गरीब व्यक्तियों के हित में कार्य करती है और इस तरह की चीजों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कुमारी शैलजा को भी जवाब देते हुए कहा कि कुमारी शैलजा को यह भी देखना चाहिए कि जिस अधिकारी ने गरीब व्यक्तियों का नुकसान किया है वह भी सभी दलित है।

# ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य शक्ति और रणनीतिक क्षमता का प्रमाण: राव इंद्रजीत सिंह

**तिरंगा यात्रा**

केंद्रीय मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में रेवाड़ी में आयोजित तिरंगा यात्रा का किया नेतृत्व



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में आज रेवाड़ी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने किया। सेना के शौर्य और पराक्रम को समर्पित यह यात्रा स्थानीय महाराणा प्रताप चौक से शुरू होकर शहीद स्मारक नजदीक लघु सचिवालय पर संपन्न हुई। यात्रा में आमजन, पूर्व सैनिक, युवा वर्ग और मातृशक्ति की प्रमुख भागीदारी रही। यात्रा में रेवाड़ी से विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, बावल से विधायक डॉ. कृष्ण कुमार, कोसली से विधायक अनिल यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना पोपली सहित पूर्व मंत्री डॉ. बनवारी लाल भी शामिल हुए। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने यात्रा में सहभागी बने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा ऑपरेशन सिंदूर भारत सरकार की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह ऑपरेशन भारतीय सेना के अद्वितीय साहस, रणनीतिक कुशलता और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट शब्दों में दोहराया है कि अब किसी भी प्रकार के आतंकवादी कृत्य को राष्ट्र के विरुद्ध युद्ध की तरह माना जाएगा और उसी गंभीरता से उसका उत्तर भी दिया जाएगा। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर न केवल भारत की सैन्य ताकत का परिचायक है बल्कि यह विश्व समुदाय को यह संदेश भी देता है कि भारत अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी सीमा तक जा सकता है।

# भारतीय सेना विश्व की श्रेष्ठ सेना: कंवर पाल



**जोश दिखाया**

तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों का जनसमूह उमड़ा। देशभक्ति का जोश दिखाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर।** ऑपरेशन सिंदूर और सैन्यबलों के सम्मान में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल गुर्जर की अगुवाई में प्रतापनगर कस्बा में एकविशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों का जनसमूह उमड़ा। मुख्य मार्गों पर युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों ने देशभक्ति का जोश दिखाया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने रविवार कोबताया कि भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिन्दूर के तहत पाकिस्तान व पीओके में आतंकी ठिकानों को सटीक निशाने के साथ ध्वस्त किया। उन्होंने कहा किप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है। आज हमारी सेना का जोश, जज्बा उच्च स्तर पर पहुंच चुका है। तकनीकी व मानसिक तौर पर मजबूत भारतीय सेना ने पाकिस्तान की धरती से आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए जो घिनौना कृत्य पहलगाम में किया गया था, उसके जवाब में भारतीय सेना के प्रहार से पाकिस्तान थरार्ने पर विवश हो गया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के जवानों ने ऑपरेशन सिन्दूर के तहत पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवाद व आतंकियों को तबाह करने का काम किया। पाकिस्तान द्वारा भारतीय रिहायशी इलाकों को निशाना बनाने की कोशिश की गई तो हमारे वीर जवानों ने पाकिस्तान के विभिन्न वायुसेना ठिकानों को ध्वस्त करते हुए पाकिस्तान को बड़े संकट में डाल दिया था। उन्होंने कहा कि आज देश की जनता सैनिकों को वीरता व कामयाबी के लिए उनके सम्मान में तिरंगा यात्राओं के माध्यम से अपनी भावना का इजहार कर रही है जिस आतंकी पाकिस्तान में बैठे थे।

## दो युवकों पर जानलेवा हमला, जलाई बाइक

**झज्जर।** जिला के बादली क्षेत्र में दो युवकों की चार-पांच युवकों ने बर्बरता से पिटाई की पैसे छीन लिए और बाद में उनकी दोनों मोटर साइकिलों में आग लगाकर फरार हो गए। हमलावरों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल बादली उपमंडल के गांव सोलधा का निवासी कर्मवीर शनिवार देर शाम मोटर साइकिल पर सवार होकर अपने रिश्तेदार से मिलने के लिए गांव गुभाना गया था। अपने रिश्तेदार साढ़ू के घर दोनों ने कुछ समय जरूरी बातचीत की और जलपान करने के बाद दोनों गुभाना से एक साथ निकल पड़े।

# पीएम के नेतृत्व में देश ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बनाई निर्णायक छवि: श्याम

**तिरंगा यात्रा**

ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में रादौर में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर।** ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में रादौर में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा विशेष रूप से पहुंचे। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ रादौर की अनाज मंडी से हुआ और यह शहर के प्रमुख बाजारों से गुजरती हुई पुनः अनाज मंडी में संपन्न हुई। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने रविवार को इस मौके पर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की अद्भुत रणनीति, साहस और देशभक्ति का प्रतीक है। यह केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और आत्मबल का संदेश है। हमारी सेना ने जिस प्रकार इस अभियान को अंजाम दिया है, उस पर पूरा देश गर्व महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक मजबूत और निर्णायक छवि बनाई है। ऑपरेशन सिंदूर इसी नीति का परिणाम है, जिसमें आतंक और दुश्मन ताकतों को करारा जवाब दिया गया है। उन्होंने कहा कि वे उन वीर सैनिकों को नमन करते हैं जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भाग लिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की वीर भूमि से लाखों जवान भारत माता की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। हमारे गांव-गांव के जवान वीरता की मिसाल बन चुके हैं।

# पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वालों की हो गंभीरता से जांच: हुड्डा

**मांग**

दोषी को मिले सजा, कोई निर्दोष ना फंसे, विदेश मंत्री के बयान पर राहुल गांधी दे चुके हैं बयान

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतक।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार हुए हरियाणा के युवाओं को लेकर बयान देते हुए कहा है कि मामला बड़ा गंभीर है और इस मामले की गहराई से जांच होनी चाहिए और जो भी दोषी है उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। लेकिन निर्दोष व्यक्ति नहीं फंसना चाहिए। रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। साथ ही विदेश मंत्री एस जयशंकर द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए, बोले कि राहुल गांधी हालांकि इस मामले में प्रतिक्रिया दे चुके हैं, लेकिन जो भी सवाल उठ रहे हैं उन सवालों के जवाब देश जानना चाहता है। इसलिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की गई है। ताकि सभी सवालों का जवाब जनता के सामने आ जाए। क्योंकि सीजफायर को लेकर भी अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने जिस तरह बयान बाजी की है उसकी सच्चाई भी देश के सामने आनी चाहिए। हरियाणा विधानसभा के स्पीकर कृष्ण मिड्ढा के वायरल वीडियो को लेकर भी उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कानून किसी को भी हाथ में लेने का कोई अधिकार नहीं है। अगर कोई गलत करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए और बड़े पद पर बैठे व्यक्ति को अपनी मर्यादा में रहकर ही काम करना चाहिए। विधानसभा के स्पीकर व जींद से विधायक डॉक्टर मिड्ढा का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह अधिकारी का हाथ पकड़ कर लताड़ते हुए नजर आए थे।

# पाक एंबेसी में वीजा लेने गई तो अधिकारियों के संपर्क में आई ज्योति



**खुलासा**

वीजा अपडेट के लिए ले लिया दानिश का नंबर, फिर होने लगी दोनों में बात, पिता बोले बेटी बेकसूर

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार।** हिसार से पाक जासूसी के आरोप में गिरफ्तार की गई ज्योति मल्होत्रा के पाक नागरिक के संपर्क में आने व घनिष्ठ संबंध बनने की कहानी बड़ी अजीब है। ज्योति केवल दिल्ली स्थित पाक एंबेसी में वीजा लेने गई तो वहां उसकी दानिश से मुलाकात क्या हुई, दोनों में फ्रेंडशिप हो गई और बाद में चली आगे की कहानी। पुलिस को दिए बयान में ज्योति मल्होत्रा ने बताया कि उसने ट्रैवल विद जो के नाम से यूट्यूब अकाउंट बना रखा था। वह पाकिस्तान को एक्सप्लोर करना चाहती थी। इसके लिए वीजा लेने वह नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान एंबेसी में गई। ज्योति ने पुलिस को बताया-पाकिस्तानी एंबेसी में उसकी मुलाकात वहां के अधिकारी अहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश से हुई। पहली मुलाकात में दानिश काफी फ्रेंडली लगा। उसने वीजा के अपडेट के लिए दानिश का नंबर ले लिया। वहां से लौटकर वह दानिश से पहले वीजा के बहाने फोन पर बात करने लगी। ज्योति के अनुसार वर्ष 2023 में उसे पाकिस्तान का 10 दिन का वीजा मिला। दानिश ने उसे पाकिस्तान में अली आहवान से मिलने को कहा। अली आहवान ने उसके घूमने-फिरने और रुकने का इंतजाम किया। अली ने उसे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के अधिकारियों से मिलवाया। अली ने उसकी मुलाकात शाकिर और राणा शहबाज से कराई। ये दोनों पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के अधिकारी निकले। ज्योति ने शाकिर का मोबाइल नंबर ले लिया। उसके मोबाइल में किसी पाकिस्तानी का नंबर का शक न हो, इसलिए उसे जट रंधावा के नाम से फीड कर लिया। इसके बाद वह भारत लौट आई। पूछताछ में पता चला है कि भारत लौटने के बाद उसने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के लिए काम करना शुरू कर दिया। वह वॉट्सऐप, स्नैपचैट, टेलीग्राम समेत दूसरे माध्यमों के जरिए उन्हें खुफिया जानकारियां भेजने लग गई। हालांकि उसने पाकिस्तान को क्या-क्या जानकारियां दीं, इसके बारे में खुलासा नहीं हुआ है। ज्योति मल्होत्रा अटारी बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तान जाती थी। इससे जुड़ी तस्वीरें और वीडियो उसने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर शेयर किए हैं। ज्योति मल्होत्रा की एक्टिविटी को पुलिस व खुफिया एजेंसियां काफी समय से ट्रैक कर रहीं थी। जब पुख्ता सबूत मिले तो पुलिस उसके घर आई। घर की तलाशी ली। ज्योति के अलावा पिता और चाचा समेत सबके मोबाइल जब्त किए। ज्योति का लैपटॉप भी कब्जे में ले लिया। इसके बाद पुलिस ज्योति को थाने ले गई। पिता हरीश मल्होत्रा का कहना है कि ज्योति ने घर लौटकर कहा कि पापा मुझे फंसाया जा रहा है, मैंने कोई गलत काम नहीं किया। शुक्रवार सुबह उसे पूछताछ के लिए बुलाया गया और फिर उसी दिन रात को ही पुलिस उसे वापस घर लेकर आई। उससे जुड़ा सारा सामान जब्त कर पुलिस ज्योति को लेकर थाने लौट गई। तब पता चला कि ज्योति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# जिमखाना क्लब में सजी कवियों, शायरों व साहित्यकारों की महफिल

**शिरकत**

**क्लब में दूर-दराज से आए हुए कवियों, शायरों तथा सहित्यकारों ने शिरकत की।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**
जिमखाना क्लब में कवियों, शायरों तथा साहित्यकारों की महफिल सजी, जिसमें दूर-दराज से आए हुए कवियों, शायरों तथा सहित्यकारों ने शिरकत की। महफिल के आगाज से पहले सभी ने खड़े होकर राष्ट्रीय गान गाकर देश में आपसी भाईचारा कायम होने तथा सुख-समृद्धि की कामना व पिछले दिनों देश में शहीद हुए नौजवानों को श्रद्धाजंलि दी। आज की महफिल की अध्यक्षता दिल्ली से आए वरिष्ठ कवि जितन्द्र वशिष्ठ, मुख्य अतिथि सरदार अंग्रेज ढ्ढसह एवं विशिष्ट अतिथि अनिल खरब, सोनीपत, डॉ. कमर रईस, सोनीपत रहे। मंच संचालन कवि भारत भूषण वर्मा असंध ने किया।

इस मौके पर प्रधान कारवाने अदब करनाल कवि डा. एस. के शर्मा ने कहा 'वे द्दशदा नजर उनसे टकरा गई, जिन्दगी में अचानक बहार आ गई, दिल में अै दिल वो पहली सी थरकन नही अब मुहब्बत में शायद कमी आ गई... कवियत्री अंजु शर्मा ने कहा 'धर्म पूछकर मारते कर रहे हैं कुकर्म, गोली खाई सीने पर नहीं बदला धर्म...।

कवि भारत भूषण वर्मा ने कहा 'सिंधु और सिंदूर का, बना अजब संयोग। सिंदूर ने मिटा दिया, शैतानी का रोग ।।, कवि दलीप खरेरा ने कहा 'दोस्तों की दरियादिली पर हम फिदा हो गए... कवि डॉ. कमर रईस ने कहा 'सामने पहले आइना रखना, फिर किसी और से गिला रखना... कवि गुरमुख सिंह वडैच़ ने कहा 'हम क्या बनाने आए थे और क्या बना बैठे... कवि आशीष ताज ने कहा 'ए वतन तेरी मिट्टी पे कुर्बान हूं... कवि कर्णजीत सिंह 'मै ने मेरे वड्ेया कोलो एही सिखिया ऐ,... कवि प्रीती सिंह ने कहा 'पलको पे बिठालो, गले से लगा लो...

इस मौके पर कवि डॉ. श्याम प्रीत ने कहा 'दिल म्हं घुंडी रहै पाप की... कवि जयभारद्वाज ने कहा 'झूठ ना बोला गया इस बात से डरता रहा,... कवि मनोज मधुरभाषी ने कहा 'गैरो का दुखड़ा सुनाने का क्या फायदा... कवि अशोक मंलग ने कहा 'है आग भरी दिल में, तुफान है सांसों में ... कवियत्री गुरविन्द्र कौर ने कहा 'देखो वीर जवानो अपने खून पे कोई दाग न आए... कवि नरेश लाभ ने कहा जीवन संयाम है बनिए सब बलवान... कवि प्रवीण जन्नत ने कहा 'मेरी राहों में रोड़े से पहाड़ कर... कवि अनिल चोपड़ा ने कहा 'ये कहते हुए मेरे दुश्मन मुझे हंसते हुए छोड़ के चले... कवि राजेन्द्र शर्मा ने कहा ' भारत मेरा देश महान... आदि प्रेम पाल सागर, राजपाल, दिलबाग सिंह, कृष्ण निर्माण, पुरनचंद शर्मा, इंदु शर्मा, तमन्ना, कवियों ने शिरकत की व अपनी अपनी-अपनी कविताएं सुनाई।

# केमा पब्लिक स्कूल का 10वीं हरियाणा बोर्ड का परिणाम 100%



**किसान गोष्ठी**

**केमा पब्लिक स्कूल का 10वीं हरियाणा बोर्ड का अच्छा रिजल्ट , सुहानी ने प्राप्त किये 92.5 प्रतिशत अंक**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
केमा पब्लिक स्कूल का 10वीं हरियाणा बोर्ड का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्रिंसिपल राजबीर सिंह ने बताया कि विद्यालय के कुल 31 विद्यार्थियों में से 5 छात्रों ने 91 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

सुहानी ने सबसे ज्यादा 92.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। प्रिंसिपल राजबीर सिंह ने कहा कि विद्यालय ने इस वर्ष भी अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए 10वीं कक्षा का शानदार परिणाम दिया है। 31 स्टूडेंट में से 23 छात्रों ने मैरिट प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया । स्कूल ने अपने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है, जिससे विद्यालय और अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्कूल के प्रिंसिपल व सभी स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर खुशी जताई है और आज रविवार को सभी विद्यार्थियों को बुला कर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

# हरियाणा सहित पलवल में नॉन स्टॉप विकास का सिलसिला लगातार जारी: खेल मंत्री गौरव गौतम



**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल,(संतोष गर्ग)।** हरियाणा सरकार में युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता, खेल और कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश सहित पलवल में नॉन स्टॉप विकास का सिलसिला लगातार जारी है। आने वाले पांच वर्षों में मानचित्र पर पलवल अलग दिखाई देगा और इसकी अपनी अलग पहचान होगी। खेल मंत्री गौरव गौतम शनिवार को पलवल शहर के वार्ड नंबर-8 और 13 में लगभग 1.60 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास करने उपरांत लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पलवल शहर के लाइन पार के इस्लामाबाद क्षेत्र को ईश्वर नगर और शमशाबाद के इलाके को सिद्धार्थनगर करने का प्रस्ताव है। इस पर कार्यवाही की जा रही है और यह प्रस्ताव कमेटी को भेज दिया गया है।

प्रदेश सरकार में खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता तथा कानून एवं विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने पलवल शहर में विभिन्न रास्तों और नालियों के शिलान्यास किए, जिनमें वार्ड नंबर-8 में जुम्मा के मकान से सतबीर के मकान तक, समुंदर के मकान से संजू और बीर सिंह मास्टर के मकान से पन्नालाल के मकान तक रास्ते और नाली के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसी प्रकार उन्होंने वार्ड नंबर-8 में ही धारा के मकान से आंगनबाड़ी तक, कन्हैया के मकान से लेखराम तक, ज्ञान के मकान से हुकुमचंद और करण के मकान से गिर्राज के मकान तक के रास्ते तथा नालियों के निर्माण कार्य के साथ-साथ वार्ड नंबर-13 में गुप्ता नर्सिंग होम से श्रद्धानंद पार्क तक बीएम/बीसी सडक निर्माण कार्य का नारियल तोडकर विधिवित शिलान्यास किया।खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से यहां के नागरिकों को सुविधाएं मिलेगी।

# झज्जर पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण से पकड़े 41 आरोपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**झज्जर**
जिला पुलिस के 380 कर्मचारियों ने विभिन्न मामलों के आरोपियों को पकड़ने के लिए रविवार को जिले में ऑपरेशन आक्रमण चलाया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करके पुलिस टीमों ने 41 आरोपियों को गिरफ्तार किया रविवार की अलसुबह से शाम तक चले ऑपरेशन आक्रमण के तहत झज्जर पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा जिलाभर के अनेक स्थानों पर औचक छापेमार कार्रवाई की गई। यह अभियान जिला पुलिस की 70 टीमों ने चलाया। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय/क्राइम जसलीन कौर की देखरेख में जिलाभर में ऑपरेशन आक्रमण के तहत कार्रवाई के लिए सभी थाना प्रबंधक, सीआईए प्रभारी, स्पेशल स्टॉफ व एंटी नारकोटिक सेल की विशेष छापामार टीमों का गठन किया गया था।

# किड्जी स्कूल में बच्चों ने उत्साह पूर्वक मनाया मैंगो -डे



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र,**:किड्जी स्कूल कल्याण नगर में मैंगो -डे का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा प्ले-वे से लेकर पांचवीं तक के सभी विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। स्कूल प्रबंधक आदित्य वत्स ने बताया कि कक्षा नर्सरी के बच्चों ने पीले रंग की पोशाक पहन कर अपना उत्साह प्रकट किया और कक्षा केजी के बच्चों ने कविता पठन कर अपनी प्रतिभा को दशार्या। कक्षा पहली से पांचवीं के बच्चों ने भारत के राष्ट्रीय फल के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान बच्चों ने आम को काटना एवं सजाना सीखा। इसके साथ ही आम का शेक बनाना सीख कर उसका आनंद लिया। सभी बच्चे पीले रंग के वस्त्र पहनकर बहुत ही उत्साहित थे।स्कूल प्रिंसीपल एकजोत कौर ने बताया कि स्कूल में समय समय पर ऐसे आयोजन किए जाते हैं, जिससे बच्चों को आनंदपूर्वक शिक्षा दी जा सके। उन्होंने बताया कि आज बच्चों को विभिन्न रंगों के आम और उसके प्रकारों के बारे में जानकारी दी गई, जिससे उन्हें इस फल की विविधता के बारे में पता चला।

## संक्षिप्त खबरें

### निगम एरिया में विकास कार्यों के लिए डी प्लान से लगभग ढाई करोड़ रुपयों की राशि मंजूर - मेयर राजीव जैन



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**।। संजीव कौशिक।।
नगर निगम मेयर राजीव जैन ने बताया कि निगम एरिया में विभिन्न विकास कार्यों के लिए डी प्लान से लगभग ढाई करोड़ रुपयों की राशि मंजूर की गई है जिनके जल्द ही टेंडर जारी कर कार्य शुरू किये जायेंगे जिससे विभिन्न कालोनियों के नागरिकों की समस्याओं का समाधान होगा।

मेयर के अनुसार मॉडल टाउन संस्कृति मॉडल स्कूल में कमरों के निर्माण के लिए (15-38 लाख), कन्या महाविद्यालय में शेड के निर्माण का कार्य पूरा करने के लिए (10 लाख), जटवाड़ा सिथत सरकारी स्कूल में एक हॉल एवं चार कमरों का निर्माण (20 लाख) सुभाष स्टेडियम में चल रहे कार्यों को पूरा करने के लिए (23 -40 लाख), पटेल नगर में गली के निर्माण के लिए ( 9 लाख), ककरोई चौक पर विक्की की दुकान से भूषण बुक डिपो तक टाइल बिछाने के लिए (9 लाख), सेक्टर 14 में दादा भठूरे वाले के सामने सीवेरज लाइन के लिए (10 लाख) रुपए मंजूर किये गए हैं।

उन्होंने बताया कि मशद मोहल्ला में सीवेरज लाइन के लिए (20 लाख), मुरथल रोड पर झूले वाली गली में पानी की लाइन बिछाने के लिए (10 लाख), रेलवे पार्क के पास पार्किंग में शेड के लिए ( 7 लाख), गांव शाहपुर में गली बनवाने के लिए ( 12 लाख), सेक्टर 15 बड़ा पार्क में सोलर लाइट लगाने के लिए (17-24 लाख), संत कबीर भवन, कालूपुर में हॉल निर्माण के लिए ( 10 लाख), देव नगर सरकारी स्कूल में शौचालयों के लिए ( 10 लाख), बड़ा बगड़ पुराना शहर में गली के निर्माण के लिए ( 8-76 लाख), जटवाड़ा स्कूल में ट्यूबवेल के लिए 10 लाख, देवरू गांव में शमशाद घाट में शेड के लिए (24-62 लाख), चार मरला सैनी चौपाल का कार्य पूरा करने के लिए (18 लाख) तथा मायापुरी में सीवेरज एवं पानी की लाइन बदलने के लिए (25 लाख) की राशि मजूर हुई है।

लोक निर्माण विभाग सड़क के दोनों तरफ लगाएगा टाइल -

लगभग दो करोड़ रुपए की लागत से रेलवे रोड, एटलस रोड, मुरथल अड्डा चौक से ड्रेन नंबर 6 , मुरथल अड्डा से बस स्टैंड, मिशन चौक से कालूपुर चुंगी तथा बड़वासनी से ट्रक यूनियन तक की सड़कों पर लगी टाइल का मरम्मत करने का टेंडर जारी किया गया है।

### एक भारत-श्रेष्ठ भारत के प्रदेश सह संयोजक, विधानसभा संयोजक व सह संयोजक नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला**
भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने द्यद्यएक भारत-श्रेष्ठ भारत के प्रदेश सह-संयोजक एवं जिला अनुसार विधानसभा संयोजकों व सह संयोजकों की नियुक्ति की है। रविवार को इस बाबत प्रदेश महामंत्री एवं द्यद्यएक भारत-श्रेष्ठ भारतद्धद्ध की प्रदेश संयोजक डा. अर्चना गुप्ता ने पत्र जारी किया है। जारी पत्र के अनुसार अवधेश किशोर और संजय ठेकेदार को प्रदेश सह संयोजक का दायित्व दिया गया है।

# तेज रफ्तार स्कार्पियो ने कार को मारी टक्कर, चार घायल



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**
ोनीपत-गन्नौर रोड पर तेज रफ्तार स्कार्पियो की टक्कर से कार सवार चार युवक घायल हो गए। हादसा गांव राजलू गढ़ी रोड पर बाला सैयद के पास हुआ। घायलों में हर्ष निवासी भोगीपुर, नीशू, रितेश और भारत शामिल हैं। हर्ष ने थाना बड़ी में शिकायत दे कर बताया कि वह मानेसर स्थित मारुति कंपनी में इलेक्ट्रिशियन के रूप में अप्रेंटिस कर रहा है। 16 मई को कंपनी से छुट्टी के बाद बस से तूफान ढाबा तक आया और वहां से अपनी कार से गांव लौट रहा था। रास्ते में उसके तीन दोस्त भी साथ हो गए। करीब 6 बजे गन्नौर की ओर से तेज गति से आती एक काली स्कार्पियो ने उनकी कार को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर के बाद स्कार्पियो चालक मौके से फरार हो गया, जबकि घायलों को राहगीरों ने गन्नौर और सोनीपत के अस्पतालों में भर्ती कराया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर स्कार्पियो चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम ने दुनिया को किया अचंभित

**निर्देश**

**-खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने तिरंगा यात्रा में शामिल होकर भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को किया नमन**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल, (संतोष गर्ग)।**
हरियाणा सरकार में खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल और सशक्त नेतृत्व में भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान को आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब दिया है। दुनिया भर के सभी देशों ने भारतीय सेना के पराक्रम का लोहा माना है। ऐसे में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम का जितना सम्मान और प्रशंसा की जाए, उतनी कम है। भारतीय सेना के सम्मान में देशभर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रहीं हैं, जिनका मकसद सेना के शौर्य और पराक्रम की गौरवगाथा को जन-जन तक पहुंचाना है।

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम शनिवार शाम को पलवल शहर में कमेटी चौक स्थित श्यामकुंज वाटिका से भवन कुंड, मीनार गेट, सोहना मोड़ से आगरा चौक होते हुए नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम स्थित शहीद स्मारक तक निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल होकर भारतीय सेना के पराक्रम को नमन किया। तिरंगा यात्रा में शामिल नागरिक भारत माता की जय, वंदे मातरम जैसे नारे लगाकर जोश भरने का काम कर रहे थे। इस दौरान पलवल की बेटी गरिषा ने भारत माता का स्वरूप रखकर तिरंगा यात्रा में जोश भरने का काम किया।

खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि आज भारत सहित दुनिया के लगभग सभी देश यहीं चाहते हैं कि विश्व से आतंकवाद का सफाया हो। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी घटना के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सूझबूझ से तीनों सेनाओं के प्रमुखों को आतंकवाद का करारा जवाब देने के लिए खुली छूट दी। परिणाम स्वरूप हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान के अंदर जाकर आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि भारतीय सेना ने मानवता का प्रमाण देते हुए पाकिस्तान में केवल आतंकवादी ठिकानों को ही निशाना बनाया। भारतीय सेना के इस जवाब से पाकिस्तान भी अचंभित हुआ। भारतीय सेनाओं ने अपनी सूझबूझ से काम लेते हुए आतंकवादियों को नेस्तनाबूद किया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के देशों ने यह मान लिया है कि भारतीय सेना बहुत ही ताकतवर और संगठित हैं। सुरक्षा की दृष्टि से हमारे पास नवीनतम तकनीक है। खेल राज्य मंत्री ने कहा कि हमारी सेनाओं ने यह दिखा दिया है कि पूरे हौंसले और मजबूती के साथ मैदान ए जंग मे लड़ती हैं। भारतीय सेना के जज्बे और हौसले की बदौलत आज भारत देश की सीमाएं और हम सुरक्षित हैं। सैनिकों के सम्मान में और उनका हौसला बढ़ाने के लिए ही देश भर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं।

# शौर्य का प्रतीक बना ऑपरेशन सिंदूर, दुनिया ने देखा भारत का दम : विधायक

**तिरंगा यात्रा**

**-होडल में ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और वीरता के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल, (संतोष गर्ग)।**
भारतीय सेना के अद्वितीय साहस, अटल पराक्रम और परम बलिदान की प्रेरणादायक गाथा को समर्पित ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत होडल विधानसभा में शनिवार को बस स्टैंड से सती तालाब - हसनपुर चौक से होते हुए नानक डेयरी रोड पर चौ. चरण सिंह मूर्ति तक एक भव्य और गरिमामयी तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा का आयोजन न केवल हमारे वीर जवानों को कृतज्ञता और श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक सशक्त माध्यम बना, बल्कि देशवासियों के हृदय में राष्ट्रभक्ति, एकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को और भी प्रबल करने का प्रेरणादायी प्रयास सिद्ध हुआ। इस गौरवपूर्ण यात्रा की अगुवाई होडल के विधायक हरिन्द्र सिंह द्वारा की गई। इस यात्रा में वरिष्ठ नेताओं, समर्पित कार्यकताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में आम नागरिकों, युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चारों ओर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंजता वातावरण, हर हृदय में राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को जीवंत करता रहा।जोश और देशभक्ति से सराबोर माहौल में विधायक हरिन्द्र सिंह ने होडल की जनता को संबोधित करते हुआ कहा कि पहलगाम की घटना के बाद जिस तरह से भारत सरकार ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में साहसिक निर्णय लेते हुए भारतीय सेनाओं ने अपने शौर्य और पराक्रम का प्रदर्शन किया वह अविस्मरणीय है। सेना केवल सीमाओं की रक्षा नहीं करती, बल्कि वह राष्ट्र के आत्मसम्मान की प्रतीक है। यह तिरंगा यात्रा हमारे वीर सपूतों के सम्मान में एक छोटा सा लेकिन सार्थक प्रयास है।द्ध

हमें गर्व है कि हम ऐसे जवानों के देशवासी हैं जो हर परिस्थिति में मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने को तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि देशवासियों के लिए जो निर्णय लिए गए हैं, वे हम सभी के लिए गर्व की बात हैं। अगर आतंक के आका भारत की तरफ आंख उठाएंगे, तो हमारी सेनाएं, सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें करारा जवाब देने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भारत माता की गरिमा और प्रतिष्ठा के प्रतीक तिरंगे को कभी झुकने नहीं दिया। तिरंगा यात्रा, भारत माता की महिमा और गौरव का उत्सव है। यह हमारे राष्ट्र के आत्मगौरव, अदम्य साहस और एकता का प्रतीक है। यह उन शूरवीरों को समर्पित है जिन्होंने हर चुनौती का डटकर सामना किया और शत्रु को उसकी ही शैली में उत्तर दिया।

# समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से कुरुक्षेत्र की जाट धर्मशाला में लगाया गया विशाल रक्तदान शिविर



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र की जाट धर्मशाला में आज नगर की विभिन्न सामाजिक संस्थाएं, स्वतंत्रता समूह सेवा समिति, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पूर्व छात्र एसोसिएशन,जन सहयोग संस्था कुरुक्षेत्र एवं जाट एम्पलाइज एसोसिएशन और ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ की ओर से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जाट सभा कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉक्टर कृष्ण श्योकंद ने रिबन कटकर रक्तदान शिविर का शभारंभ किया । इस अवसर पर कई लोगों ने रक्तदान किया। वहीं पत्रकारों से बातचीत में कुरुक्षेत्र जाट सभा के प्रधान कृष्ण श्योकंद और उपप्रधान बनी सिंह ढुल ने कहा कि नवनियुक्त कार्यकारिणी का यह सबसे पहले सामाजिक कार्य है।

इसके साथ ही वह युवाओं को नशे से दूर रहकर और सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस तरह के कार्यक्रमों में युवाओं की भागीदारी निश्चित रूप से समाज और प्रदेश को बदलने का कार्य कर सकती है।

वही जन सहयोग संस्था के अध्यक्ष मास्टर जितेंद्र ने कहा कि उनकी संस्था समय-समय पर सामाजिक कार्य पिछले लंबे समय से करती आ रही है।

## संपादकीय

# डिजिटल युग में बचपन और रिश्तों का संकट


**डिजिटल** युग ने जहां हमारी दुनिया को एक-दूसरे के बेहद करीब ला दिया है, वहीं इसके प्रभाव ने बच्चों के जीवन और पारिवारिक रिश्तों में गहरे बदलाव भी ला दिए हैं। आज के बच्चे आँगन की मिट्टी छोड़कर स्मार्टफोन, टैबलेट और गेमिंग की आभासी दुनिया में खोते जा रहे हैं। उनका बचपन अब स्क्रीन की चकाचौंध में डूबा है, जिससे न केवल पारिवारिक रिश्ते कमजोर हो रहे हैं, बल्कि उनकी मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक सेहत पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है।कुछ दशक पहले का बचपन आज से बिलकुल अलग था। आँगन में कंचे खेलना, मिट्टी में खेलना, दौड़-भाग और गली-मोहल्ले में दोस्तों के साथ मस्ती करना, हर बच्चे की जिंदगी का अनिवार्य हिस्सा था। बच्चे पसीने से तरबतर होकर घर आते थे। माँ की ममता भरी थपकी और दादी की कहानियाँ उनके दिन की खुशी का आधार हुआ करती थीं। उस वक्त डिजिटल उपकरणों का नामोनिशान भी नहीं था।आज का बचपन बदले हुए दौर की पहचान है। बच्चे मोबाइल फोन, टैबलेट और वीडियो गेम्स की दुनिया में उलझे रहते हैं। वे घंटों एक छोटी सी स्क्रीन के सामने बैठकर आभासी पात्रों के साथ लड़ते-झगड़ते हैं, लेकिन असली दुनिया से उनकी दूरी बढ़ती जा रही है। वे पारिवारिक संवाद और वास्तविक सामाजिक मेलजोल से दूर हो रहे हैं।मनोवैज्ञानिक और शोधकर्ता इस बात पर सहमत हैं कि बच्चों में स्क्रीन टाइम का अत्यधिक उपयोग उनके मानसिक और शारीरिक विकास के लिए नुकसानदायक है। राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य सर्वेक्षण-2023 के अनुसार, 12-18 वर्ष के लगभग 75% बच्चे दिन में चार से छह घंटे तक मोबाइल या टैबलेट का उपयोग करते हैं, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक इस उम्र के बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम दो घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए। अधिक देर तक स्क्रीन देखने से बच्चों की नींद प्रभावित होती है, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता घटती है और मानसिक तनाव बढ़ता है। इससे अवसाद, चिड़चिड़ापन और अकेलेपन जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। साथ ही शारीरिक रूप से भी वे सक्रिय नहीं रहते, जिससे मोटापा, दृष्टि की कमजोरी और अन्य स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें बढ़ रही हैं।परिवार के सदस्य भी एक-दूसरे के साथ समय बिताने की बजाय अपने-अपने मोबाइल या डिजिटल उपकरणों में खोए रहते हैं। भोजन करते समय भी अधिकतर लोग फोन पर व्यस्त रहते हैं। बच्चों के साथ संवाद की कमी उनके और माता-पिता के बीच भावनात्मक दूरी बढ़ा रही है। बच्चे अपने मन की बात कहने में संकोच करते हैं, जिससे उनका मनोबल कमजोर होता है। परिवार में संवाद की कमी से बच्चों की समझ और सहानुभूति विकसित नहीं हो पाती। वे अपनी भावनाओं को सही ढंग से अभिव्यक्त नहीं कर पाते, जो रिश्तों में दरार का कारण बनता है। इसका असर उनकी सामाजिक व्यवहार, दोस्ती और रिश्तों की गुणवत्ता पर भी पड़ता है।स्क्रीन के सामने बिताया गया अधिक समय बच्चों के सामाजिक कौशल को प्रभावित करता है। वे वास्तविक जीवन के संपर्क में कम आते हैं, जिससे उनकी संवाद क्षमता, सहनशीलता और टीम भावना कमजोर होती है।

# अनिवार्य है, कृतघ्न तुर्किए को कठोर संदेश देना

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

> तुर्किए के पाकिस्तान का साथ देने के बाद भारतीय पर्यटकों ने धड़ाधड़ तुर्की की यात्राएं कैंसिल करवानी शुरू कर दी है। भारतीय पर्यटकों को आज की तारीख में सिर्फ एक आम ट्रैवलर मानना बहुत बड़ी गलती है। क्योंकि ग्लोबल टूरिज्म इंडस्ट्री के लिए भारतीय पर्यटक एक आर्थिक स्तंभ बन चुके हैं। साल 2023 में भारतीय पर्यटकों ने दुनिया के अलग अलग हिस्सों में घूमने में 18 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च किए। ऐसे में अगर भारतीय पर्यटक किसी देश का बहिष्कार करते हैं तो वो सिर्फ एक सोशल मीडिया पर चलाया गया ट्रेंड नहीं होता है, बल्कि एक भूकंप होता है। पिछले साल जनवरी में मालदीव के कुछ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। जिसके बाद भारत और मालदीव के बीच विवाद काफी बढ़ गया

**जम्मू-कश्मीर** के पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 निर्दोष हिन्दू पर्यटकों की नृशंस हत्या के उत्तर में शुरू ऑपरेशन सिंदूर पाक समर्थित आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार बन गया। चार दिल चले ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सारी हेकड़ी निकल गई, और वो सीजफायर की भिक्षा मांगने लगा। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर अवश्य हो गया है, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बीच तुर्की खासा सुर्खियों में रहा और उसका पाकिस्तान प्रेम खुलकर सामने आ गया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन, तुर्किए और अजरबैजान का वास्तविक चेहरा अखिल विश्व के समक्ष अनावृत हो गया। पाकिस्तान ने इस दौरान भारत पर जो ड्रोन और मिसाइल दागे वो मेड इन चाइना और तुर्किए में बने थे। पाकिस्तान ने जो चीन की निकृष्ट मिसाइल और तुर्किए के ड्रोन भारत पर हमले में प्रयोग किये, उनके अवशेष सैन्य बलों के पास हैं। चीन और तुर्किए अब इन प्रमाणों को नकार नहीं सकता है। सीजफायर के बाद पाकिस्तान के मित्र तुर्किए के विरुद्ध भारत में विरोध शुरू हो गया है और सोशल प्लेटफार्म पर बॉयकाट तुर्की मुहिम जोर पकड़ने लगी है। भारतीय टूरिस्ट तुर्किये और अजरबैजान का बॉयकॉट कर रहे हैं। मोदी सरकार ने भी तुर्की को सबक सिखाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिये हैं। लेकिन जिस तरह देशवासियों ने स्वतः तुर्की और अजरबैजान का बॉयकॉट करने की मुहिम छेड़ी है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए, वो कम है। भारतीय नागरिकों के इस भाव का प्रभाव तुर्किए के अरबों डॉलर के व्यापार पर पड़ने वाला है। तुर्किये एहसान फरामोशी का सबसे कलंकित उदाहरण हो सकता है। जब फरवरी, 2023 में तुर्किए में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, लगभग चालीस हजार लोग मारे गए थे, इमारतें मिट्टी-मलबा हो गई थीं, तब भारत ने मदद का पहला हाथ बढ़ाया था। भारत ने भूकंप के अलावा भी तुर्किये की कई बार सहायता की है, लेकिन जब मौका आया तो उसने कृतघ्नता ही दिखाई और भारत के शत्रु के पक्ष में खड़ा हो गया। 2009 में तुर्किये ने पहली नैनो सैटेलाइट आईटीयूपीसेट-1 बनाई, जिसे स्पेस में नई टेक्नोलॉजी पर रिसर्च करना, पृथ्वी की तस्वीरें लेना और आंकड़ा एकत्र करने के लिए भेजा जाना था। इस लॉन्च में भारत



ने तुर्किये की मदद की थी। इस सबके उपरांत तुर्किये सदैव पाकिस्तान का समर्थन करता रहा है। तुर्किये ने 2019 में भारत के धारा 370 हटाने का भी विरोध किया था। इसके बाद से लगातार तुर्किये यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली यानी यूएनजीए में कश्मीर का मुद्दा उठाता आया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 6-7 मई की रात भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया, तो तुर्किये खुलकर पाकिस्तान के साथ दिखा। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि तुर्किये ने पाकिस्तान को करीब 350 ड्रोन और उन्हें चलाने के लिए ऑपरेटर भेजे। 4 मई को तुर्किये ने नौसेना का युद्धपोत टीसीजी बुयुकडा (एफ-512) पूरे बेड़े के साथ पाकिस्तान के कराची पोर्ट पर भेज दिया। तुर्किए ने पाकिस्तान के पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच की अनुशंसा का भी समर्थन किया। 10 मई को सीजफायर के बाद शहबाज शरीफ ने एर्दोगन को मदद करने के लिए शुक्रिया अदा किया।
तुर्किए के पाकिस्तान का साथ देने के बाद भारतीय पर्यटकों ने धड़ाधड़ तुर्की की यात्राएं कैंसिल करवानी शुरू कर दी है। भारतीय पर्यटकों को आज की तारीख में सिर्फ एक आम ट्रैवलर मानना बहुत बड़ी गलती है। क्योंकि ग्लोबल टूरिज्म इंडस्ट्री के लिए भारतीय पर्यटक एक आर्थिक स्तंभ बन चुके हैं। साल 2023 में भारतीय पर्यटकों ने दुनिया के अलग अलग हिस्सों में घूमने में 18 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च किए। ऐसे में अगर भारतीय पर्यटक किसी देश का बहिष्कार करते हैं तो वो सिर्फ एक सोशल मीडिया पर चलाया गया ट्रेंड नहीं होता है, बल्कि एक भूकंप होता है। पिछले साल जनवरी में मालदीव के कुछ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। जिसके बाद भारत और मालदीव के बीच विवाद काफी बढ़ गया। भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का बहिष्कार शुरू कर दिया, जिसने कुछ ही समय में मालदीव के नेताओं को घुटने टेकने के लिए विवश कर दिया। मालदीव की अर्थव्यवस्था, जिसमें टूरिज्म सेक्टर का 28 प्रतिशत योगदान है, उसे गहरा धक्का लगा था, लिहाजा अब बारी तुर्की की है।
पिछले कुछ सालों में भारी संख्या में भारतीय पर्यटकों ने घुमने के लिए तुर्की को चुना है। साल 2023 में करीब 2.74 लाख भारतीय नागरिक घूमने के लिए तुर्की गये थे। जबकि 2024 में तुर्की जाने वाले भारतीय पर्यटकों का ये आंकड़ा बढ़कर करीब 3.5 लाख पहुंच गया। भारतीय लोगों के बीच शादी करने, हनीमून मनाने और फैमिली ट्रिप्स के लिए तुर्की तेजी से लोकप्रिय हो रहा था। लेकिन 2025 में तुर्की ने पाकिस्तान का समर्थन करके भारतीयों को अपने विरूद्ध कर लिया है। इसके अलावा भारत जैसे देशों के पर्यटकों का बहिष्कार सिर्फ आर्थिक नहीं, राजनीतिक संदेश भी होता है। पर्यटन के अलावा भारतीय बाजारों में तुर्की से आयातित सेब की बिक्री पर भी प्रभाव पड़ा है। भारतीय कारोबारियों ने अब ईरान, अमेरिका और न्यूजीलैंड से सेब खरीदना शुरू कर दिया है। सेब उत्पादन करने वाला संघ, जो पहले से ही विदेशों से मंगाए जाने वाले सेब की वजह से नाराज रहता था और तुर्की के सेब पर प्रतिबंध लगाने की मांग करता रहता था, वो अब प्रसन्न है। इस वित्त वर्ष में तुर्की से 1 लाख 60 हजार टन सेब खरीदे गये थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत तुर्की के साथ व्यापारिक संबंध समाप्त करने की तैयारी मे। भारत तुर्की से दाल, तिलहन और स्टील जैसी चीजें खरीदता है। दोनों देशों के बीच व्यापार को 20 अरब डॉलर तक ले जाने की योजना थी। लेकिन अब बदले वातावरण में यह संबंध पूर्णत समाप्त हो सकते हैं। 15 मई केंद्र सरकार ने तुर्किये की कंपनी सेलेबी एविएशन की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी। यह दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु सहित प्रमुख भारतीय हवाई अड्डों पर हाई सिक्योरिटी ऑपरेशन संभालती है। भारत के प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों ने भी तुर्की से एकेडमिक समझौते रद्द कर दिये हैं। इनमें जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी यानी जेएनयू, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, आईआईटी रुड़की, शारदा विश्वविद्यालय और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी शामिल हैं। भारत सरकार ने व्यापार के अलावा कूटनीति के मोर्चे पर भी तुर्किये को बड़ा सबक सिखाने का मन बना लिया है। तुर्किये को सबक सिखाने के लिए भारत उसके अंदर के मुद्दों को बाहर लाएगा। तुर्किये में लगातार बढ़ रही मानवाधिकार हनन की घटनाओं को भारत यूनाइटेड नेशन्स के समक्ष रख सकता है। इसके अलावा साइप्रस का मुद्दा तुर्किये की सबसे बड़ी कमजोरी बन चुका है। तुर्किए और साइप्रस के बीच की जंग दशकों पुरानी है, इसके बावजूद तुर्किये इसे समाप्त नहीं कर पा रहा। भारत इस मुद्दे के सहारे तुर्किये को सबक सिखा सकता है। येन-केन-प्रकारेण, तुर्किये ने इस्लामी देशों का खलीफा बनने की भ्रांति पाल रखी है, इसलिए उसकी हेकड़ी तोड़ना अत्यावश्यक है। तुर्किए को सबक सिखाना इसलिए भी अहम है क्योंकि अखिल विश्व को यह संदेश देना चाहिए कि भारत के शत्रु का जो भी साथ देगा, उसे भारत शत्रु की श्रेणी में ही रखेगा। व्यापार, हानि–लाभ और कूटनीति अपने स्थान पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में कहा जाए तो हमारे दिल में नेशन फर्स्ट का भाव सर्वोच्च होना चाहिए।

## कविता

**नियत अच्छी, इरादे साफ**
**रखिए।**
**जिंदगी के हर पल चमकदार नहीं होते,**
**जिंदगी में हर पल चमत्कार नहीं होते।**

**ईमान और पसीने से बनती है जिंदगी,**
**बेईमान कभी भी इज्जतदार नहीं होते।**

**नियत अच्छी और इरादे सैफ रखिए,**
**आस्तीन के सांप वफादार नहीं होते ।**

**गर नमक खाया वतन का तो अदा कर,**
**नमक हराम कभी अच्छे पहरेदार नहीं**
**होते**

**जख्म पर अपने मरहम की उम्मीद मत**
**कर**
**हर उठे हुए हाथ मददगार नहीं होते '**

**जमाने की चकाचौंध से फिसल मत**
**जाना संजीव,**
**सफेद लिबास में हर कोई ईमानदार नहीं**
**होते**

**संजीव**

# कांग्रेस ने ही छीनी अपने दलित मुख्यमंत्री से कुर्सी

**हरीश शिवनानी**

**बात** जब कभी साहित्य और राजनीति की चलती-निकलती है पाँच साल कम आधी सदी पहले हुआ महादेवी वर्मा और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया का वाकया भी पूरी गर्वोक्ति के साथ सुनाया जाता है कि किस तरह साहित्य के आगे राजनीति को झुकना पड़ा था। सच यह है कि राजनीति झुकी जरूर थी लेकिन राजनीति से ही, न कि साहित्य से। साहित्य तो महज एक आड़ था, इस आड़ के पीछे राजनीति की चौसर कुछ ऐसी बिछाई गई कि कभी नेहरु के आगे मुखर होकर बोलने वाले राजस्थान के अब तक के एक मात्र दलित मुख्यमंत्री नेहरु के बेटी इंदिरा के सामने बेबस हो गए और उन्हें अपनी कुर्सी छोड़नी पड़ी थी। किस्सा यों कि वह दस जनवरी 1981 की रात थी। जयपुर के रवींद्र मंच मंच पर एक साहित्यिक कार्यक्रम था। मुख्य अतिथि थीं- महादेवी वर्मा। महादेवी जीं उस दौर में अपनी प्रसिद्धि के शिखर पर थीं। अध्यक्षता कर रहे थे प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया। कार्यक्रम में अनेक साहित्यकार भी थे। कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय संबोधन में मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया ने कुछ ऐसा कह दिया कि वो उनके लिए पॉलिटिकल हाराकिरी (राजनीतिक आत्महत्या) तो साबित हुआ, उधर, महादेवी जी के बारे में भी बरसों से यह लिखा,पढ़ा,कहा,माना जाता रहा कि इन्होंने इंदिरा गांधी से अपने संबंधों का इस्तेमाल कर जगन्नाथ पहाड़िया को अपने पद से हटवा दिया। यह अर्धसत्य है। बात यह थी कि उस रात रवींद्र मंच के खचाखच भरे सभागार में पहाड़िया ने सीधे-सट्ट कह दिया कि- ह्लमहादेवी वर्मा की कविताएं मेरे कभी समझ में नहीं आईं कि वे आखिर कहना क्या चाहती हैं? उनकी कविताएं आम लोगों के सिर के ऊपर से निकल जाती हैं, मुझे भी कुछ समझ में नहीं आतीं। आज का साहित्य जन-जन को समझ आए, ऐसा होना चाहिए। जाहिर है सभी साहित्य प्रेमियों का इस पर उखड़ना स्वाभाविक था। कार्यक्रम में मौजूद युवा लेखक-पत्रकार सत्यनारायण ने सबसे पहले खड़े होकर प्रतिरोध किया। आगे चलकर जोधपुर विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में प्रोफेसर बने डॉ. सत्यनारायण अब उस प्रकरण को याद करते हुए बताते हैं कि कि पहाड़िया की इस टिप्पणी पर महादेवी जी ने प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की। इस घटना को लेकर समय-समय पर पत्र-पत्रिकाओं में और बाद में सोशल मीडिया पर उसे अपने-अपने तौर पर लिखा जाता रहा है और इस प्रकरण को ऐसे स्थापित किया जाता है कि महादेवी वर्मा की वजह से एक मुख्यमंत्री की कुर्सी चली गई। सच्चाई यह भी है कि इन पैंतालीस सालों में महादेवी वर्मा से जुड़ा ऐसा कोई लेख-आलेख साक्षात्कार नहीं मिलता है जिससे यह साबित हो कि महादेवी जीं ने इस प्रकरण से रुष्ट होकर इंदिरा गांधी से अपने अपमान संबंधी कोई शिकायत की थी।

## विचार

# नौकरी पात्रता में पुराना ढर्रा छोड़ें सरकार

**प्रेम शर्मा**

**आज का** जीवन तेजी से डिजिटलीकृत हो रहा है। कंप्यूटर शिक्षा युवाओं को इस बदलती दुनिया के साथ तालमेल बिठाने में मदद करती है। कंप्यूटर कौशल की मांग सभी क्षेत्रों में बढ़ रही है। जिससे कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त युवाओं को विभिन्न प्रकार के रोजगार प्राप्त करने में मदद मिलती है। शायद यही कारण है कि देश के युवाओं ने अपनी शिक्षा के साथ अब कम्युटर शिक्षा को अनिवार्य मानते हुए अलग अलग तरीके के कम्यूटर कोर्स करने शुरू कर दिये है। प्रतिवर्ष राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान से प्रमाणित यूपीटेक जैसे तमाम जगहों से प्रतिवर्ष हजारों बच्चे कंप्यूटर की शिक्षा लेकर ट्रिपल सी, ओ लेबिल, एलेबिल, डाटा एन्ट्री, टेली विथ जीएसटी आदि के प्रमाण पत्र लेकर कंप्यूटर शिक्षा में दक्ष होकर बेकार घूम रहे है। यही नही इंटर के बाद सरकारी सेवा की लालच में बच्चों ने बीसीए और एमसीए को अपना टारगेट बना रखा है। हजारों बच्चें आज बीसीए और एमसीए करने के बाद निजी संस्थानों में काफी कम मानदेय में नौकरी कर रहे है। केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा निकाली जाने वाली भार्तियों में आज भी लगभग वही पुराना ढर्रा अपनाया जा रहा है। अब जबकि ग्राम पंचायत से लेकर शीर्ष कार्यालयों तक कंप्यूटरीकरण का अत्याधिक उपयोग शुरू हो चुका है ऐसे में पुराने ढर्र पर भार्तियों के चलते शिक्षणा संस्थानों से लेकर आम और खास कार्यालयों तक में कंप्यूटर शिक्षित कीर्मिकों की कमी खल रही है। हालांकि केन्द्र एवं राज्य सरकारों ने कर्म खर्च में काम की रणनीति अपनाते हुए संविदा और ठेका प्रणाली से नाममात्र के कंप्यूटर शिक्षित लोगों को काम दे रखा है लेकिन उसका उतना लाभ न तो सरकार उठा पा रही है न ही आम जनमानस को उसका लाभ मिल पा रहा है। यहॉ यह मुद्दा उठाने के पीछे कई लाजिक है। जैसे पुलिस विभाग में आज के दौर में सबसे ज्यादा साइबर अपराध हो रहे ऐसे में इस क्षेत्र के आपराधियों से निपटने के लिए भारी भरकम शरीर या उच्च शिक्षित कार्मिक की जगह अगर कंप्यूटर विशेषज्ञ इनके साइबर सेल शामिल किए जाए तो इस तरह के अपराधियों को पकड़ने में सहायता मिलेगी। अगर इस आधार पर प्रत्येक जिले के साइबर सेल में कंप्यूटर विशेषज्ञों की भर्ती की जाए तो काफी कंप्यूटर विशेषज्ञ छात्रों को रोजगार मिल सकता है। यही हाल रेलवे, कृषि, स्वास्थ्य, परिवहन, ऊर्जा मंत्रालय,राजस्व, आयकर, बिक्रीकर सहित शिक्षा विभाग का है। केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के सचिवालयों में तो हर हाल में कंप्यूटर विशेषज्ञों भर्ती होनी चाहिए। क्योकि अब तक सचिवालयों में 90 प्रतिशत काम पेपर लेस के करीब पहुंच चुका है। यही नही अगर वाकई सरकार पेपर लेस वर्क के आधार पर काम कर रही है तो उसे हर छोटे से बड़े विभाग में एक अलग कंप्यूटर विंग बनाना चाहिए जिसमें उधर या आधे अधूरे ज्ञान वाले नही बल्कि पात्र कंप्यूटर विशेषज्ञों की तैनाती की जाए। क्योकि पिछले कुछ सालों में हर विभाग में कंप्यूटरीकरण के नाम पर हजारों हजार कंप्यूटर खरीद कर इन्टरनेट से जोड़ तो दिये गए लेकिन कार्मिकों को कंप्यूटर का ज्ञान न होने के कारण वे डिब्बे या फिर गेम खेलने के काम आ रहे है। अगर सरकार एक बार अपना पुराना भर्ती की पात्रता को दरकिनार कर हर विभाग में फिलहाल रिक्त पदों पर पद के सापेक्ष 50 प्रतिशत पदों पर कंप्यूटर की पात्रता वाले युवाओं को भर्ती कर ले तो व्यापक स्तर पर सुधार दिखाई देगा। हालाकि कि सरकार की अपनी नीति के तहत केन्द्र एवं राज्य सरकारों के अधिनस्थ रिक्त पदों की संख्या खुलकर या स्पष्ट रूप से सामने नही आती लेकिन कभी कभार सदन में उठाये जाने वाले प्रश्नों के माध्यम से पता चलता है कि केन्द्र सरकार के अधिनस्थ वर्तमान समय से दस लाख और प्रत्येक राज्य सरकारों में औसतन 30 से 40 प्रतिशत पद रिक्त है। सबसे खात बॉत यह कि चतुर्थ श्रेणी संवर्ग जिसमें परिवाार का भरण पोषण होता था उसे समाप्त कर सरकार ने ठेका प्रथा के हवाले कर इस संवर्ग के लोगों का मानसिक, आर्थिक शोषणा का रास्ता खोल दिया है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# श्रेष्ठ सफलता के लिए चिंता नही चिंतन की आवश्यकता

**संजीव**

**निराशा औ**र चिंता मनुष्य के जीवन की प्रगति के बड़े बाधक हैं' निराशा को तत्काल विचारों से अलग करें और चिंता को अपने मस्तिष्क में ना आने दे अन्यथा अत्यधिक चिंता व्यक्ति को चिता तक ले जाने में देर नहीं करती है अतः सकारात्मक सोच के साथ नवीन संकल्प और दृढ़ निश्चय रखकर जीवन के पथ में अग्रसर हो हों' मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सके' कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता है' निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है' जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है' बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं' सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं' मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए ' यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है।

# अनायास ही नहीं किया गया कर्नल कुरैशी का अपमान

**तनवीर जाफरी**

**मध्य** प्रदेश सरकार का विजय शाह नामक एक मंत्री इन दिनों अपनी बदजुबानी को लेकर चर्चा में है । यह व्यक्ति मध्य प्रदेश की हरसूद विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार की हैसियत से लगातार आठ बार विधायक चुना जा चुका है। उस ने पिछले दिनों भारत पाक तनाव के दौरान हुये ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद भारतीय सेना की प्रवक्ता के रूप में भारतीय सेना का पक्ष रखने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में अत्यंत विवादित और आपत्तिजनक बयान दे दिया जिससे देश के आम लोगों से लेकर अदालत तक घोर गुस्से में आ गई। इस बड़बोले मंत्री ने एक सार्वजनिक सभा में कर्नल सोफिया को "आतंकियों की बहन" बताया और उनके बारे में अपमानजनक टिप्पणी की। पहलगाम में हुये कायराना आतंकी हमले का संदर्भ देते हुये विजय शाह ने एक जनसभा में कहा कि "जिन लोगों (आतंकवादियों ) ने हमारी बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था, मोदी जी ने 'उन्हीं की बहन' भेजकर उनकी ऐसी की तैसी करा दी।" निश्चित रूप से यह बयान न केवल उस मंत्री के अज्ञान को दशार्ता है बल्कि इस तरह का बयान देकर उसने कर्नल सोफिया कुरैशी की बहादुरी उनकी राष्ट्रभक्ति और भारतीय सेना में उनके योगदान का भी अपमान किया। हालांकि अपनी इस अति विवादित टिप्पणी के बाद देश में उसके विरुद्ध उपजे आक्रोश को देखते हुये उसने मुआफी मांग ली और कहा कि अगर उनके बयान से किसी को ठेस पहुंची हो तो वे इसके लिए खेद प्रकट करते हैं। परन्तु मंत्री के इस बयान पर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए उसके विरुद्ध देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने का आदेश दे दिया। परिणाम स्वरूप इंदौर जिले के महू के मानपुर थाने में उसके विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज हो गई। सुप्रीम कोर्ट ने भी मंत्री विजय शाह को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि एक संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी का एहसास होना चाहिए और ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने विजय शाह द्वारा, दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग पर अंतरिम राहत देने से भी इनकार कर दिया और मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश पर रोक लगाने से भी मना कर दिया।

## न्यूज फ्लैश

### श्रीकांत जाधव ने रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र को 7 वर्ष पूर्ण होने पर दी बधाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र।** रोटी बैंक के संस्थापक सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र को आज फोन कर बधाई दी। उन्होंने रोटी बैंक के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि रोटी बैंक द्वारा नियमित जरूरतमंदों को भोजन वितरण, सूखा राशन वितरण, ऋतू अनुसार वस्त्र वितरण, पैरों के लिए चप्पल और जूते, स्वच्छता के लिए नहाने का साबुन, ब्रश, पेस्ट, फल और मिठाइयां आदि का कार्य करना अति सराहनीय है। उन्होंने आगे कहा कि रोटी बैंक द्वारा जो शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पुस्तकें, कॉपी एवं स्टेशनरी आदि का जो कार्य किया है, वह भी अति सराहनीय है। उन्होंने कुरुक्षेत्र जिले के वर्तमान और पूर्व में रह चुके सभी पुलिस अधीक्षकों को भी बधाई देते हुए कहा कि उनके सहयोग के बिना यह संभव नहीं था। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने यह जानकारी आज भोजन वितरण करते हुए साझा की। आज दोपहर में नागरिक अस्पताल कुरुक्षेत्र में भोजन वितरण किया गया। इसके साथ ही आज दूसरे स्थान पर वात्सल्य वाटिका में भोजन परोसा गया। भोजन परोसते हुए डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि रोटी बैंक की स्थापना सेवानिवृत आईपीएस अधिकारी श्री श्रीकांत जाधव साहेब द्वारा 2017 में की गई थी। उनके दिशानिर्देशों से ही कुरुक्षेत्र में रोटी बैंक का श्रीगणेश वर्ष 16 मई 2018 में किया गया था। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र के महासचिव कर्म चंद ने बताया कि वे प्रतिदिन अपनी उपस्थिति में भोजन तैयार करवाते हैं और भोजन वितरण के लिए ई रिक्शा के साथ चलते हैं। रोटी बैंक के साथ न केवल पुलिस कर्मचारी जुड़े हैं अपितु जनता के लोगों द्वारा बहुत अधिक सहयोग किया जा रहा है। मुख्य रूप से सहयोगियों में पदाधिकारी राजकुमारी पंवार, भारतेन्दु हरीश, नरेश सैनी, कर्म चंद, पंकज ठकराल, सूरज कमल सेठ, नरेश मेहता, डॉ. एमएम सिंह, विश्व बेदी, डॉ. अरुण कुमार धीमान आदि हैं। मासिक सहयोग करने के साथ साथ अनेक सेवाभावी लोग रोटी बैंक से जुड़कर अपने जन्मदिन, वर्षगाँठ और पुण्यतिथि आदि पर भोजन परोसते हैं। इस संस्था से कोई भी व्यक्ति जुड़ सकता है और कोई भी जरूरतमंद सहायता के लिए आ सकता है। दिन के समय 11 बजे पुलिस लाइन से भोजन ग्रहण कर सकता है।

### संस्कृत प्रवक्ता मधु लता शर्मा को ममाज टीम सदस्यों ने किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बवानियां में कक्षा 12 में पढ़ने वाले बच्चों ने हरियाणा बोर्ड परीक्षा में संस्कृत विषय में सात बच्चों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं। एक बच्चे ने 99 अंक प्राप्त किए हैं। इसके अलावा 10वीं कक्षा में एक बच्चे को 100 में से 100 अंक प्राप्त किए है। बच्चों की इस सफलता प्राप्त करने में मेहनत करने वाली संस्कृत प्रवक्ता सिसोठ निवासी मधुलता पत्नी अमित शर्मा को मिशन महेंद्रगढ अपना जल टीम सिसोठ के सदस्यों ने ममाज की तरफ से हरियाली का प्रतीक पौधा भेंटकर सम्मानित किया।इस अवसर पर मिशन महेंद्रगढ अपना जल टीम सदस्य मुकेश चौहान, माता भूरा भवानी मंदिर कमेटी सिसोठ प्रधान एवं ममाज टीम सदस्य संदीप यादव, परमजीत, शिव कुमार, रजनीश यादव, मास्टर अमित शर्मा, प्रदीप चौहान, सुमित्रा देवी, डॉक्टर ज्योति चौहान, वामिका, आरवी उपस्थित रही।

# सैनिकों के सम्मान में अम्बाला कैंट में निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा

## 40 वर्षों में पहली बार इतनी बड़ी और जोशीली तिरंगा यात्रा देखी है: विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए हिंदुस्तान का आगाज हो रहा है जो अपने दुश्मन को सबक सिखाना जानता है। हम हिंदुस्तानी पूरी तरह से अपनी सेनाओं को अपना समर्थन देते हैं और उनके आगे नतमस्तक होते हैं।

सैनिकों के सम्मान में आज अम्बाला छावनी में तिरंगा यात्रा निकाली गई है जो सैनिकों का उत्साहवर्धन करेगी। विज अम्बाला छावनी में भारतीय सेनाओं के सम्मान में आयोजित की गई तिरंगा यात्रा में विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।



भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान पर सटीक हमला कर आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई में मिली जीत व सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया था जिसमें हर वर्ग के लोगों ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया।

ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि पाकिस्तान पिछले लंबे समय से अपनी खुराफातों में लगा था और पहलगाम में पाक परस्त आतंकियों ने धर्म पूछ-पूछकर निहत्थे लोगों को गोलियां मारी और उन्हें मारा। इससे पहले आतंकी घटनाएं होती थी तो पूर्व सरकारें श्रद्धांजलियां देकर घरों में चले जाते थे, मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को ललकारते हुए कहा आतंकियों को उन्हें उनके घर में घुसकर मारेंगे। उन्होंने बताया कि चार दिन में भारत ने सटीक हमले करते हुए उनके घुटने ठिकवा दिए। हमारी तीनों सेनाओं ने, हमारी इंटेलीजेंस ने सटीक निशाने बताए और हमने इन निशानों को उड़ा दिया और एक भी हमला बेकार नहीं किया। लगभग 15 स्वदेशी ब्राह्मोस मिसाइलें से पाकिस्तान में आतंकी अड्डो, एयरपोर्ट, एयर कमांड सेंटरों को तहस-नहस कर दिया गया। पहले पाकिस्तान इंकार करता रहा, मगर अभी उसने क्षतिग्रस्त हुए हवाई अड्?डों को दुरुस्त करने के लिए टेंडर निकाला है जो यह साबित करता है कि हमारे सैनिकों ने अचूक निशाने मारकर पाकिस्तान को सबक सिखाया है।

## भारतीय सेना ने आतंकवाद को सिखाया कड़ा सबक: कश्यप



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता तथा देशभक्ति व राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत करने के लिए इन्द्री में आज तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में आए लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित करके देश के जवानों के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करने का काम किया। सिंचाई विभाग के विश्रामगृह से निकाली गई इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने किया। यात्रा में शामिल प्रत्येक नागरिक के हाथ में भारत की आन-बान-शान तिरंगा देखने को मिला। इस तिरंगा यात्रा में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व राजनैतिक दलों के कार्यकताओं ने भाग लिया।विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने देश की बहादुर सेना और मजबूत नेतृत्व को नमन करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के कारण आज देश का हर नागरिक उत्साहित है, खुश है और सुरक्षित महसूस कर रहा है। विधायक ने यात्रा में शामिल लोगों का आभार जताते हुए कहा कि दुनिया के इतिहास में ऐसा कोई युद्ध नहीं हुआ है जिसमें दुश्मन ने तीन दिन के भीतर ही घुटने टेक दिए हों।

## खरखौदा को गोहाना में मिलाने के विरोध में जुटे क्षेत्रवासी

**टीम एक्शन इंडिया**
**/सोनीपत**

खरखौदा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में रविवार को क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों की बैठक पृथ्वी सिंह पंवार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से खरखौदा को गोहाना जिले में शामिल करने के प्रस्ताव का विरोध किया गया। हंसराज राणा, मास्टर राजेंद्र सिंह, रोहतास दहिया, राम दिया, विकेश, सुरेश जटोला व अन्य वक्ताओं ने कहा कि गोहाना को जिला बनाए जाने पर आपत्ति नहीं है, लेकिन खरखौदा को उसमें शामिल करना अनुचित है। सोनीपत मात्र 15 किलोमीटर दूर है।

## श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर ने 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**परीक्षा परिणाम**

**विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम : राजेश शर्मा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आज हरियाणा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं कक्षा परीक्षा परिणाम में हमेशा की तरह इस बार भी श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर हथीरा ने क्षेत्र में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देकर परचम लहराया।? विद्यालय के चेयरमैन डॉ. ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि विद्यालय में इस वर्ष 32 बच्चों ने परीक्षा दी, जिसमें 24 बच्चों ने मैरिट में स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा।



ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि 10वीं कक्षा में सारिका ढिल्लों ने 500 अंक में से 471 अंक, तृप्ति ने 457 अंक, श्रुति ने 456, दिशा ने 455, अमनदीप ने 440, राजसी ने 427, प्रिया ने 426, हिमांशु ने 425 अंक, प्रिया ने 424, मुस्कान ने 422, शगुन इन्सा ने 422, गीतिका देवी ने 420, नैन्सी ने 419, कृष ने 414, खुशबू शर्मा ने 409, खुशी ने 408, हिमांशी ने 401, हर्ष ने 396, हिमांशु ने 393, कैशप्रीत कौर ने 388, ईशाना दीप ने 385, ऐशवीन ने 385, संचित ने 382, हार्दिक ने 381 अंक हासिल विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रिंसिपल राजेश शर्मा ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह बच्चों की मेहनत व अध्यापकों की लग्न का परिणाम है जो बच्चों ने यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास की ओर ध्यान दिया जाता है जिससे स्कूल के बच्चे हर वर्ष बेहतर परिणाम लाते हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर से प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ ।** महेंद्रगढ़ में आयोजित मुख्यमंत्री के धन्यवाद कार्यक्रम के अवसर पर हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने प्रभावशाली एवं भावनात्मक भाषण के माध्यम से दक्षिण हरियाणा की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की जागरूक एवं राष्ट्रभक्त जनता ने हमेशा लोकतंत्र को मजबूती दी है और सरकारों के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाई है।

मंत्री आरती राव ने कहा कि भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा सीट से सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह का तीसरी बार विजयी होना क्षेत्र की जनता के विश्वास और समर्थन का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि ये इतिहास में पहली बार हुआ है कि हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार बनी है। यह पूरे दक्षिण हरियाणा के लिए गर्व की बात है।


आरती सिंह राव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए "ऑपरेशन सिंदूर" की सफलता को देश की सुरक्षा नीति में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है कि देश ने हर चुनौती का मुंहतोड़ जवाब दिया है।

## साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की तत्काल सूचना देने के लिए डायल करें 1930: नेहा सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को ध्यान में रखते जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि वे ऐसे मामलों की तत्काल सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क सकते हैं।

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि पिछले कुछ सालों से लोगों में ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते केज



के कारण अक्सर लोग सोशल मीडिया पर बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या फिर इनामी विज्ञापनों के झांसे में आ जाते हैं। ऐसे में पहले यह सुनिश्चित कर लें कि इस्तेमाल की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर संभव है तो कोशिश करें कि ऑनलाइन साइट्स से सामान मंगवाते समय कैश ऑन डिलीवरी का ऑप्शन चुने ताकि आपकी बैंक और कार्ड डिटेल साइबर अपराधियों के हाथ न लग सके। उपायुक्त ने कहा कि यदि फिर भी किन्ही कारणों से आपके साथ किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है तो आप सबसे पहले हेल्पलाइन नंबर 1930 डायल करें और अपनी शिकायत को साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करें। जिला के युवाओं से अपील की है कि वे साइबर अपराधों से सावधान रहें और अपने परिवार के सदस्यों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि पहले साइबर फ्रॉड की सूचना के लिए 155260 हेल्पलाइन की सुविधा प्रदान की गई थी लेकिन अब केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा उपरोक्त नंबर की जगह 1930 हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि साइबर धोखाधड़ी जैसे अपराध की रिपोर्ट करने के लिए पुलिस स्टेशन जाकर पारंपरिक तरीके से एफआईआर करवाना व उसकी जांच होना एक लंबी प्रक्रिया है। ऐसे में तुरंत कार्रवाई के लिए हेल्पलाइन का विकल्प सबसे सर्वोत्तम माध्यम है।

उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की जितनी जल्दी सूचना दी जाए, उतना ही बढ़िया ताकि आगे की ट्रांजेक्शन को रोकने के लिए पीड़ित को त्वरित सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यक्ति साइबर क्राइम की वेबसाइट साइबरक्राइमडॉटजीओवीडॉटइन पर भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है।

# महिला ने नहर में छलांग लगाकर की आत्महत्या की कोशिश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** कैथल रोड स्थित नहर में एक महिला ने आत्महत्या की नीयत से नहर में छलांग लगा दी। गनीमत यह रही कि नहर के पास खड़े कुछ युवकों ने महिला को छलांग लगाते हुए देख लिया और बिना देरी किए वे भी नहर में कूद गए। युवकों ने जान की परवाह किए बिना महिला को बाहर निकाल लिया और उसकी जान बचा ली।

घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही डायल.112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के साथ दुर्गा शक्ति टीम भी वहां पहुंची और महिला से बातचीत की गई। पूछताछ के दौरान महिला से उसके घर का नंबर लेकर कॉल की गई और परिजनों को घटनास्थल पर बुलाया गया। पुलिस ने महिला को प्राथमिक उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। अस्पताल में महिला की हालत स्थिर बनी हुई है। परिजन भी सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंच गए। फिलहाल आत्महत्या की कोशिश के पीछे के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

डायल-112 टीम के इंचार्ज विजय पाल ने बताया कि उन्हें नहर में महिला द्वारा छलांग लगाने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि कुछ युवकों ने महिला को पहले ही बाहर निकाल लिया था। उन्होंने कहा कि अगर थोड़ी भी देरी हो जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। अब पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि महिला ने यह कदम क्यों उठाया और उसे किस प्रकार की परेशानियां थीं।

## गोशाला से चोरों ने गाय की चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** गांव नौरंगा बांस राजपूतान की श्री श्याम गोपाल गोशाला से रात के समय चोरों ने गाय चोरी कर ली। चोर गोशाला की चारदीवारी पर लगाया तार काटकर अंदर घुसे। एक चोर गाय को ले जाते हुए सीसीटीवी में कैद हो गया। गोशाला प्रधान ने सदर पुलिस थाने में शिकायत दी हैं। पुलिस ने प्रधान की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

गांव नौरंगा बांस राजपूतान निवासी मोहन सिंह ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह श्री श्याम गोपाल गोशाला नौरंगा बांस राजपूतान का प्रधान है।

## मुख्य अभियंता ने जल भराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता राजीव बातिश ने अंबाला छावनी सदर और अंबाला शहर में बाढ़ से निपटने के लिए किए जा रहे प्रबंधों का निरीक्षण किया और कहा कि बरसात के दिनों में होने वाले जल भराव या बाढ़ की स्थिति से बचने के लिए पहले ही तैयारी करना बेहद आवश्यक होता है ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की बाढ़ से बचने के लिए जो गतिविधियां एवं कार्य किए जा रहे



हैं उसका बारीकी से निरीक्षण किया। मुख्य अभियंता ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का बाढ़ रोकथाम में एक महत्वपूर्ण योगदान होता है। विभाग जल प्रबंधन और जल निकासी प्रणाली के विकास के माध्यम से बाढ़ को कम करने में मदद करता है। शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी के लिए नालियां और अन्य संरचनाएं बनाता है। बाढ़ के जोखिम को कम करने और बाढ़ से बचाव के लिए विभिन्न प्रकार के उपाय करता है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की भूमिका जल प्रबंधन, जल निकासी प्रणाली के विकास और बाढ़ चेतावनी प्रणाली में महत्वपूर्ण है।इस मौके पर विभाग के अधीक्षक अभियंता अरविंद रोहिल्ला ने बताया कि अंबाला के दोनों शहर घग्गर और टांगरी नदी के बीच पड़ते हैं जिस कारण यहां पर बाढ़ व जल भराव की स्थिति की आशंका बनी रहती है। इसी आशंका को देखते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने पहले से ही अपनी सभी तैयारियों को दुरूस्त कर लिया है ताकि यदि ऐसी कोई स्थिति बनती है तो समय रहते उससे निपटा जा सके और आमजन को जल भराव की स्थिति का सामना न करना पड़े।

निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता राजीव बातिश ने उन सभी स्थानों का दौरा किया गया जो मुख्य रूप से बाढ़ से प्रभावित रहते हैं और यहां पर जल भराव की स्थिति होती है।

## अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर श्रीकृष्ण संग्रहालय में खुला प्रश्न मंच आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवसझ2025 के उपलक्ष्य में आज श्रीकृष्ण संग्रहालय, कुरुक्षेत्र में ह्लभारतीय मूर्त धरोहरह्व विषय पर एक खुला प्रश्न मंच आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन श्रीकृष्ण संग्रहालय, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड तथा पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। प्रश्न मंच में नगर के विभिन्न गणमान्य नागरिकों, संग्रहालय में आए दर्शकों, विद्यार्थियों तथा कुरुक्षेत्र गाइड ट्रेनिंग कोर्स के प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में भारतीय स्मारकों, पुरातात्विक स्थलों, चित्रकला, वास्तुकला, शास्त्रीय



नृत्यों तथा प्राकृतिक धरोहरों से संबंधित पचास से अधिक प्रश्न पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किए गए।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुरुक्षेत्र गाइड ट्रेनिंग कोर्स के प्रशिक्षु अमित शर्मा ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान माणिक्य राणा (यमुनानगर) तथा तृतीय स्थान विनोद कुमार पचौली (पिहोवा) ने प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाण-पत्र, अंगवस्त्र एवं प्रेरणास्पद साहित्य भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही, सभी प्रतिभागियों को कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा प्रकाशित भारतीय नववर्ष का टेबल कैलेंडर एवं पुरातत्व विभाग का साहित्य भेंट स्वरूप प्रदान किया गया।

इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव श्री उपेन्द्र सिंघल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने कहा, ह्लइस प्रतियोगिता में भारी संख्या में लोगों की भागीदारी यह सिद्ध करती है कि भारतीय नागरिक अपनी सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति सजग, जागरूक और समर्पित हैं। यह जागरूकता हमारी सांस्कृतिक अस्मिता के संरक्षण में सहायक सिद्ध होगी। श्रीकृष्ण संग्रहालय का यह प्रयास सराहनीय है।ह्व प्रश्न मंच का सफल संचालन संग्रहालय के कोऑर्डिनेटर श्री राजेन्द्र सिंह राणा द्वारा किया गया। उन्होंने प्रत्येक प्रश्न के उत्तरों की विवेचनात्मक व्याख्या प्रस्तुत की, जिससे प्रतिभागियों को भारतीय धरोहरों की महत्ता को गहराई से समझने में सहायता मिली।

कार्यक्रम में खुशिन्द्र राणा गौड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा, ह्लश्रीकृष्ण संग्रहालय का भ्रमण मेरे लिए अत्यंत शिक्षाप्रद एवं स्मरणीय रहा। यहां की प्रदर्शनी और शैक्षणिक गतिविधियों ने मुझे भारतीय प्राच्य विद्या की विविध विधाओं से परिचित कराया।ह्व कार्यक्रम के अंत में संग्रहालय के प्रभारी श्री बलवान सिंह ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस बार संग्रहालय दिवस प्रथम बार दो दिवसों तक मनाया गया, जो कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री पंकज सेतिया के प्रेरणादायी नेतृत्व का परिणाम है।

## जाट सभा 36 बिरादरी का साथ लेकर हिंदू मैरिज एक्ट संशोधन के मामले को गंभीरता से लेगी : डॉ कृष्ण श्योकंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आज अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में विभिन्न जवलंत मुद्दों समलैंगिक विवाह,लव मैरिज, सम गोत्र विवाह, गांव की आसपास के गांव में शादी,लिव इन रिलेशनशिप, आदि कुरीतियों को लेकर गंभीरता से चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में दिल्ली,हरियाणा, यूपी व राजस्थान की 41 खापों के साथ-साथ हरियाणा प्रदेश के 36 बिरादरी के हर समाज के हर वर्ग के समाज द्वारा चुने गए उत्तराधिकारियों ने हिस्सा लिया। धर्मशाला के प्रधान डॉक्टर कृष्ण श्योकंद ने बताया कि जाट सभा 36 बिरादरी का



साथ लेकर हिंदू मैरिज एक्ट संशोधन के मामले को गंभीरता से लेगी इसी उपलक्ष्य में आज के इस आयोजन में करीब 3 घंटे चली इस विशेष मीटिंग में 21 सदस्य कमेटी का गठन किया गया यह कमेटी बहुत जल्द एक और विशेष मीटिंग करके कमेटी का विस्तार करेगी और हिंदू मैरिज एक्ट संशोधन को लेकर माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार , माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार ,माननीय राज्यपाल हरियाणा सरकार और माननीय राष्ट्रपति महोदया भारत व माननीय सर्वोच्च न्यायालय के संपर्क में आकर इन विषयों का स्थाई समाधान करने का प्रयास करेगी। जन सहयोग संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र ने बताया कि जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र, स्वतंत्र समूह सेवा समिति, जाट एम्पलाइज एसोसिएशन, ऑल इंडिया एकता प्रेस क्लब, कुरुक्षेत्र प्रेस क्लब और जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 87 रक्तदाताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया और 78 ब्लड यूनिट एकत्रित की गई।

## न्यूज फ्लैश

### मिलिट्री क्रॉस विजेता सूबेदार छोटूराम आर्य को किया नमन



**गोहाना:** गांव आहुलाना के आर्य समाज मंदिर में मिलिट्री क्रॉस सूबेदार छोटूराम आर्य का 113वां जन्मदिवस मनाया गया। वह द्वितीय विश्व युद्ध के सेनानी भी रहे हैं। उनके जन्मदिवस पर हवन यज्ञ का भी आयोजन किया। समारोह के दौरान उनके शौर्य का गुणगान किया। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। समारोह की अध्यक्षता उनके पुत्र भूप सिंह आर्य ने की। संयोजन उनके पोत्र विजय पाल आर्य का रहा। स्वामी शक्तिवेश व मुनि केवन्य संयुक्त रूप मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में आहुलाना बारहा के प्रधान मलिक राज मलिक पहुंचे। मलिक राज मलिक ने कहा कि सूबेदार छोटूराम आर्य 1932 में 15 पंजाब रेजिमेंट में भर्ती हुए थे। करीब 14 साल उन्होंने सेना में अपनी सेवाएं दी। इस दौरान उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध दुश्मनों के छक्के छुडा दिए थे। उनकी बहादुरी और पराक्रम को देखते हुए, उन्हें मिलिट्री क्रॉस विजेता घोषित किया गया था। ग्रामीणों ने हवन यज्ञ में आहुति डाली और सुख शांति की कामना की। इस मौके पर उनके पोत्र पहलवान संदीप, परपौत्र मोहित, सरपंच कुलदीप उर्फ गोगल, कैप्टन तेज सिंह, विजेंद्र सिंह, जयवीर सिंह, रिच्छपाल मलिक, विजयपाल मलिक, कथूरा ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन पति प्रदीप मलिक, अधिवक्ता कुलदीप बोहत, राजकुमार आर्य, पवन मलिक आदि मौजूद रहे।

### मूनक ब्राह्मण धर्मशाला में बड़ी धूमधाम से भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया



**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** गांव मूनक ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर हवन व भंडारे का आयोजन कर बड़ी धूमधाम से भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया । भगवान परशुराम पर पुष्प अर्पित करते हुए देश व गांव में सुख शांति के लिए प्रार्थना की । गांव के सरपंच ओमप्रकाश मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के दसोंवतारों में से एक है । वह ऋषि जमदग्नि और माता रेनूका के पुत्र है । परशुराम को शस्त्र विद्या का ज्ञात माना जाता है । जब जब धरती पर अत्याचार बढ़ जाते हैं भगवान को धरती पर अवतार के रूप में जन्म लेना पड़ता है और पापीयों का नाश कर अमन शांति का संदेश देते हैं।

# ऑपरेशन आक्रमण: 6 घंटे के दौरान 25 आरोपी गिरफ्तार

### आरोपियों की धरपकड़ के लिये जिले में समय-समय पर ऑपरेशन आक्रमण जैसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे

**अभियान**

- आईपीएस के आदेशानुसार अपराधों पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर आईपीएस के आदेशानुसार अपराधों पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए रविवार 18 मई को सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलाए गए ऑपरेशन आक्रमण अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस की अगुवाई में पानीपत पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ स्पेशल कार्रवाई की। इस दौरान जिला पुलिस की टीमों ने अलग-अलग स्थान पर दबिश देकर एक आरोपी को अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद सहित काबू किया। एक आरोपी को 1 किलो 50 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। एक पीओ व एक इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया। अवैध शराब की तस्करी करते 7 आरोपियों को व सट्टा खाइवाली करते 5 आरोपियों को काबू किया। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 112 बोतल अवैध देसी शराब और जुआ सट्टा खाइवाली में दाव पर लगी 18250 रुपए की नगदी बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ संबंधित थाना में एक्साइज एक्ट के तहत 7 अभियोग, गेम्बलिग एक्ट के तहत 3 अभियोग, आर्म्स एक्ट व एनडीपीएस एक्ट के तहत एक-एक अभियोग व बीएनएस के तहत एक अभियोग दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई। इसके साथ ही पुराने आपराधिक मामलों में फरार चल रहे 9 आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। इसी के साथ अभियान के तहत हाईवे पर लेन ड्राइविंग के नियमों की उल्लंघना करते पाए जाने पर 175 भारी वाहनों के चालान किए। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने ऑपरेशन आक्रमण के तहत जिला में अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की 59 टीमें बनाकर जिसमे कुल 231 जवानों को शामिल कर सभी को विशेष रूप से दिशा निर्देश दिए थे। सभी टीमें सुबह छह बजे से ही अपने-अपने क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ में सक्रिय हो गई थी।

**अपराधियों की धरपकड़ के लिए समय-समय पर इस प्रकार के अभियान जारी रहेंगे**

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने कहा कि अपराधों पर अंकुश लगाने व आरोपियों की धरपकड़ के लिये जिले में समय-समय पर ऑपरेशन आक्रमण जैसे अभियान आगे भी इसी प्रकार जारी रहेंगे। अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए आम नागरिकों का सहयोग जरूरी है।

अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में सूचना नजदीकी पुलिस थाना, अपराध शाखा, चौकी, पुलिस कंट्रोल रूम या डायल 112 को दे। सूचना देने वाले की पहचान पूर्ण रूप से गुप्त रखी जाएगी।

## राजकीय विद्यालय सनपेड़ा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सनपेड़ा का परिणाम सराहनीय रहा। स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा प्रिंसी ने 98.4 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल कर कीर्तिमान स्थापित किया। स्कूल के पूर्व प्राचार्य डॉ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रिंसी सातवीं क्लास से मेहनत कर रही है। स्कूल के प्रधानाचार्य सुशील राठी ने प्रिंसी को उनके उज्जवल भविष्य के लिए बधाई व आशीर्वाद दिया। राठी ने बताया कि स्कूल का 12वीं व 10 वीं दोनों कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है । 'दसवीं में 30 बच्चों ने परीक्षा दी उसमें से15 छात्र मेरिट के साथ उतीर्ण हुए तथा 12वीं में 37 बच्चों बच्चों ने परीक्षा दी जिसमें से18 बच्चे मेरिट के साथ पास हुए । गांव के सरपंच प्रमोद ढाका ने बेहतर परिणाम आने पर स्कूल के प्रधानाचार्य व शिक्षकों को बधाई दी । वहीं बेहतर अंक प्राप्त करने वाली छात्रा प्रिंसी ने बताया कि उसका सपना प्रशासनिक सेवा में जाकर देश की सेवा करना है । उनके पिता किसान है। छात्रा ने बताया कि मेहनत करने वाले छात्रों को जीवन में जरुर सफलता मिलती है।

**कीर्तिमान**

- स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा प्रिंसी ने 98 .4 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया

## जेजेपी ने वरिष्ठ नेता सियानंद त्यागी को गन्नौर हल्के का अध्यक्ष नियुक्त किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला ने जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) ने अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की कड़ी में गन्नौर से पार्टी के वरिष्ठ नेता सियानंद त्यागी को गन्नौर हल्के का अध्यक्ष नियुक्त किया है। त्यागी की नियुक्ति पर गन्नौर हल्के में पार्टी कार्यकताओं में खुशी का माहौल है । सियानंद त्यागी ने भी अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और कई अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है । त्यागी ने कहा कि पार्टी द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है वे उसका जिम्मेदारी से निर्वहन करते हुए लोगों को पार्टी में शामिल करने का काम करेंगे और पार्टी की नीतियों का गांव गांव जाकर प्रचार करेंगे। पार्टी ने अपने समर्पित सदस्यों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी है। वे संगठन को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर काम करेंगे।

## नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में आरोपी महिला गिरफ्तार

**गिरफ्त में**

- अमृतसर पंजाब की रहने वाली आरोपी महिला को गिरफ्तार कर दो सोने की अंगूठी बरामद की गई



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में 16 मई 2025 को सीआईए-2 के पुलिस दल ने निरीक्षक अनील कुमार के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए अमृतसर पंजाब की रहने वाली आरोपी महिला को गिरफ्तार कर दो सोना अंगुठी बरामद की गई है माननीय न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी महिला को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस द्वारा गहनता से जाँच करने पर पाया गया कि आरोपी महिला आदतन अपराधी है। जिसके विरूद्ध पंजाब में लुट,हत्या का प्रयास करने,लडाई झगडे तथा अवैध हथियार रखने के लगभग 6 मामले दर्ज है।

इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री जितेन्द्र निवासी नजदीक पीएनबी बैंक नारायणगढ़ जिला अम्बाला ने 30 अप्रैल 2025 को थाना नारायणगढ़ में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 30 अप्रैल 2025 को नारायणगढ़ मेन बाजार शिवा ज्वैलर्स पर एक लडकी सोने की अंगूठियाँ लेने के लिए आई जिसने दो असली अंगुठियों को निकाल कर उनकी जगह दो नकली अंगुठी लगा दी । नामपता नामालुम लडकी ने दो सोने की अंगूठियाँ चोरी कर ली है । इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआईए-2 के पुलिस दल को सौंप दी थी।

## विधायक कादियान ने सरढ़ाना रजवाया (हेड) का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** पानी की समस्या को लेकर रविवार को हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ सरढ़ाना रजवाया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रजवाया हेड से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा हुई। अधिकारियों को सिलट की समस्या दूर करने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। सिलट चैंबर बनाने के निर्देश भी मौके पर दिए गए। इस दौरान विभाग के एक्सईन आशीष कौशिक, एसडीओ हिमांशु और पानीपत के एक्सईन सुरेश कुमार, गोहाना के एक्सईन पुनीत साहनी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि जब सीएलसी नहर दिल्ली को पानी देने के लिए बनाई गई थी, तब सरढ़ाना हेड को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया था। इसी वजह से नहर में सिलट की समस्या बनी हुई है। लेकिन इसका समाधान किया जाएगा। विधायक कादियान ने बताया कि सरढ़ाना नहर से पानी को लेकर शिकायतें उन्हें मिली थीं। इसी के चलते उन्होंने खुद मौके पर जाकर स्थिति देखी। उन्होंने कहा कि हेड के स्थानांतरण के बाद से सिलट की समस्या लगातार बनी हुई है। अधिकारियों को इसे जल्द ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं।

**दिशा-निर्देश**

- समस्याओं पर चर्चा हुई। अधिकारियों को सिलट की समस्या दूर करने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए

## रक्तदान किसी जरूरतमंद को जीवन का दूसरा मौका देता है: कादियान




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** भारत विकास परिषद वीर सावरकर शाखा ने रविवार को जीवीएम स्कूल गढ़ी केसरी में रक्तदान शिविर लगाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष मंजू शर्मा ने की। शिविर की शुरूआत भारत माता के चित्र के सामने दीप जलाकर की गई। मुख्य अतिथि के रूप में हलका विधायक देवेंद्र कादयान मौजूद रहे। शिविर में भारत विकास परिषद के जिला संयोजक योगेश जैन और पूर्व क्षेत्रीय मंत्री प्रवीण सिंघल भी शामिल हुए। प्रवीण सिंघल ने लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर में 65 लोगों की रक्त जांच हुई। इनमें से 55 लोगों ने रक्तदान किया। विधायक कादयान ने रक्तदाताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद को जीवन का दूसरा मौका देता है। शिविर में शाखा संरक्षक डॉ. जोगिंदर शर्मा, मोहन शर्मा, भारत भूषण भूटानी, सचिन प्रीतम लाल आहूजा, कोषाध्यक्ष पूनम सिंघल, अनु मित्तल, सुबोध कुमार सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

## बाईक चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए अभियान के दौरान थाना अम्बाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में 17 मई 2025 को सीआईए-2 के पुलिस दल ने निरीक्षक अनील कुमार के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी दिलप्रीत सिहँ उर्फ दिल्लू निवासी गाँव लसदू खुर्द थाना गनौर जिला पटियाला व सिमरनजीत सिहँ उर्फ सिम्मू निवासी गाँव सराला कलां थाना गनौर जिला पटियाला पंजाब को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## इनेलो ने चौ. प्रेम सिंह को दोबारा से बनाया प्रधान

**जिम्मेदारी**

- पानीपत जिला के प्रमुख सदस्यों द्वारा चौधरी प्रेम सिंह भालसी को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने दुबारा से चौधरी प्रेम सिंह भालसी को पार्टी का प्रधान महासचिव हरियाणा (किसान सैल) बनाकर बड़ी ज़िम्मेदारी सौंपी गई हैं।
इस दौरान पानीपत जिला के प्रमुख सदस्यों द्वारा चौधरी प्रेम सिंह भालसी को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया,इस दौरान सभी को लड्डू खिलाकर खुशियाँ बाटी गई । इस दौरान चौधरी प्रेम सिंह भालसी ने बताया कि इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ताऊ देवीलाल जी द्वारा बनाई हुई पार्टी है उनके सपनों को पूरा करना हम सब का कर्तव्य है,ताऊ देवीलाल ने सदैव 36 बिरादरी के लिए काम किए,उन्होंने किसान-कमेरे के हित के लिए अनेकों योजनाएं बनाई जिनका आज हर घर में लोगों को लाभ पहुंच रहा है। इस दौरान चौधरी प्रेम सिंह भालसी ने प्रधान महासचिव हरियाणा (किसान सैल) इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला व समस्त कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया।

## ऑपरेशन आक्रमण के तहत अंबाला पुलिस की बड़ी कार्यवाही



**43 आरोपी काबू**

- सख्त कार्यवाही करते हुए विभिन्न अपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 43 आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत सिंह कपूर आईपीएस के आदेश अनुसार समस्त हरियाणा में अपराध नियंत्रण हेतु ऑपरेशन आक्रमण चलाया गया जिसके तहत जिला पुलिस अंबाला द्वारा सख्त कार्यवाही करते हुए विभिन्न अपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 43 आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की गई है। ऑपरेशन आक्रमण के तहत चले विशेष अभियान मे पुलिस अधीक्षक अंबाला के निर्देश पर सभी अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तर पर कुल 66 टीमों का गठन किया गया जिसमें 324 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए अलग.अलग मामलों में उपलब्धि हासिल की है.

ऑपरेशन आक्रमण के तहत कार्रवाई में चोरी के मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 1 नेकलेस 2 गोल्ड रिंग 55 ग्राम गोल्ड 200 ग्राम सिल्वर 1 मोबाइल फोन व 2 मोटरसाइकिल बरामद कर सफलता हासिल की गई है तथा लड़ाई झगड़े के मामलों में भी सात आरोपियों को काबू किया गया है स ऑपरेशन आक्रमण के दौरान जिला पुलिस अंबाला ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए गलत दिशा में चल रहे 84 वाहनों के चालान भी किए।

ऑपरेशन आक्रमण के तहत आबकारी अधिनियम के तहत 3 मामले दर्ज करते हुए उनमें 3 आरोपियों को काबू कर उनसे 25 बोतल अवैध शराब बरामद की गई। मादक पदार्थ तस्करी के 1 मामले में 1 आरोपी को काबू कर 1 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद किया गयाए अवैध हथियार तस्करी के मामले में 1 आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। जुआ अधिनियम के तहत दर्ज 11 मामलों में 11 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनसे जुआ एवं सट्टा में लगाई गई 21570 रुपए की राशि बरामद की गई है। वही ऑपरेशन आक्रमण के तहत कार्रवाई करते हुए जिला पुलिस ने 1 उद्घोषित अपराधी तथा 7 बेल जंपरों को भी धर दबोचने में सफलता प्राप्त की जो काफी लंबे अरसे से पुलिस गिरफ्त से फरार चले हुए थे। सभी मामलों में आरोपियो के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करके कानूनी कार्यवाही अमल में लाई गई । इस प्रकार अंबाला पुलिस ने विभिन्न थानों में दर्ज मामलों में 43 आरोपियों को दबोच ऑपरेशन आक्रमण के तहत कार्यवाही की गई।

पुलिस अधीक्षक अंबाला श्री अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि किसी भी प्रकार का नशा बेचने वालों की सूचना हेल्पलाइन नंबर 9729990117 पर दें । पता व जानकारी बतानें वालें व्यक्ति का नाम पता गुप्त रखा जायेगा।

## स्वामी चेतन स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा बेहतर



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** स्वामी चेतना स्कूल का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है । विद्यालय की प्रधानाचार्य डिंपल शर्मा ने बताया कि स्कूल की छात्रा रजनी ने 470/500 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, रोहित ने 460/500 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा तनुष्का ने 456/500 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य डिंपल शर्मा ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों में से 16 विद्यार्थिगों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। शानदार परीक्षा परिणाम के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रबंधक राजकुमार शर्मा उपप्रधानाचार्य संयोगिता शर्मा ने सभी स्कूल के शिक्षको, बच्चों, अभिभावकों को बधाई दी।

# करनाल की बेटी ने हरियाणा को किया गौरवान्वित

## देश के सबसे प्रतिष्ठित सैन्य बोर्डिंग स्कूलों में से एक राष्ट्रीय सैन्य स्कूल (आरएमएस), चैल में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त किया है

**उपलब्धि**

10 वर्षीय बेटी दिशु सैनी ने एक गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक उपलब्धि हासिल की है




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। जिले की 10 वर्षीय बेटी दिशु सैनी ने एक गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक उपलब्धि हासिल की है,, जिसने देश के सबसे प्रतिष्ठित सैन्य बोर्डिंग स्कूलों में से एक राष्ट्रीय सैन्य स्कूल (आरएमएस), चैल में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त किया है। उसकी सफलता न केवल उसके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र के युवा उम्मीदवारों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

दिशु एक अनुशासित और सेवा-प्रेरित परिवार से आती है। उनके पिता सुरेंदर कुमार, हरियाणा पुलिस में हेड कांस्टेबल के रूप में सेवा करते हैं, जबकि उनकी माँ दलजीत कौर एक समर्पित गृहिणी हैं, जो इस यात्रा के हर कदम पर अपनी बेटी के साथ मजबूती से खड़ी रही हैं। वह अपने बड़े भाई गर्व कुमार से भी प्रेरित हैं, जो वर्तमान में सैनिक स्कूल कुंजपुरा में कैडेट है और कक्षा 10 में पढ़ रहे हैं। दोनों भाई-बहन टैलेंट जोन अकादमी करनाल के छात्र रहे हैं, जहाँ उन्हें सैन्य स्कूल प्रवेश परीक्षाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक तैयारी और कोचिंग मिली।

अपने साक्षात्कार की तैयारी के लिए दिशु ने बनर्जी ग्लोबल एकेडमी से मार्गदर्शन लिया, जहाँ उन्होंने अपने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और संचार कौशल को और विकसित किया। आरएमएस चयन प्रक्रिया के दौरान सभी प्रमुख पहलुओं का मूल्यांकन किया गया। इतनी कम उम्र में दिशु की उल्लेखनीय उपलब्धि उन अन्य लड़कियों के लिए एक शानदार उदाहरण है, जो वर्दी पहनने और गर्व के साथ देश की सेवा करने का सपना देखती हैं। उनकी कहानी दिखाती है कि कैसे समर्पण, सही मार्गदर्शन और मजबूत पारिवारिक समर्थन सपनों को हकीकत में बदल सकता है।

# शंभू प्रकटेश्वर हनुमान जी महाराज की आरती प्रत्येक रविवार 7:30 बजे होगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

पानीपत के राजा शंभू प्रकटेश्वर हनुमान जी महाराज की सामूहिक आरती प्रत्येक रविवार 7:30 बजे आयोजित होगी यह घोषणा पुराने शहर खारि कुई क्षेत्र के नागरिकों ने संयुक्त रूप से लिया . खारि कुई संघर्ष समिति के अध्यक्ष मनोज सैनी ने कहा ठीक है हमारा सौभाग्य है कि हनुमान जी की सेवा का दायित्व खारि कुई के लोगों को मिला है' उन्होंने कहा कि पानीपत के ऐतिहासिक नगर है और हमारा क्षेत्र पानीपत की पुरातन क्षेत्र में से एक है' ऐसे में अति प्राचीन प्रकेश्वर मंदिर की सेवा करना हम सबके लिए गौरव का विषय है' बैठक की अध्यक्षता अति प्राचीन प्रकटेश्वर हनुमान मंदिर के संरक्षक विकास



गोयल ने की उन्होंने कहा कि पानीपत क्षेत्र के लाखों नागरिक मंदिर से विभिन्न प्रकार से जुड़ रहे हैं पानीपत के राजा हनुमान जी का स्वरूप मानव निर्मित ना होकर प्राकृतिक स्वरूप हैप्रकटेश्वर हनुमान जी की पूजा की जाती है, भगवान हनुमान का एक स्थलिक रूप माना जाता है, जो भक्तों की श्रद्धा का केंद्र हैं। यह स्थान हनुमान जी की शक्ति और भक्ति का प्रतीक है, उनके दर्शन, पूजा और आरती के लिए आते हैं। सिद्धांत यह है कि यहां हनुमान जी ने अपने अवतार में भक्तों की रक्षा और भक्ति के लिए अवतार लिया था, और यह स्थान हनुमान जी की शक्ति और भक्तिपूर्ण आस्था का प्रतीक है।

प्रसिद्ध कवि देवेंद्र तूफान ने कहा कई पीढ़ी दर पीढ़ी हनुमान जी का यह श्रद्धा शक्ति स्थल मनोकामना पूर्ण करने का केंद्र रहा है बर्थडे के आने वाली पीढ़ी भी इसे अनुग्रहित करें जिसके लिए हमें प्रयास करना होगा।

आने वाली पीढ़ी रविवार की शाम को इस इस धार्मिक कार्यक्रम में अगर सम्मिलित होती है तो वह भी संस्काररित होगी इस अवसर पर ओम प्रकाश राहुल परमिंदर संजय सैनी रोहिल्ला जी नरेश कुमार साहिल आदि मौजूद थे।

**न्यूज फ्लैश**

# आरओएफ डेवलपर्स और एक्सपीरियन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की मनमानी नहीं चलेगी, कड़ा विरोध किया द वेस्टरलीज सोसाइटी ने: हितेश चौधरी



**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**

गुरुग्राम सेक्टर-108 स्थित परियोजना द वेस्टरलीज के निवासी/मालिक नीचे उल्लिखित डेवलपर्स और डीटीपी (प्रवर्तन), गुरुग्राम के अवैध कृत्यों के खिलाफ कड़ा विरोध जताने के लिए एकत्र हुए थे।

आरडब्ल्यूए प्रधान हितेश चौधरी ने बताया कि द वेस्टरलीज के निवासी जिला नगर योजनाकार (प्रवर्तन), गुरुग्राम के कार्यालय द्वारा की गई स्पष्ट रूप से गैरकानूनी और अवैध कार्रवाइयों की कड़ी निंदा करते हैं, विशेष रूप से पत्र ज्ञापन संख्या जीएन/डीटीपी-ई/2025/04/08-01 दिनांक 03.02.2025 को जारी करने के संबंध में। यह पत्र द वेस्टरलीज के असली मालिकों और निवासियों की पीठ पीछे जारी किया गया था और हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित मौजूदा कानूनों, नियमों, विनियमों और प्रक्रियाओं का घोर उल्लंघन है।

यह पत्र प्राकृतिक न्याय के स्थापित सिद्धांतों का घोर उल्लंघन है - विशेष रूप से ऑडी अल्टरम पार्टम (निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार) - क्योंकि इसे द वेस्टरलीज के निवासियों को अपना पक्ष रखने का कोई अवसर दिए बिना पारित किया गया था। इस पत्र की सामग्री को पढ़ने से यह स्पष्ट है कि इसे हरियाणा विकास और शहरी क्षेत्रों के विनियमन अधिनियम, 1975 के तहत कानून या अधिकार क्षेत्र के किसी भी प्रावधान का हवाला दिए बिना मनमाने ढंग से जारी किया गया था।

चौंकाने वाली बात यह है कि गुरुग्राम के जिला नगर नियोजक (प्रवर्तन) ने कानूनी समर्थन, अधिकार क्षेत्र या लागू कानून के किसी भी संदर्भ से रहित एक पत्र जारी करके अपने अधिकार क्षेत्र से परे जाकर काम किया है, यह सब प्रभावित हितधारकों - द वेस्टरलीज के निवासियों की अनुपस्थिति में किया गया है। कार्यप्रणाली और इसमें शामिल पक्षों, जिसमें गुरुग्राम के सेक्टर-108 में आरओएफ एलांते परियोजना के डेवलपर्स और एक्सपीरियन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं, को देखते हुए इस मनमानी कार्रवाई को प्रभावित करने वाले अनुचित प्रभाव और संभावित मौद्रिक विचारों की उचित आशंका है।

आक्षेपित पत्र आरओएफ एलांते के निवासियों को एक आंतरिक संचलन सड़क के माध्यम से अनधिकृत और अस्थायी पहुँच प्रदान करता है जो मेसर्स एक्सपीरियन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के पास लाइसेंस संख्या 43/2019 का हिस्सा है। यह आंतरिक सड़क द वेस्टरलीज के परिसर में स्थित है और इसका उपयोग केवल इसके निवासियों द्वारा किया जाना है। इस तरह की पहुंच प्रदान करना न केवल द वेस्टरलीज के मालिकों और निवासियों के नागरिक और कानूनी अधिकारों का उल्लंघन करता है, बल्कि सुरक्षा, यातायात भीड़, ध्वनि और वायु प्रदूषण, और शांतिपूर्ण जीवन में समग्र व्यवधान से संबंधित गंभीर चिंताओं को भी जन्म देता है - विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों जैसे कमजोर समूहों के लिए। यह ध्यान देने योग्य है कि द वेस्टरलीज की आंतरिक संचलन सड़कें, पार्क, क्लब हाउस और अन्य सामुदायिक सुविधाएँ भूखंडों की बिक्री के बाद निवासियों के साझा स्वामित्व में होंगी। इन आंतरिक परिसंपत्तियों को बाहरी लोगों को उपयोग के लिए नहीं दिया जा सकता है, खासकर वैध हितधारकों की सहमति के बिना। कानूनी तौर पर, आरओएफ एलांते निवासियों द्वारा केवल राजस्व सड़कों का उपयोग किया जा सकता है, और उनका द वेस्टरलीज की आंतरिक संचलन सड़कों पर कोई वैध दावा नहीं है। सुरक्षा को लेकर एक बहुत बड़ी चूक हो रही है जैसा कि संविधान ने बताया कि रात्रि में टहलने के दौरान आरओएफ समिति की रेजिडेंट लोग महिलाओं पर लगाते हैं लेजर लाइट । इस माहौल को देखकर कोई भी महिला अपने आप को सुरक्षित महसूस नहींकरेगी। सरकार और प्रशासन से मीडिया के माध्यम से निवेदन है रा फ बिल्डर का नक्शा जांच पड़ताल कर उसका रास्ता उसे बताया जाए।

# किसानों का धरना पांचवें दिन भी जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। जिले में गांव सोहाना के रकबे में निमार्णाधीन करनाल रिंग रोड पर इंटरचेंज मार्ग बनाए जाने की मांग को लेकर किसानों का आंदोलन लगातार तेज हो रहा है। रविवार को धरना पांचवें दिन भी जारी रहा। लेकिन अब तक प्रशासन की तरफ से कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। लगातार अनदेखी से नाराज भारतीय किसान यूनियन ने रिंग रोड के निर्माण कार्य को रुकवा दिया है।

धरने पर बैठे ग्रामीणों का कहना है कि रिंग रोड का इंटरचेंज मार्ग सोहाना गांव के लिए बेहद जरूरी है। अगर इस रिंग रोड से गांव के




लिए चढ? और उतरने का रास्ता नहीं बनाया गया तो किसानों और ग्रामीणों को अपने खेतों तक पहुंचने के लिए कई किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ेगा। ऐसे में उनके समय और संसाधनों की भारी बबार्दी होगी।

यह धरना भाकियू के बैनर तले दिया जा रहा है, जिसमें सोहाना सहित आसपास के कई गांवों के किसान और ग्रामीण शामिल हैं। धरने पर दिन-रात ग्रामीण डटे हुए हैं और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक इंटरचेंज की मंजूरी नहीं मिलती, वे पीछे नहीं हटेंगे।

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि अब तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी धरनास्थल पर नहीं आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन पूरी तरह मूक बना हुआ है और आंदोलनकारियों की बात सुनना भी जरूरी नहीं समझ रहा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और अगला कदम उग्र प्रदर्शन होगा।

धरनास्थल पर रविवार को भी दिनभर नारेबाजी होती रही। ग्रामीणों ने दो टूक कहा कि वे अपने अधिकार के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। उन्होंने सरकार और प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर समाधान निकालने की मांग की है, ताकि निर्माण कार्य भी सुचारू रूप से चले और गांव को उसका जायज हक भी मिल सके।

# तालाब में पलटा ट्रक

**टीम एक्शन इंडिया**

**कलायत**। रणदीप धानियां,कलायत के गांव कैलरम में माता मंदिर के पास तंग पूल की वजह से ट्रक तालाब में पलट गया। ग्रामीणों ने मशक्कत से ट्रक में फंसे चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। संदीप, सतबीर, मोनू और लघुबीर ने बताया कि गांव मंदिर के साथ वाली सडक की चौड़ाई के अनुसार पुल बहुत संकरा है। इसकी वजह से कई बार अनजान यात्री हादसे का शिकार होते है। इस हादसे में भी ऐसा ही हुआ। ट्रक चालक अपने वाहन को सडक पर से लेकर जा रहा था। जैसे ही वह पुल के पास से होकर गुजरा तो ट्रक तालाब में जा गिरा। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच कर चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत रही कि हादसे में ट्रक चालक को कोई ज्यादा चोट नहीं लगी। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत और स्थानीय प्रशासन से इस सडक के साथ - साथ पूल को भी ठीक कराने की मांग की है। ताकि भविष्य में और किसी के साथ ऐसा हादसा न हो सके। दीगर है कि कलायत क्षेत्र में पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा सडकों के नव निर्माण व रिपेयर से जुड़े कार्यों पर खास तौर से फोक्स रखें हैं। सडकों को लेकर पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा और कांग्रेस विधायक विकास सहारण के बीच एक दूसरे पर सियासी हमलों का क्रम भी जारी है। अब कैलरम गांव की सडक को लेकर सरकार और प्रशासन क्या संज्ञान लेता है? यह देखने वाली बात होगी।

# एमबीकेसी ने सजाई सदाबहार गीतों से भरी महफिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। डा. मंगलसैन सभागार परिसर में गीतों की सदाबहार महफिल सजाई गई। इसका संयोजन मनिंदर बब्बू कैरोके क्लब द्वारा किया गया। इस महफिल में हर उम्र वर्ग के गायकों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस महफिल में चालीस से अधिक कलकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी जरनैल सिंह तथा विशिष्ट अतिथि शिवानंद थे। कार्यक्रम के परियोजना संचालक अपवतार सिंह तारी और रणजीत गिल रहे। कार्यक्रम का



आगाज अतिथियों ने दी प्रज्वलन के साथ माता सरस्ती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम में गीतों से भरी सतरंगी महफिल का आगाज मनिंदर बब्बू ने लोकप्रिय गीत गाकर किया। इसी तरह अरविंदर सिंह ने भी गीत प्रस्तुत किया। मंच संचालन मनिंदर बब्बू तथा अंजली शर्मा ने किया।

# आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें अधिकारी : हरविन्द्र कल्याण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष व घरौंडा विधायक हरविन्द्र कल्याण ने रविवार को जन सुनवाई के क्रम में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस घरौंडा में आमजन की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से आए हुए लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

जन सुनवाई में लोगों ने मुख्य रूप से सडक, पानी, बिजली, सीवरेज और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित मुद्दों को उठाया। समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।



हरविंद्र कल्याण ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने उन्हें तीसरी बार विधायक चुना है और केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें हरियाणा विधानसभा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

उनका प्रयास है कि अधिकांश समस्याओं का समाधान मौके पर ही हो जाए, ताकि लोगों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। वह स्वयं समय-समय पर इनकी मॉनिटरिंग करते हैं, क्षेत्र की जनता को अधिक से अधिक विकास परियोजनाओं की सौगात मिले, इसको लेकर वे निरंतर प्रयासरत हैं।

# कई वर्षो से ड्रेन की सफाई नही होने से ग्रामीणों में रोष

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

खरखौदा के गाँव ककरोई में जुआ ड्रेन की सफाई न होने से नाराज होकर किसान दिनेश उर्फ बबलू वासी ककरोई की अध्यक्षता में 18 से 20 लोग जिनमें विजय, अनिल, प्रवीण, रवि, दिनेश आदि इकठ्ठे हुए। इनका कार्यक्रम सोनीपत अनाज मंडी में मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी समस्या के बारे में अवगत करवाना था। मामले की सूचना मिलते ही सिंचाई विभाग के अधिकारी जिनमें गुलशन एक्शन व राई डिवीजन से आशीष एक्शन ने मौके पर जाकर किसानो से मिले।

# जीवन में गुरु का होना अति आवश्यक है : साध्वी यशोदा भारती जी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। दिव्य ज्योति जाग्रती संस्थान द्वारा शिव चित्रगुप्त मंदिर सदर बाजार में साप्ताहिक सत्संग एवं भजन संकीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत साध्वी सुश्री यशोदा भारती जी ने कहा कि सत्य का पथ और धर्म का पथ हमेशा उज्जवल चरित्र की मांग करता है। क्योंकि धर्म स्वयं चरित्रवान है, सत्य स्वयं पवित्र है, इसीलिए वह हमसे सुदृढ़ आचरण की मांग करता है। साध्वी जी ने कहा कि प्रभु श्री राम जिन्होंने बाली से नहीं सुग्रीव से मित्रता की। बाली जिसके पास धन है, यश है, उसका प्रभाव है, रावण के साथ उसकी मित्रता है और किष्किंधा के ऊपर बाली



राज करता है और दूसरी ओर सुग्रीव को देखें तो सुग्रीव के पास धन नहीं है। उसका प्रभाव नहीं है, वह किष्किंधा के राज्य से निष्कासित किया हुआ है। उसके पास सेना नहीं है। बाली के डर से वह जंगलों में छिप-छिप कर अपने दिन और रातें गुजारता है, लेकिन फिर भी वह सुग्रीव का साथ देते हैं। साध्वी जी ने कहा कि खर दूषण की सेना को समाप्त करने वाले, सुबाहू, मारीच का वध करने वाले राम सुग्रीव का साथ देते हैं, क्यों रामायण के विशेषज्ञ कहते हैं कि बाली ने भी यह प्रश्न राम से पूछा था तो राम कहते हैं बाली जिस युद्ध के लिए मैं जा रहा हूँ, जिस सत्य पथ पर मैं आगे बढ़ रहा हूं, उस पथ के लिए मुझे चरित्रवान लोगों की जरूरत है। वही लोग मेरे साथ बढ़ सकते हैं, कोई और नहीं।

श्री रामकृष्ण परमहंस जी ने अपने शिष्य विवेकानंद को कहा था विवेकानंद यदि तुम उच्च दायित्वों को निभाना चाहते हो तो तुम्हें अपना चरित्र निर्मल, शुद्ध, पवित्र रखना होगा। विवेकानंद ने यही किया जो उनके गुरु ने कहा, इसलिए जब भी एक शिष्य के जीवन में एक पूर्ण सद्गुरु आता है तो वह क्या करता है। सबसे पहले उसे शिष्य के मस्तक पर हाथ रखता है, उसे उसके ही घट में ईश्वर का साक्षात्कार करवाता है। एक गुरु ही सच्चे पथ प्रदर्शक होते हैं, जो अपने शिष्य के जीवन में खुशनुमा रंग भर दिया करते हैं, बदलाव ले आते हैं।

# श्मशान भूमि में मिट्टी भराव लेकर स्थिति तनावपूर्ण



**रणदीप धानियां,कलायत।**

कलायत के गांव कमालपुर में दो दिन से श्मशान भूमि में मिट्टी भराव लेकर स्थिति तनावपूर्ण बनी है। दो पक्षों के बीच वर्षों से चल रहे विवाद को शांत करने के लिए शीर्ष अधिकारियों के निर्देश पर प्रशासन प्रयासरत है। इसके तहत रविवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सुमिता ठाकुर, डीएसपी ललीत कुमार, नायब तहसीलदार और हलका पटवारी सहित भारी पुलिस बल गांव में तैनात रहा। श्मशान और तालाब की जमीन को लेकर चल रहे इस विवाद का हल करने के लिए मटौर, छातर और आसपास के अन्य गांव के प्रतिनिधि गांव कमालपुर में पहुंचे। दोनों पक्षों को शांति बनाए रखने की अपील करते रहे।

# आतंकवाद को खत्म करने के लिए सामुहिक प्रयास जरूरी: नरवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। रविवार को भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में टीम सुमित नरवाल की ओर से जुंडला से चिड़ाव मोड़ तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। सैकड़ों की संख्या में युवाओं से लेकर बुजुर्ग तक हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर वंदे मातरम और भारत माता की जय के जोरदार जयकारे लगा रहे थे। खास बात यह रही कि पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के दादा हवा सिंह, पिता राजेश नरवाल, माता आशा नरवाल, चाचा राकेश नरवाल तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



आयोजक सुमित नरवाल और विनय नरवाल के दादा हवा सिंह ने तिरंगा यात्रा की अगुवाई की। सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, एडवोकेट अरविंद निटू मान विशेष रूप से मौजूद रहे। चिड़ाव मोड़ पर टीम सुमित नरवाल द्वारा बनाए गए शहीदी स्मारक पर तिरंगा यात्रा का समापन हुआ, जहां वीर सपूत लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के चित्र व करनाल जिला के आज तक हुए सभी शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। शहीद जवानों को याद किया गया। विनय नरवाल अमर रहे के जोरदार नारे लगाए गए। शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी याद में दो मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद राष्ट्रीय गान गया गया।

विनय नरवाल के पिता राजेश नरवाल ने कहा कि चिड़ाव मोड़ पर बना यह शहीदी स्मारक युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। शहीदी स्मारक की दीवार पर प्रथम विश्व युद्ध से लेकर अब तक शहीद हुए करनाल जिला के जवानों के नाम अंकित किए गए हैं, जिसके लिए टीम सुमित नरवाल बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि हर जिले में ऐसे शहीदी स्मारक स्थापित किए जाने चाहिए। इससे युवाओं को शहीदों के बारे में जानने का अवसर मिलेगा और उनमें देश प्रेम की भावना जागृत होगी। उन्होंने कहा कि आतंकवाद की विचारधारा को सबको मिलकर खत्म करना होगा। इसके लिए लोगों को जागरूक और सचेत किया जाना जरूरी है।

सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद के आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा। उनके घर में घुसकर सबक सिखाया जाएगा। आपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं का शौर्य सबने देख लिया है। वह तीनों सेनाओं को सेल्यूट करते हैं। तिरंगा यात्रा के संयोजक सुमित नरवाल ने कहा कि दुख की घड़ी में देश का हर व्यक्ति विनय नरवाल के परिवार के साथ खड़ा है।

# अपराधों की रोकथाम ही पुलिस का ध्येय, धर्मनगरी को बनाना है अपराधमुक्तः पुलिस अधीक्षक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र**ःअपराधों की रोकथाम करना ही पुलिस का मुख्य ध्येय है। धर्मनगरी को अपराधमुक्त बनाना हमारी प्राथमिकता होगी। अपराध और अपराधियों पर शिंकजा कसने के लिये आम नागरिकों का सहयोग जरुरी है। नशे को जड से खत्म करना और नशे से जुडे कारोबारियो को सलाखो के पीछे भेजना ही पुलिस का मुख्य लक्ष्य है। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि नशा समाज की जडों



को खोखला कर रहा है, युवा पीढी नशे की लत में फंस कर अपने भविष्य को खतरे में डाल रही है। जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्त जीवन के प्रति जागरुक करने के साथ-साथ नशीले पदार्थों के धन्धें में संलिप्त अपराधियों को भी सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। जिला पुलिस नशे की डिमांड व सप्लाई पर काबू करके नशामुक्त कुरुक्षेत्र बनायेंगे। जिला पुलिस समय-समय पर आपरेशन आक्रमण जैसे अभियान चलाकर जिला को अपराध मुक्त करके आमजन को अमन-चैन का माहौल प्रदान करेगी।

# कपिल मिश्रा ने किया 'विशाल तिरंगा यात्रा' का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** ऑपरेशन सिंदूर की निर्णायक जीत एवं भारत की सैन्य शक्ति के वैश्विक परचम को सम्मानित करने के क्रम में दिल्ली के खजूरी चौक से सिग्नेचर ब्रिज तक 'विशाल तिरंगा यात्रा' निकाली गई। इस विशेष आयोजन के अवसर पर कला-संस्कृति-पर्यटन मंत्री एवं करावल नगर के विधायक कपिल मिश्रा उपस्थित रहे। पूरा वातावरण भारत माता और वंदे मातरम के जयघोष के साथ देशभक्ति के रंग में सराबोर था। इस राष्ट्रव्यापी यात्रा का मुख्य उद्देश्य हाल ही में सफल हुए ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाना है। यह तिरंगा यात्रा उस ऐतिहासिक सम्मान का प्रतीक है, जब विश्व इतिहास में पहली बार





किसी परमाणु शक्ति संपन्न पड़ोसी देश के घर में घुसकर प्रहार किया गया। मात्र 90 मिनट में पाकिस्तान के 11 एयरबेस ध्वस्त किए गए और 100 से अधिक आतंकियों का सफाया कर भारत की सुरक्षा को मजबूती प्रदान की गई। इस ऑपरेशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अद्वितीय निर्णय क्षमता और भारतीय सेना के अदम्य पराक्रम को वैश्विक स्तर पर सलामी दिलाई। इस यात्रा का लक्ष्य न केवल ऑपरेशन सिंदूर के प्रति समर्थन जताना है, बल्कि युवाओं एवं आम नागरिकों में देशभक्ति, अनुशासन और सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान की भावना को और प्रगाढ़ करना भी है। कला-संस्कृति-पर्यटन मंत्री एवं करावल नगर के विधायक कपिल मिश्रा ने कहा, " यह यात्रा हमारे उन सैनिकों के अतुलनीय साहस, शौर्य और पराक्रम के प्रति एक सामूहिक सम्मान है, जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा हेतु अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर भारत के स्वाभिमान, साहस और संप्रभुता का जीवंत प्रतीक है। हमारे वीर सैनिकों ने जिस अदम्य निष्ठा और पराक्रम से सीमाओं की रक्षा की, वह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ नेतृत्व क्षमता का भी परिचायक है।


प्रधानमंत्री का यह कथन– 'आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस ही बेहतर विश्व की गारंटी है'। आज पूरी दुनिया के लिए एक स्पष्ट संदेश है। हमें अपनी वीर सेना पर गर्व है, जिसका पराक्रम आज विश्व में गूँज रहा है। कपिल मिश्रा ने कहा कि, पड़ोसी देश द्वारा आतंकवाद को प्रश्रय देने वाली नीतियों की कड़ी निंदा करते हुए मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूँ, यदि किसी आतंकवादी ने भारत की ओर आँख उठाकर भी देखा, तो हमारी सेना और सरकार, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, उसे मुँहतोड़ जवाब देगी।

यात्रा के दौरान सैकड़ों देशभक्तों ने तिरंगे को थामकर "भारत माता की जय!", "वंदे मातरम!" और "जय हिंद!" के उद्घोषों से गगन गुंजायमान कर दिया। सड़कों पर उत्साहित नागरिकों और युवाओं की भारी भीड़ ने देशभक्ति के रंग में पूरे दिल्ली को सराबोर कर दिया।

# जागरूक बनों, तभी होगा संपूर्ण विकासः सुमेर सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने कहा कि सभा के द्वारा समाज को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। जिससे की समाज के लोग अधिक से अधिक जागरूक हो सके। उन्होंने आगे बताया कि संगठन में शक्ति होती है, इसलिए मेरी समाज के लोगों से अपील है कि सभी संगठित होकर रहे और एक-दूसरे की मदद के लिए हमेशा ही आगे रहे। जिससे की सैनी समाज के लोगों को कही पर भी परेशान न होना पड़े। उन्होंने अभिभावको से अपील करते हुए कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये और साथ ही बच्चों को भारतीय संस्कृति और सभ्यता से भी



अवश्य ही अवगत कराये, जिससे की बच्चे अपने समाज के महापुरूषों को भी जान सके। जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। साथ ही मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जहां पर भी सैनी समाज चिन्तन बैठक का आयोजन किया जा रहा हो, वहां पर बच्चों को अपने साथ अवश्य ही लेकर जाये, जिससे की बच्चे सैनी समाज के इतिहास को बेहतर तरीके से जान सके।





विधायक कार्यालय पर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज।

# भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती हैः उटवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता संजय उटवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो हमेशा ही जनहित में कार्य करती है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास ही विकास करके दिखाया है, यही कारण है कि आज देश के लोग पीएम मोदी के कार्यों से काफी ज्यादा प्रसन्न है।

उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद से दिल्ली में भी तेजी से विकास हो रहा है। जनता भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। उन्होंने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह



करके दिखाती है। यही कारण है कि भाजपा की नीतियों से सभी वर्ग के लोग प्रभावित है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली में भाजपा के राज में विकास की गति अब तेज हो गई है, जनता भाजपा के कार्यों की सराहना कर रही है।

# 'दिल्ली में प्रति व्यक्ति जलापूर्ति को पूरा न कर पाना भाजपा सरकार की सबसे बड़ी नाकामी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली की बढ़ती आबादी के लिए प्रतिदिन लगभग 1290 एमजीडी पानी की जरुरत है, परंतु दिल्ली जल बोर्ड 990 एमजीडी पानी प्रतिदिन ट्रीट ही कर पाता है जबकि दिल्ली जल बोर्ड के अनुसार 52 प्रतिशत पानी चोरी या बर्बाद हो जाता है। जल बोर्ड दिल्ली में पीने योग्य पानी का उत्पादन और वितरण करने की अपनी जिम्मेदारी को निभाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। दिल्ली कांग्रेस आरटीआई सेल द्वारा मांगी जानकारी अनुसार यमुना का प्रदूषित और गंदा पानी लोगों



को मिल रहा है, जिसे भाजपा की दिल्ली सरकार ने खुद स्वीकार किया है कि 2025 में 30 अप्रैल तक 811 शिकायते गंदे पानी की मिली और इसी दौरान 1835 शिकायतें पानी न मिलने की मिली। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड भीषण गर्मी में दिल्लीवालों को पानी की आपूर्ति देने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है क्योंकि कुल सीवेज ट्रीटेड वाटर 604 एमजीडी में से महज 11.6 प्रतिशत 94 एमजीडी इस्तेमाल होता है बाकी सीवेज के ट्रीटेट पानी को नालों में बहा दिया जाता है, जो यमुना में चला जाता है। सरकार के पास 2484 एमएलडी पानी को संरक्षित रखने की क्षमता नहीं है। ट्रीटेट 94 एमजीडी पानी में 81 एमजीडी पानी हॉर्टिकल्चर के इस्तेमाल में और 10 एमजीडी पानी पावर प्लांट की यूनिटों को ठंडा करने में इस्तेमाल हो जाता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली 90 प्रतिशत जलापूर्ति के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर है।

# विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज कर रही है बेहतर कार्यः श्याम सुन्दर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता व जिला केशवपुरम एससी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वादे की पक्की है, जो वादे करती है, उसे पूरा करके दिखाती है। दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद से दिल्ली में विकास काफी तेजी से हो रहा है। जनता को अब पहले से बेहतर सुविधाएं भी मिल रही है।

उन्होंने आगे बताया कि वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रही है और जनता की समस्याओं को सुन,



उनकी समस्या का उचित समाधान कर रही है, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा के कार्यों और नीतियों से लोग काफी प्रभावित है और बहुताय की संख्या में लोग भाजपा से जुड़ रहे है।

# आप नेता सुरेश शर्मा ने किया क्षेत्र का दौरा, सुनीं लोगों की समस्याएं







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: वार्ड-18** जहांगीर पुरी की कलंदर कॉलोनी, विश्वनाथ पुरी और बसंत दादा पाटिल नगर में आप नेता सुरेश शर्मा ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और लोगों से सफाई व्यवस्था का फीडबैक भी लिया। इस मौके पर आप नेता सुरेश शर्मा ने बताया कि आज जहांगीरपुरी वार्ड के कई इलाके में मैंने दौरा किया और जनता की जो भी समस्याएं थी, उनको सुन जनता की समस्या का उचित समाधान भी करवाया। उन्होंने आगे बताया कि निगम पार्षद टिम्सी शर्मा क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही है। जनता उनके कार्यों से खुश है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से यह भी कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये।

# सावित्री मलिक की पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** साहित्य श्री प्रकाशन ,काव्यशैली एवं गोल्डन स्पून द्वारा पुस्तक लोकार्पण एवं काव्यशैली उत्कृष्ट कवयित्री सम्मान-2025 का आयोजन साहित्य श्री सदन मंगोलपुर खुर्द दिल्ली में किया गया। मंच की अध्यक्षता राष्ट्रीय कवि संगम के राष्टीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल ने की। इस अवसर पर कवयित्री सावित्री मलिक की चार पुस्तकें अंतर्ध्वनि ,आंधियों में जलते चिराग, मेरे प्रकाशित लेख एवं सपनों के पंख का भव्य लोकार्पण भी गणमान्य साहित्यकारों के कर कमलों द्वारा किया गया। मंच पर शोभायमान अतिथियों में प्रसिद्ध शायर सुजीत शौकीन, कवयित्री डॉ पुष्पा जोशी





रहे। काव्यशैली उत्कृष्ट कवयित्रियों में डॉ पुष्पा जोशी, हुमा खातून, दीपाली चौधरी, सुनीता अहलावत, हीरा जोशी, सावित्री मलिक को सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में दिल्ली/एनसीआर से लगभग 40 कवि एवं कवयित्रियों की उपस्थिति रही एवं सभी ने बेहतरीन काव्यपाठ किया। काव्यपाठ करने वाले कवि एवं कवयित्रियों में राजेश तंबर, कुमार अनुपम,संजय कुमार गिरि, अशोक सम्राट, राजकुमार अर्जुन, सीमा शर्मा, हेमा खातून, सुनीता अहलावत ,पुष्पा जोशी, दीपाली चौधरी,हीरा जोशी, सुजीत शौकीन आदि रहे।

मंच का बेहतरीन संचालन दास आरोही एवं शायर असलम बेताब ने अपने लाजवाब अंदाज में किया।

# दो वाहन चोर गिरफ्तार, दो स्कूटी और मोबाइल फोन बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उत्तरी-पश्चिमी जिले के महेन्द्रा पार्क थाना पुलिस व एनएस मंडी पुलिस चौकी ने वाहन चोरी और मोबाइल फोन चोरी में लिप्त दो आदतन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने गश्त के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा और उनके कब्जे से दो चोरी की स्कूटी व दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

उत्तरी-पश्चिमी जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान राहुल और जाहिद अली उर्फ अली के रूप में हुई है। दोनों जहांगीरपुरी के रहने वाले है।



लाल बाग स्थित निगम पार्षद कार्यालय पर आयुष्मान वय वंदना योजना का कैंप लगाकर 70 साल से ऊपर आयु और बीपीएल परिवारों के नागरिकों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुरक्षा कवच के कार्ड देते हुए केशवपुरम जोन के डिप्टी चेयरमैन व पार्षद सुशील जोंटी व अन्य।

# संगीता बिष्ट बनी संत नगर की अध्यक्ष, कहा जन-जन तक पहुंचाऊगी सरकार की योजनाएं

**टीम एक्शन इंडिया/ महेंद्र सिंह**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में मंडल अध्यक्षों का कार्यकाल पूरा होने के बाद भाजपा ने फिर से पूरी दिल्ली में अपने नए मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की हैं। इसी कड़ी में बुराडी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संत नगर वार्ड नंबर नौ से भाजपा की कार्यकर्ता संगीता बिष्ट को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे जहां उनके परिवार में खुशी का माहौल है, वहीं उनके निवास स्थान पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इस मौके पर संगीता बिष्ट ने दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद मनोज तिवारी सहित पार्टी के सभी शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने साथ ही अपने सभी कार्यकर्ताओं का अभिवादन भी किया।







**कई धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं में भी निभा रही हूं जिम्मेदारी:** संगीता बिष्ट ने कहा कि मुझे राजनीति में एक्टिव हुए ज्यादा समय तो नहीं हुआ है, लेकिन क्षेत्रीय सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के साथ मिलकर जनसेवा का कार्य सालों से कर रही हूं। संगीता ने बताया कि वह पूर्व में महिला मोर्चा महामंत्री, महिला मोर्चा अध्यक्ष सहित कई अहम पद पर काम कर चुकी हूं। उन्होंने कहा कि पार्टी में मैं एक छोटी सी कार्यकर्ता बनकर निःस्वार्थ भाव से लगभग आठ साल से काम कर रही थी। पार्टी ने मेरी मेहनत और काबिलियत देखकर और जिस विश्वास के साथ पद दिया है, मैं पार्टी का वह विश्वास कभी टूटने नहीं दूंगी। मैं पूरी निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाउंगी।

**सरकार की योजनाएं जन-जन तक पहुंचाने का करूंगी काम:** संगीता बिष्ट ने कहा कि भले ही दिल्ली में भाजपा की सरकार 27 साल बाद आई हो, लेकिन दिल्ली की जनता का विश्वास भाजपा के प्रति हमेशा से अडिग रहा है और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर लोगों को पूर्ण विश्वास भी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की रेखा सरकार द्वारा दिल्ली व मेरे वार्ड के लिए कोई भी सरकारी योजना कार्यान्वित की जाएगी तो मैं वह सभी योजनाएं जन-जन तक पहुंचाने का काम करूंगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र के लोगों की मदद के लिए मैं आधी रात को भी तत्पर रहूंगी।

**मुलभूत सुविधा से भी वंचित है लोग:** संगीता बिष्ट ने कहा कि बुराडी विधानसभा क्षेत्र के लोग सालों से ही मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जीवन यापन करने को विवश हैं। क्षेत्र में सड़कों का हाल बहुत बुरा है। जगह-जगह गड्ढे की वजह से वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। सफाई को बेहतर बनाने के कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। नालियों की नियमित सफाई नहीं होती है। क्षेत्र की मुख्य सड़क पर अक्सर कूड़े का ढेर लगा होता है। कूड़ाघर की सफाई का भी ध्यान नहीं रखा जाता। क्षेत्र में बहुत सी समस्याएं हैं।

**विकराल है जाम की समस्या:** संगीता बिष्ट ने कहा कि बुराड़ी में भयंकर जाम की समस्या ने यहां के लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। पूरा दिन सड़कों पर जाम लगा रहता है। इस वजह से गाड़ियां निकलना तो दूर की बात है, पैदल चलने वालों को भी निकलने का रास्ता नहीं मिलता है। वहीं अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण ने भी नाक में दम कर रखा है। लोगों ने अपनी दुकानों से दस-दस फुट बाहर सामान रखा है। इसके अलावा रेहड़ी-पटरी वालों ने भी सड़कों पर अतिक्रमण कर रखा है, जिसके चलते पूरा दिन गाड़ियों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहती हैं। विधायक ने जाम से निजात पाने के लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया है। जिसके चलते जाम की यह समस्या अत्यधिक विकराल बन चुकी है।

## न्यूज फ्लैश

### व्यापारियों ने की हेमू हत्याकांड में जांच को सार्वजनिक करने की मांग

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के नगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारीयों का प्रतिनिधि मण्डल जिलाधिकारी से मिला व विगत दिनों व्यापारी नेता हेमेन्द्र गर्ग की हत्या के मामले में हुई जांच का सार्वजनिक करने की मांग की। लापरवाही बरतने वाले अधिकारीयों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की भी मांग उठाई। हत्याकाण्ड की वजह बनी विवादित भूमि की जांच को अपर जिलाधिकारी वित्तव राजस्व की अध्यक्षता में बनी हाई पावर कमेटी कि जांच को सार्वजनिक करने पीडित परिवार को आर्थिक सहायता, पीडित परिवार को शास्त्र लाइसेंस व पीडित व्यापारी परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग के साथ साथ जवाहर हाट पर बसाये शरणार्थी परिवारों को स्वामित्व सौपने की भी मांग को दोहराया। नगर महामंत्री शशिभानु गर्ग ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा अगर शीघ्र ही समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया तो व्यापारी आन्दोलन की भूमिका में होगे अब शीघ्र ही नगर निगम, विद्युत विभाग, खाद्ध विभाग व जी0एस0टी0 विभाग के अधिकारीयों से मिलकर व्यापारीक समस्याओं के समाधान का कार्य किया जायेगा। प्रतिनिधि मण्डल में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम चन्द्र खत्री, गुरमुखदास, महामंत्री सुनील सहानी, वरिष्ठ मंत्री विकास जिन्दल, नागेन्द्र वर्मा, लक्ष्मण कालरा, राजनारायण गौड, आलोक, राजेन्द्र गर्ग, मुकेश अग्रवाल उपस्थित थे।

### आश्रय स्थलों के संचालन के लिए संस्थाओं से मांगे आवेदन

**लोकेश चौधरी /टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विशाल कुमार ने जनपद के समस्त स्वंसेवी संस्था निःशक्त व्यक्तिा एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अन्तर्गत पंजीकृत संस्थाओं को सूचित किया है कि निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र 13 मई के द्वारा उत्तर प्रदेश मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजन के लिए आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र संचालन के लिए कार्ययोजना के दिशा निदेर्शों के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2025-26 का नवीन प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाना है, तत्क्रम में जनपद में आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र के संचालन हेतु सक्षम पात्र स्वैच्छिक संस्थाऐं जो आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र के संचालन के लिए नियमावली के अनुसार केन्द्र का संचालन कर सकें। अनुदान प्रस्ताव के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के कार्यालय में 30 जून तक उपलब्ध कराये। योजना से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में कक्ष संख्या 35 जी, राजीव भवन, मथुरा में संचालित कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मथुरा में संपर्क करे।

### फरह मे ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर का हुआ उद्घाटन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना के तहत ब्रज क्षेत्र के फरह मे ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर का उद्घाटन हुआ। फरह में मंदिर के महंत बाबा श्यामदास, क्षेत्र प्रमुख आदर्श मिश्रा, ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पार्चन कर किया। इस शिविर के माध्यम से बच्चों के निजी जीवन मे अच्छे गुणों का विकास शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक सभी प्रकार से करके उन्हें अच्छा नागरिक बनाना है। ह्लआज के बच्चे, कल का भारत हैह्ल अतः जैसे आज उनको तराशा जायेगा वो भविष्य मे उसी रूप मे दिखाई देंगे। क्षेत्र प्रमुख आदर्श मिश्रा ने प्रशिक्षण का महत्त्व विषय पर मार्गदर्शन दिया।
उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को व्यवस्थित ढंग से करने से पहले हमें प्रशिक्षण की महती आवश्यकता है जिस प्रकार किसी भी धातु की वस्तु को चमकाना हो तो उसको रगड़ना या साफ करना होता है उसी प्रकार अपने अच्छे गुणों को बढ़ाने के लिए हमें इस शिविर मे अत्यधिक मन लगाकर सीखना पड़ेगा। इस शिविर में बच्चों को आर्ट एन्ड क्राफ्ट, कबाड़ से जुगाड़, विज्ञान के प्रयोग, मिट्टी के खिलौने बनाना, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता, योग, खेल, सूर्य नमस्कार, जैसे गतिविधि एवं पर्यावरण, सुरक्षा, स्वास्थ्य, अच्छे नागरिक के कर्तव्य जैसे कई विषयों पर बौद्धिक सत्र आयोजित होगे। इस अवसर पर राजकुमार झा, जतिन शर्मा सहित 50 बच्चे उपस्थित रहे। इस शिविर का समापन 25 मई को फरह मे ही होगा।

# कान्हा की नगरी में चंहुओर पसरा, अवैध खतरा

**मजदूर दिवस**

**▶▶नौहझील थाना क्षेत्र के खाजपुर गांव में ईंट भट्ठे पर पुलिस ने काम करते हुए पकडा।**



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** पुलिस और एलआईयू टीम ने नौहझील 68 बांग्लादेशियों को पकड़ा है। ये अवैध रूप से रह रहे थे। यहां ईंट भट्टा पर काम करते थे। पकड़े गए बांग्लादेशियों में 35 पुरुष, 27 महिला, एवं 28 बच्चे शामिल हैं। नौहझील थाना क्षेत्र के खाजपुर गांव में ईंट भट्ठे पर पुलिस ने काम करते हुए पकडा। मथुरा। कान्हा की नगरी अज्ञात खतरे की जद हैं। हालांकि यह खतरा छुपा किसी से नहीं है लेकिन इसे उजागर करने की मंशा भी किसी की नहीं रही है। सफेदपोशों के संरक्षण और दबंगों की दबंगई दोनों मिल कर आम लोगों को इस खतरे को मौल लेने की हिम्मत जुटाने से रोकती है। देखते ही देखते मथुरा जैसी संवेदनशील जगह पर अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या की बस्तियां बस गईं। यह सब अनायास नहीं हुआ। यह खतरा कितना बडा है इससे भी हर कोई वाकिफ है। अवैधरूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या की बस्तियां जमीन के अंदर नहीं बसी हैं और नहीं आंखों से ओझल हैं। यह स्थानीय खुफिया तंत्र या दूसरे इसी तरह के महकमों और हमारी पुलिस की रडार से भी दूर नहीं है। लेकिन इस सब को कई बार दबाव में तो कई बार दूसरी तमाम वजहों से नजर अंदाज किया जाता रहा है। शहरी की अविकसित और बाहरी कॉलोनियों में ये बस्तियां हैं। ये विदेशी आकर खुद नहीं बसा जाते हैं। आधार कार्ड, राशन कार्ड, सिम कार्ड, मोबाइल यहां तक कि आयुष्मान कार्ड तक की व्यवस्था ये लोग विदेश से आकर यहां खुद नहीं कर लेते हैं। अब तक इस तरह के जितने लोग पकडे गये हैं उनसे यही साबित हुआ है कि ये लोग साधन संपन्न नहीं हैं, नहीं बहुंत पढे लिखे हैं। फिर ये विदेश से यहां आकर बेहद सुनियोजित तरीके से सारी सुविधाएं कैसे जुटा लेते हैं। ऐसा नहीं है कि अवैध बंगलादेशी या रोहिग्या पहली बार पकडे गये हैं। ये कपडे जाते रहे हैं, इनकी पूरी बस्तियां पकडी जाती रही हैं। बावजूद इसके इनके लिए तमाम व्यवस्थाएं करने वाले लोग कभी बेनकाब नहीं हुंए। इससे ये साबित होता है कि इन्हें संरक्षण देने वाले लोग आम आदमी नहीं हैं, वे बेहद खास हैं जिनके आगे सिस्टम भी अपनी हदों में सिमट कर रह जाता है। पिछले एक दशक में मथुरा में कई बार इस तरह के लोग पकडे गये हैं। जेल भेजे गये हैं और सजा पूरी करने के बाद जेल से बाहर भी आए हैं। अब कपडे गये अवैध विदेशियों के साथ भी यही होगा। भट्टा हो, जल निगम, बिजली विभाग से लेकर तमाम दूसरे विभागों के बडे स्तर पर होने वाले कामों में इन अवैध विदेशियों का उपयोग किया जा रहा है।

# पूर्व विधायक का परिवार फिर कांग्रेस में लौटा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**



आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय लखनऊ में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, श्रीमति प्रियंका गांधी की नीतियों से प्रभावित होकर आज मथुरा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के प्रयास से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय लखनऊ में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे एवं राष्ट्रीय सचिव जनाब तौकीर आलम, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा पूर्व विधायक हुकुमचंद तिवारी के बेटे राष्ट्रीय लोक दल मथुरा महानगर के पूर्व अध्यक्ष आदित्य तिवारी एडवोकेट,भाजपा नेता बलबीर सिंह धनगर प्रधान और आम आदमी पार्टी की श्रीमती रूपा लवानिया को कांग्रेस का पटका पहना कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता कुंवर सिंह निषाद, पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि, अप्रतिम सक्सेना, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरवीर सिंह पुंडीर, सेवादल जिलाध्यक्ष प्रदीप सागर, विपुल पाठक, जिलानी कादरी, रमेश कश्यप, बनवारी चौधरी, शैलेंद्र चौधरी, राजा गौतम आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# व्यापार मंडल की कोर कमेटी ने जानी भैंस बहोरा नाले का हाल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भैंस बहोरा व्यवसाई समिति द्वारा नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की कोर कमेटी को बुलाकर भैंस बहोरा नाले की दुर्दशा एवं विद्युत के बॉक्स जो खुले हुए दिखाएं विद्युत बॉक्स खुला होने के कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। नाले की गंदगी एवं सिल्ट न निकालने की वजह से दुकानदार नरकीय जीवन व्यतीत करने को मजबूर हैं। कभी भी कोई संक्रामक बीमारी यहां फैल सकती है। नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा मौके का मुआयना किया गया जिसमें वे इस क्षेत्र की हकीकत से रूबरू हुएत्र व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मौके पर मुआयना करने के बाद भैंस बहोरा के सभी व्यापारी भाइयों को आश्वासन दिया कि मंडल के पदाधिकारी नगर निगम के मेयर विनोद अग्रवाल, नगर आयुक्त जग प्रवेश वर्मा से मिलकर इस समस्या से अवगत कराया जाएगा। ताकि इस नाले की अति शीघ्र सफाई कराके सिल्ट



निकलवाई जाएगी एवं नाले को अंडरग्राउंड बनवाने की मांग की जाएगी। जिससे भविष्य में इस क्षेत्र में बीमारी का प्रकोप न हो सके। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचंद्र खत्री, महामंत्री शशि भानू गर्ग, महामंत्री सुनील साहनी, संयुक्त महामंत्री श्रीभगवान चतुर्वेदी, पूर्व उपाध्यक्ष राज नारायण गौड़, महेश खंडेलवाल एवं भैंस बहोरा व्यवसायी समिति के रोहित चतुर्वेदी, रवि अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, श्याम शर्मा, संजीव अग्रवाल, पंकज चतुर्वेदी, विश्वनाथ, सचिन अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# राजकीय शिक्षक संघ के विजय अध्यक्ष व नरेश बने जिला मंत्री

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
राजकीय शिक्षक संघ जनपद मथुरा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज जैंत में जनपदीय अधिवेशन व संगोष्ठी आहूत की गई। जिसमें राजकीय शिक्षक संघ मथुरा की कार्यकारिणी का चुनाव प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव यादव, प्रांतीय संगठन मंत्री शिवचरण रावत, निवर्तमान जिला अध्यक्ष आगरा पर्यवेक्षक बीड़ी पाराशर, पर्यवेक्षक पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोजाबाद उदयपाल, चुनाव अधिकारी प्रथम प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार, चुनाव अधिकारी द्वितीय प्रधानाध्यापक छीतर सिंह शास्त्री, प्रधानाध्यापक डॉ. रन सिंह आदि के द्वारा किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष जिला मंत्री के पद हेतु मतदान हुआ।

# बार और बेंच के मध्य हमेशा सामंजस बना रहेगा: अनुंपमा गोयल

**लोकेश चौधरी /टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा।** अपर आयुक्त राज्य कर ग्रेड 1 अलीगढ़ जोन अलीगढ़ अनुपमा गोयल ने संयुक्त रूप से कर अधिवक्ताओं व राज्य कर अधिकारियों के साथ एक बैठक की। बैठक मंडल कार्यालय राज्य कर विभाग गोवर्धन रोड मथुरा पर हुई। बैठक में राज्य कर विभाग के अधिकारी एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों व अधिवक्ताओं की समस्याओं पर चर्चा की व कुछ समस्याओं का निस्तारण तुरंत किया तथा कुछ समस्याओं का निस्तारण शीघ्र करने का आश्वासन दिया तथा आगे भी अधिवक्ताओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी तथा सभी कार्य समय से कराएं जाएंगे व बार और बेंच के मध्य हमेशा



सामंजस बना रहेगा ऐसा उनके द्वारा आश्वस्त किया गया। कुछ समय से अधिवक्ता विभागीय अधिकारियों पर सहयोग नहीं करने और जानबूझ कर मामलों को लटकाने की शिकायत करते रहे हैं।
इसे लेकर वह कई बार खुल कर शिकायत कर चुके हैं और कार्यालय के सामने नारेबाजी तक हुई है। इस मौके पर मथुरा टैक्स बार एसोसिएशन मथुरा के महामंत्री गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष लक्ष्य अग्रवाल, उपाध्यक्ष वेद प्रकाश गोस्वामी, सौरव अग्रवाल, ऑडिटर रमाकांत भारद्वाज, अम्बरीष खंडेलवाल, हर्षवर्धन मंगल, हीरेंद्र कुमार शर्मा, पवन कुमार अग्रवाल, पुनीत बंसल, हरीश कुमार अग्रवाल, महेश वर्मा, बृजमोहन आदि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता वेद प्रकाश गोस्वामी ने की।

# नवागत नगर आयुक्त के सामने भी यक्षप्रश्न जल प्लावन से कैसे बचेगी मथुरा

**स्थलीय निरीक्षण**

**▶▶-वर्षा ऋतु में जलभराव से निपटने के लिए नवागत नगर आयुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण**



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।/टीम एक्शन इंडिया**
अधिकारियों के बदलने से समस्याएं नहीं बदलतीं, समाधान के तरीके जरूर बदल सकते हैं। नवागत नगर आयुक्त के सामने भी यही यक्ष प्रश्न है कि जल प्लावन के कान्हा की नगरी कैसे बचेगी। पदभार सम्हालने की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नवागत नगर आयुक्त ने भी सबसे पहले बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने पर ध्यान केन्द्रित किया है। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने गर्ल्स केआर डिग्री कॉलेज, जंक्शन रोड की पुलिया से लेकर भैंस बहोरा तक क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर नालों, प्रमुख जलभराव स्थलों तथा चौक पॉइंट्स का गहन अवलोकन किया गया। नगर निगम द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इसी क्रम में रविवार को नवागत नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा आज शहर के गुरु नानक नगर एवं ब्रज नगर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा गर्ल्स केआर डिग्री कॉलेज, जंक्शन रोड की पुलिया से लेकर भैंस बहोरा तक क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर नालों, प्रमुख जलभराव स्थलों तथा चोक पॉइंट्स का गहन अवलोकन किया गया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा पूर्व नाले नालियों की व्यापक रूप से तलीझाड़ एवं नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। नगर आयुक्त ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि नालों की सफाई में अवरोध उत्पन्न कर रहे अतिक्रमण को चिन्हित कर हटाया जाए ताकि जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ हो सके और वर्षा के दौरान नागरिकों को जलभराव से किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर आयुक्त ने यह भी कहा कि जिन जिन स्थानों पर ब्लॉकेज की समस्या उत्पन्न हो रही है उनको वृहद अभियान चलाकर कार्य कराया जाएगा साथ ही नाले नालियों की सफाई में अवरोध बन रहे अतिक्रमण को चिन्हित करके अवैध अतिक्रमण को पूर्ण रूप से हटाया जाएगा जिससे कि नाले नालियों की उचित ढंग से सफाई की जा सके जिससे की वर्षा के दौरान लोगों को जल भराव की समस्या उत्पन्न न हो।

# सुबह चार बजे खनन टीम को देख माफिया मे मचां भगदड़

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद भर में अवैध खनन की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। जनपद में सरकारी योजनाओं के लिए लम्बे समय से मिट्टी खनन किया जा रहा है। इसी की आड में अवैध खनन में माफिया जुटे हैं। लोगों के लिए यह जानना मुश्किल हो रहा है कि खनन वैध है अथवा अवैध। हालांकि अवैध खनन का कारोबार भी छुपा नहीं है। लगातार हो रही फजीहत के बाद खनन विभाग सचेत हुआ है। गोवर्धन व सदर तहसील के गांव तारसी में अवैध खनन का भंडाफोड़ हुआ है। खनन अधिकारी अक्षय कुमार ने रविवार सुबह चार बजे छापेमारी की। मौके से एक जेसीबी मशीन, दो ट्रैक्टर जब्त किए गए।
सभी वाहनों को थाना परिसर में भेजा गया है। खनन अधिकारी ने बताया कि गोवर्धन तहसील के अडींग ओर सदर तहसील के राल बांटी में लंबे समय से मिट्टी का अवैध खनन चल रहा था। शिकायत मिलने पर सुबह टीम के साथ मोके में दबिश दी गई। अडींग से एक जेसीबी दो ट्रेक्टर, राल बाटी से एक ट्रेक्टर ओर एक डम्फर मोके से पकड़े वाहनों की जब्ती की कार्रवाई की गयी। इस दौरान खनन में शामिल माफिया मौके से भाग निकले। अधिकारी ने बताया कि कार्रवाई की जानकारी उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है। खनन की गई जमीन का घन मीटर के हिसाब से आकलन किया जाएगा। दोषियों से जुमार्ना वसूला जाएगा। प्रशासन अवैध खनन के खिलाफ सख्त अभियान चलाकर कर कर्यवाई करेगा।

# पांच दिवसीय मेला में दूसरे दिन हुए प्रवचन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जयगुरुदेव आश्रम में चल रहे वार्षिक भंडारा सत्संग मेला के दूसरे दिन राष्ट्रीय उपदेशक बाबूराम और सतीश चन्द्र ने कर्म विज्ञान, अच्छे समाज और संतों की महिमा पर प्रकाश डाला। बाबूराम ने ह्यह्यनहिं दरिद्र सम दुःख जग माहीं, संत मिलन सम सुख कछु नाहीं।ह्लह्ल पंक्ति को उद्धृत करते हुए कहा कि संसार में संतों के मिलन के समान कोई दूसरा सुख नहीं है। क्योंकि संतों का मिलना बहुत ही कठिन है। यदि वे मिल जायेंगे तो जीव का प्रारब्ध अपने घर सतलोक जाने का बन जायेगा। दूसरी तरफ दरिद्रता यानि गरीबी के समान कोई दूसरा दुःख नहीं। दरिद्रता आर्थिक, भौतिक पदार्थों के साथ ही आध्यात्मिक भी होती है। करुणा, दया और संतोष जैसे नैतिक मूल्यों के अभाव में आर्थिक रूप से सम्पन्न होने के बाद भी व्यक्ति संतों के पास पहुंचकर दरिद्र रहता है।

# डीएम ने योजनाओं के लिए भूमि अर्जन प्रक्रिया की समीक्षा की

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने जनपद मथुरा में भूमि अर्जन से संबंधित संचालित परियोजनाओं, प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण अजय कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी सहित यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण,



नेशनल हाईवे, परियोजना प्रबंधक कार्यदाई संस्था पीएनसी के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।
जिलाधिकारी ने भूमि अर्जन से संबंधित चल रही परियोजनाओं और मामलों की समीक्षा करते हुए विभिन्न सड़क, रोड आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। बैठक में कहा कि किसी भी रुकावट या देरी की समस्या का तत्काल प्रभाव से निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के सभी चरण उचित समय पर पूरे हो। श्री सिंह ने निर्देश दिए कि परियोजना से प्रभावित हितधारकों से समन्वय स्थापित करें। भूमि अधिग्रहण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है और यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि यह उचित समय पर और पारदर्शी तरीके से पूरी हो। भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में तेजी लाएं। लंबित मामलों को चिन्हित करते हुए उन पर कार्यवाही अमल में लाई जाए। बैठक के परिणामस्वरूप लंबित मामलों का जल्द से जल्द समाधान हो।

# डिपो होल्डर द्वारा राशन घोटाले का मामला, विधायक बोले-एसडीएम कर रहे मामले की जांच

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** रविवार को विधायक द्वारा चाय पर चर्चा के दौरान डिपो होल्डर राशन घोटाले का सवाल सामने आया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। इस पर विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल की कष्ट निवारण समिति की बैठक में कैबिनेट मंत्री ने डिपो होल्डर द्वारा किए गए राशन घोटाले की शिकायत एसडीएम को मार्क की हुई है। एसडीएम की अगुवाई में पूरे मामले की जांच चलेगी। एक या दो दिन में शिकायतकताओं और आरोपी को बुलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि



किसी के साथ द्वेष भावना से काम होगा। जो साक्ष्य हैं, उसके आधार पर सबको जवाब देना पड़ेगा, लेकिन न्याय होना चाहिए। अगर किसी ने गरीब का राशन खाया है तो वह भुगतेगा। दूध का दूध और पानी का पानी एसडीएम की जांच में हो जाएगा। अगर वहां से भी रिजल्ट नहीं आएगा तो ऊपर कार्रवाई देखेंगे।
आपको बता दें कि जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायतकर्ता मनिंद्र कुमार ने केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के सामने डिपो होल्डरों द्वारा 119 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया था और पूरे मामले की जांच की मांग की थी। विधायक जगमोहन आनंद ने भी शिकायतकर्ता की पैरवी की थी। इसके बाद कैबिनेट मंत्री ने डीसी को राशन घोटाले की जांच के निर्देश दिए थे। डीसी ने इस मामले की जांच एसडीएम की अगुवाई में करवाने की बात कही थी। जिसके लिए एसआईटी का भी गठन किया गया है। अब मामले की जांच चल रही है और जांच में क्या कुछ सामने आता है, वह जांच के बाद ही पता चल पाएगा।
वहीं महेश चावला जिन पर घोटाला करने के आरोप लगे हैं, उनका कहना है कि शिकायतकर्ता के साथ उसका कोई पुराना विवाद है। उसी की रंजिश में झूठी शिकायत की जा रही है। फिलहाल एसडीएम द्वारा जांच की जा रही है और जांच में जो सामने आएगा, उसके आधार पर आगे कुछ कहा जा सकता है, लेकिन इतना जरूर है कि जो आरोप लगाए जा रहे हैं वे निराधार हैं और झूठे हैं।
विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि अगर 200-250 आदमियों में से 50 शिकायतें भी आ रही है तो इसका मतलब मेरी कार्यशैली ठीक नहीं है और लोगों के पास अभी भी शिकायतों का अंबार है तो हमें अपनी वर्किंग को दुरुस्त करना पड़ेगा और जनता के बीच में जाना पड़ेगा। निगम से रिलेटिड ज्यादा काम आ रहे हैं, उन सभी को निगम के अधिकारियों के साथ बैठकर उन चीजों को ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं।

# केमा पब्लिक स्कूल का 10वीं हरियाणा बोर्ड का परिणाम रहा 100%

**टीम एक्शन इंडिया पानीपत , ( कमाल हुसैन )** केमा पब्लिक स्कूल का 10वीं हरियाणा बोर्ड का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। प्रिंसिपल राजबीर सिंह ने बताया कि विद्यालय के कुल 31 विद्यार्थियों में से 5 छात्रों ने 91 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सुहानी ने सबसे ज्यादा 92.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। प्रिंसिपल राजबीर सिंह ने कहा कि विद्यालय ने इस वर्ष भी अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए 10वीं कक्षा का शानदार परिणाम दिया है। 31



स्टूडेंट में से 23 छात्रों ने मैरिट प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया । स्कूल ने अपने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है, जिससे विद्यालय और अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्कूल के प्रिंसिपल व सभी स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर खुशी जताई है और आज सभी विद्यार्थियों को बुला कर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 19 मई 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHI / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## उप्र में 18 पीसीएस अधिकारियों के तबादले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार रविवार को फिर राज्य के 18 प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इसमें कई जिलों के अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी व विशेष पदों पर कार्यरत अधिकारियों के नाम शामिल हैं। तबादले की सूची के मुताबिक, अपर जिलाधिकारी (नगर) गाजियाबाद में तैनात गंभीर सिंह को अपर जिलाधिकारी आजमगढ़ में नवीन तैनाती मिली है। हनुमान प्रसाद को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) लखनऊ से अपर जिलाधिकारी रामपुर,अम्बरीश कुमार बिंद को अपर नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज से नगर मजिस्ट्रेट बरेली बनाया गया है। राजीव कुमार राय को अपर नगर आयुक्त नगर निगम वाराणसी से उप निदेशक मंडी परिषद लखनऊ, शुभी काकन को अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) लखनऊ से उप निदेशक मंडी परिषद लखनऊ, राजीव कुमार शुक्ला को नगर मजिस्ट्रेट बरेली से अपर नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, सुभाष सिंह को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) बागपत से अपर नगर आयुक्त नगर निगम वाराणसी, राजेश कुमार गुप्ता को अपर जिलाधिकारी बलिया से अपर जिलाधिकारी लखनऊ, हेम सिंह को अपर जिलाधिकारी रामपुर से सचिव विकास प्राधिकरण अयोध्या भेजा गया है। इसी तरह वंदिता श्रीवास्तव द्वितीय को सचिव विकास प्राधिकरण बरेली,सत्येंद्र सिंह को सचिव विकास प्राधिकरण अयोध्या से अपर जिलाधिकारी शामली, विनय कुमार सिंह द्वितीय को अपर जिलाधिकारी प्रयागराज से अपर जिलाधिकारी गाजियाबाद, योगेंद्र कुमार को सचिव विकास प्राधिकरण बरेली से उप निदेशक मंडी परिषद लखनऊ बनाया गया है। इसके अलावा पंकज कुमार श्रीवास्तव को अपर नगर आयुक्त जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति और रोशनी यादव को उपजिलाधिकारी ललितपुर से अपर जिलाधिकारी न्यायिक लखनऊ बनाया गया है।

## देहरादून से गिरफ्तार किए गए पांच बांग्लादेशी

टीम एक्शन इंडिया
देहरादून। उत्तराखंड की देहरादून पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में 05 बांग्लादेशी नागरिकों और 01 भारतीय महिला को गिरफ्तार किया है जबकि 04 नाबालिग को पुलिस संरक्षण में रखा गया है। एसएसपी देहरादून ने इसकी पुष्टि की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून अजय सिंह ने बताया कि उन्हें गोपनीय सूचना मिली थी कि देहरादून के क्लेमनटाउन क्षेत्र में कुछ बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से रह रहे हैं।

# वर्ष 2030 तक प्रदेश का हरित आवरण 20% करने का लक्ष्य

▢ 01 से 07 जुलाई तक चलेगा 35 करोड़ पौधरोपण अभियान, मुख्यमंत्री का निर्देशः पौधरोपण की सफलता के लिए 50 करोड़ पौधों की नर्सरी हो तैयार, पौधों में हो विविधता, प्रदेश के हर गाँव में हो 'ग्राम-वन', सतत विकास के लिए 'ग्रीन चौपाल' की कार्ययोजना बनेः मुख्यमंत्री ▢ प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों में जैव विविधता रजिस्टर तैयार कराएंः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

जनभागीदारी

▢ 01 से 07 जुलाई के बीच वृहद पौधरोपण अभियान पूरी तैयारी, जनभागीदारी के साथ संचालित किया जाए

टीम एक्शन इंडिया
लखनऊः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण केवल शासन की नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। वर्ष 2030 तक प्रदेश के हरित आवरण को 20 प्रतिशत तक ले जाने का हमारा लक्ष्य तभी सफल होगा जब वृक्षारोपण जनांदोलन का स्वरूप ले। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी 01 से 07 जुलाई के बीच वृहद पौधरोपण अभियान पूरी तैयारी, समन्वय और जनभागीदारी के साथ संचालित किया जाए। इसके अंतर्गत वर्ष 2025 में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्षित अभियान चलेगा। मुख्यमंत्री शनिवार को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दोनों माननीय विभागीय मंत्रियों को पौधरोपण अभियान की पूर्व तैयारी की गहन समीक्षा करने और अभियान की सफलता के लिए न्यूनतम 50 करोड़ पौधों की नर्सरी तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि रोपे जाने वाले पौधों में अधिकतम जैव विविधता सुनिश्चित की जाए—फलदार, छायादार, औषधीय और इमारती पौधों का संतुलित समावेश हो। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के सभी लाभार्थियों सहित जीरो पॉवर्टी की श्रेणी में चिन्हित प्रत्येक परिवार को सहजन का पौधा प्रदान किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक व्यापक नदी पुनरोद्धार अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके तहत राज्य की प्रमुख नदियों के दोनों किनारों पर वृक्षारोपण किया जाएगा। साथ ही सभी निर्माणाधीन, प्रस्तावित तथा क्रियाशील एक्सप्रेसवे के दोनों ओर की खाली भूमि पर नियोजित वृक्षारोपण कराया जाएगा। उन्होंने नेपाल से आने वाली नदियों में अत्यधिक सिल्ट की समस्या को गंभीर बताते हुए उनके



## 1990 से पहले के सम्पूर्ण राजस्व अभिलेखों के डिजिटलाइजेशन की तैयारी में योगी सरकार

*टीम एक्शन इंडिया*
*लखनऊः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में डिजिटल क्रांति की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने की तैयारी है। स्टाप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग ने पुराने राजस्व अभिलेखों और लेखपत्रों को शाश्वत काल तक सुरक्षित रखने के लिए डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। इसके तहत अब 1990 से पहले के सम्पूर्ण राजस्व अभिलेखों को डिजिटल रूप में संरक्षित करने की तैयारी चल रही है और जल्द ही इस कार्य के लिए संस्था का चयन किया जाएगा।*

## ग्रीन चौपाल का आयोजन किया जाएः सीएम

*सतत विकास की अवधारणा को जनमानस से जोड़ने हेतु मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में ग्रीन चौपाल का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली को अपनाने, कृषि वानिकी तथा टिकाऊ कृषि मॉडल को प्रोत्साहित करने और पारंपरिक पर्यावरणीय ज्ञान को पुनर्स्थापित करने के प्रयास हों। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक गाँव में कम-से-कम एक ग्राम-वन की स्थापना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने मानव-वन्यजीव संघर्ष को अत्यंत संवेदनशील मुद्दा बताते हुए निर्देश दिया कि बहराइच, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत और बिजनौर जैसे जिलों में सोलर फेंसिंग की प्रभावी व्यवस्था की जाए।*

चैनलाइजेशन की संभावनाओं पर विचार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण के पर्यावरणीय ही नहीं, सामाजिक और आर्थिक पक्षों को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और निर्देश दिए कि इस वृहद अभियान के बहुआयामी प्रभावों का विश्लेषण कराने हेतु आईआईएम जैसे प्रतिष्ठित संस्थान का सहयोग लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल रोपण नहीं, पौधों की सुरक्षा और पोषण भी हमारी साझा जिम्मेदारी है।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे उत्तराखंड, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया स्वागत।

## परिवारवादी समाजवाद लठैतवाद में बदल चुकाः केशव प्रसाद मौर्य

टीम एक्शन इंडिया
लखनऊ। समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल की ओर से उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पर की गई टिप्पणी के बाद से लगातार सपा व भाजपा के नेताओं के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को एक्स पर लिखा कि परिवारवादी समाजवाद अब पूरी तरह से लठैतवाद में बदल चुका है। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि समाजवादी पार्टी के लोगों की ओर से उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पर की गई टिप्पणी अंदर तक झकझोर देने वाली है। समाजवादी पार्टी के लोगों ने उत्तर प्रदेश में संवैधानिक रूप से निर्वाचित एक व्यक्ति, जिसे जनता ने चुनकर भेजा है और जो उप मुख्यमंत्री के दायित्वों के माध्यम से प्रदेशवासियों की सेवा कर रहा है, उसकी मां को गाली दी है, यह बहुत ही निंदनीय है।

## आरसीपी ने अपनी पार्टी का जनसुराज में किया विलय



टीम एक्शन इंडिया
पटना। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी बदलने और पार्टी के विलय करने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस सिलसिले में रविवार को जदयू से अलग होकर आरसीपी सिंह ने अपनी बनायी पार्टी आसा का विलय प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज में कर दिया। पत्रकार सम्मेलन का आयोजन कर दोनों पार्टियों के प्रमुख ने आज पटना में विलय की जानकारी दी और दोनों नेताओं ने जदयू और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जोरदार हमला बोला। प्रशांत किशोर ने आरसीपी सिंह के जनसुराज संग आने को

चुनाव की तैयारी

▢ जदयू से अलग होकर आरसीपी सिंह ने अपनी बनायी पार्टी आसा का विलय जनसुराज में कर दिया

नीतीश कुमार के खिलाफ एक मजबूत गठजोड़ बताते हुए कहा कि कमजोर नीतीश कुमार को गिद्ध की तरह नोचा जा रहा है। जदयू में जो लोग खुद को नेतृत्वकर्ता कहते हैं, वे नीतीश कुमार को कितना सहयोग करते थे, यह सबको पता है।

# इसरो का 101वां मिशन फेल..

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपना 101वां मिशन ईओएस-09 लॉन्च होने के कुछ समय बाद नाकाम हो गया। यह मिशन शहरी नियोजन और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा था। इसरो के मुताबिक अंतरिक्ष में इस उपग्रह को भेजने का मकसद वैज्ञानिकों को सटीक तस्वीरें हाई रिजाल्यूशन तस्वीरें मुहैया कराना था, जिससे आपदा प्रबंधन आसान होता। बता दें कि पीएसएलवी सी-61 रॉकेट का प्रक्षेपण 5.59 बजे हुआ था।

**इसरो चीफ ने जारी किया बयान**



अंतरिक्ष एजेंसी के अध्यक्ष वी नारायणन ने कहा कि इसरो रविवार को पीएसएलवी-सी61 रॉकेट पर पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का प्रक्षेपण नहीं कर सका, क्योंकि इसके तीसरे चरण में कुछ तकनीकी खामी आ गई थी, जिसका अवलोकन किया जा रहा है। इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने

नाकाम

▢ अंतरिक्ष में भेजा गया जासूसी सैटेलाइट कुछ मिनटों में हुआ नाकाम, हर मौसम में हाई रिजाल्यूशन तस्वीरें खींचना था मकसद

कहा कि आज हमने PSLV-C61 के प्रक्षेपण का प्रयास किया। इसमें 4 चरण होते हैं। पहले 2 चरणों में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन रहा। तीसरे चरण के दौरान हमने अवलोकन देखा... मिशन पूरा नहीं हो सका। हम संपूर्ण प्रदर्शन का अध्ययन कर रहे हैं।

# बाढ़ से क्षतिग्रस्त लारजी जल विद्युत परियोजना फिर से हुई कार्यशील

टीम एक्शन इंडिया
शिमला। कुल्लू जिले की 126 मेगावाट क्षमता वाली लारजी जल विद्युत परियोजना को दो वर्ष से भी कम समय में पूरी तरह बहाल कर दोबारा कार्यशील कर दिया गया है। यह परियोजना 9 और 10 जुलाई 2023 को ब्यास नदी में आई भीषण बाढ़ के चलते बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे विद्युत उत्पादन पूरी तरह रुक गया था। परियोजना की बहाली राज्य सरकार की तत्परता, कुशल नेतृत्व

बहाल किया

▢ लारजी जल विद्युत परियोजना को दो वर्ष से भी कम समय में पूरी तरह बहाल कर दोबारा कार्यशील कर दिया गया

और विभागीय समर्पण से संभव हो पाई है, जिससे बड़े आर्थिक नुकसान से प्रदेश को बचाया जा सका। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु के नेतृत्व में सरकार ने सबसे पहले इस परियोजना की मरम्मत के लिए 25 करोड़ रुपये की राशि जारी की। इसके बाद 35 करोड़ और फिर 185.87 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की गई। मुख्यमंत्री ने परियोजना की बहाली में जुटे हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के अभियंताओं और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की।


## पीएम करेंगे 103 रेलवे स्टेशनों के सुदृढ़ीकरण कार्यों का लोकार्पण

टीम एक्शन इंडिया
बीकानेर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 22 मई, गुरुवार को बीकानेर जिले के दौरे पर आएंगे। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने यात्री सुविधाओं के दृष्टिगत रेलवे स्टेशनों के सुदृढ़ीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। बीकानेर में प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान मोदी देश के 103 स्थान पर रेलवे स्टेशनों का सुदृढ़ीकरण कार्यों का लोकार्पण करेंगे।

मेक इन इंडिया ▸ बेंगलुरु में फॉक्सकॉन का आईफोन मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट तैयार, इसी साल जून की शुरूआत से हो सकता है शिपमेंट

# भारत में आईफोन का दूसरा प्लांट तैयार

टीम एक्शन इंडिया
बेंगलुरुः आईफोन को लेकर भारत के लिए एक अच्छी खबर सामने आ रही है। भारत में आईफोन बनाने का दूसरा प्लांट भी तैयार हो चुका है। ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन इसी साल जून के महीने से भारत में बने आईफोन की शिपमेंट शुरू कर सकती है। कर्नाटक के वाणिज्य एंव उद्योग मंत्री एमबी पाटिल ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि बेंगलुरु के देवनहल्ली में बना फॉक्सकॉन का नया प्लांट लगभग तैयार है। जून की शुरुआत में आईफोन की कमर्शियल सप्लाई शुरू हो सकती है।



**300 एकड़ जमीन पर बना नया प्लांट**

बता दें कि ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर आईफोन बनाती है। वहीं, फॉक्सकॉन ने आईफोन की मैन्यूफैक्चरिंग के लिए देवनहल्ली के सूचना प्रौद्योगिकी निवेश क्षेत्र में 300 एकड़ जमीन पर अपना नया प्लांट स्थापित किया है।

**कर्नाटक के मंत्री ने किया एलान**

एमबी पाटिल का कहना है कि एप्पल के सीईओ टिम कुक ने ज्यादातर आईफोन भारत में बनाने का फैसला किया है। वहां तक कि अमेरिका में बिकने वाले अधिकांश आईफोन भारत में ही बनेंगे। एमबी पाटिल के अनुसार, कर्नाटक पूरी दुनिया में सुर्खियां बटोर रहा है और एक कन्नण व्यक्ति के रूप में यह मेरे लिए गर्व की बात है।

**कर्नाटक के मंत्री एमबी पाटिल ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा-**

फॉक्सकॉन का यह कदम न सिर्फ मैन्यूफैक्चरिंग में मील का पत्थर साबित होगा बल्कि इससे रणनीतिक बदलाव भी देखने को मिलेगा। भारत जल्द ही आईफोन के उत्पादन का केंद्र बन जाएगा।

